ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 4, अंक 115, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 13

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 14


## 'सरकारी परिवार' को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

## लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं।

# काम में जुटी मोदी सरकार, नए मंत्रियों ने संभाला पदभार

नई दिल्ली, एजेंसी

### दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए। कुछ लोगों ने प्रार्थना के साथ कार्यभार संभाला तो कुछ ने समर्थकों की नारेबाजी के बीच।



कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

राजग 3.0 ने चुनाव परिणामों के एक सप्ताह बाद 'कार्यभार संभाला' जिसमें गठबंधन को 293 सीटों के साथ बहुमत मिला, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से अधिक था। भाजपा को हालांकि 240 सीटें मिलीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभालने के बाद नड्डा से मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब से गरीब लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय और सरकार का मुख्य उद्देश्य बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला। मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पदभार ग्रहण किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वह संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। नई महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया।






# मानसून से पहले एसटीपी प्लांट व पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट हो

### मुख्यमंत्री धामी ने मानसून के दृष्टिगत तैयारियां करने के निर्देश दिए

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मानसून के दृष्टिगत 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की जाए। एसटीपी प्लांट व पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट सुनिश्चित किया जाए। मानसून सीजन में मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए हेली एंबुलेंस की व्यवस्था रखी जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आगामी मानसून की तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि से पिछले सालों में क्या चुनौतियां सामने आई और किन-किन क्षेत्रों में अधिक आपदाएं आई एवं इस तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए शासन और जनपद स्तर पर क्या तैयारियां की गई हैं, इसका पूरा एक्शन प्लान प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी लोगों तक समय पर पहुंचे।



अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

- त्वरित राहत एवं बचाव को हेलीकॉप्टर की व्यवस्था हो
- अल्मोड़ा के सरियापानी में खुलेगी एसडीआरएफ की बटालियन
- बरसाती नदी और नाले उफान पर आते हैं वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से प्लान बना कर रखे जाएं

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपदों में ऐसे क्षेत्र जहां भू-स्खलन की समस्याएं रहती हैं, उन्हें चिन्हित कर जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं करवाने की आवश्यकता है, समय पर की जाएं। जिन क्षेत्रों में बरसाती नदी और नाले उफान पर आते हैं, उनके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से प्लान बना कर रखे जाएं। अतिवृष्टि के कारण फसलों को होने वाले नुकसान का तुरंत आकलन कर मानकों के अनुसार यथाशीघ्र क्षतिपूर्ति की जाए। आपदा की स्थिति में रिस्पांस टाइम कम से कम रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के दृष्टिगत त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था रखी जाए। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सीएम ने अल्मोड़ा जनपद के सरियापनी में एसडीआरएफ बटालियन खोलने के निर्देश दिए। पिछले वर्ष के जो कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किए गए हैं, उन्हें 15 जून तक पूर्ण किया जाए।

## चारधाम यात्रा में पांच तीर्थयात्रियों की मौत



**ब्यूरो, देहरादून।** चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की मौत का सिलसिला जारी है। मंगलवार को केदारनाथ, बदरीनाथ व यमुनोत्री धाम में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारधाम यात्रा में अब तक 110 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

- अब तक 110 श्रद्धालुओं की हो चुकी मौत

केदारनाथ और बदरीनाथ में मंगलवार को चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। इसमें दो मौत केदारनाथ में व दो मौत बदरीनाथ में हुई हैं। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 54 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं बदरीनाथ में 25 और गंगोत्री में आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। इधर, यमुनोत्री में धाम की यात्रा पर गुजरात से आई एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। यमुनोत्री धाम में अब तक 24 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हुई है। इस बार चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में बेहद उत्साह है। शुरुआत में तो श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते सारी व्यवस्था चरमरा गई थी। सरकार की तरफ से यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, लेकिन ज्यादातर मौतें हृदयगति रुकने से हुई हैं।

## पिथौरागढ़ में कार गहरी खाई में गिरी, दो की मौत



पिथौरागढ़ के धारचूला-तवाघाट मार्ग पर खाई में गिरी कार। ● अमृत विचार

ब्यूरो, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के दूरस्थ इलाके धारचूला क्षेत्र में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। धारचूला से तवाघाट जा रही कार बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गई। जिससे कार में सवार 12 साल के बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई।

घटना मंगलवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे के आसपास है। पुलिस के मुताबिक कार सवार लोग धारचूला से तवाघाट जा रहे थे। तभी रोगती पुल से आगे जीरो प्वाइंट के पास अचानक अनियंत्रित हुई कार सीधे गहरी खाई में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही धारचूला पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल कार सवार लोगों को खाई से बाहर निकला और पास के हॉस्पिटल लेकर गए।

डॉक्टरों ने सुमित कुवर (32) निवासी खेला और 12 वर्षीय आदित्य को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल 8 साल के स्पर्श को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है। दुघर्टना के कारण का पता नहीं चल सका है।

## एक नजर

### हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता हिरासत में

**बेंगलुरु।** प्रमुख कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कथित हत्या के एक मामले में हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, दर्शन और 13 अन्य को भी हिरासत में लिया है और उनसे रेणुकास्वामी नामक व्यक्ति की कथित हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है जिसका शव नौ जून को यहां मिला था। आरोप है कि एक फार्मा कंपनी में काम करने वाले रेणुकास्वामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा के खिलाफ अश्लील टिप्पणी की थी। अभिनेत्री दर्शन की दोस्त बताई जाती है।

### बंदूक की दुकान पर विस्फोट में दो की मौत

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर शहर के सविना थाना क्षेत्र में बंदूक की एक दुकान पर मंगलवार दोपहर में विस्फोट होने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि क्षेत्र में सविना सबसिटी सेंटर में आर्म्स एनिमेशन की दुकान राजेन्द्र देवपुरा एंड कंपनी पर अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट में दुकान का मालिक राजेन्द्र देवपुरा एवं दुकान में काम करने वाला कारीगर की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दुकान के खिडकी एवं दरवाजे टूट गए।

### आठ किग्रा हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर सीमा पार से मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और उनके कब्जे से आठ किलोग्राम हेरोइन, एक .30 बोर की पिस्तौल, .30 बोर के 26 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के गांव झंजोटी निवासी गुरसाहिब सिंह, अमृतसर के गांव भकना कलां निवासी साजन सिंह और अमृतसर के कोट खालसा निवासी सतनाम सिंह के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने मारुति स्विफ्ट कार और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की है।

## पर्यटकों की कार बनी आग का गोला, पुलिस ने बचाई 6 की जान

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** नेहरू कॉलोनी में चलती कार आग का गोला बन गई। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सक्रियता दिखाते हुए कार में फंसे 6 लोगों को बाहर निकाला, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। कार सवार बिजनौर से देहरादून घूमने के लिए आए थे।

नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में बिजनौर के पर्यटक कार से सहस्त्रधारा घूमने जा रहे थे। तभी विधानसभा तिराहे के पास एक कार में एकाएक आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी, जिससे उसमें सवार फंस गए। कार में आग लगते ही आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने की जुगत में लग गए। पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। कार में छह लोग सवार थे। इस बीच वहां पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। मुख्य मार्ग पर कार में आग लगने से यातायात भी बाधित रहा। लेकिन पुलिस कर्मियों की सक्रियता से जनहानि से बचाव हो गया।



## विवि में दो बार प्रवेश देने की अनुमति होगी : यूजीसी

**नई दिल्ली।** देश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं।

## प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर नाम के आगे मोदी का परिवार हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- नरेंद्र मोदी ने समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा मोदी का परिवार हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है। प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव प्रचार के माध्यम से, पूरे भारत के लोगों ने मेरे प्रति स्नेह दिखाते हुए अपने सोशल मीडिया खातों में अपने नाम के साथ मोदी का परिवार जोड़ा। मुझे इससे बहुत ताकत मिली।

उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लगातार तीसरी बार बहुमत दिया है, जो एक रिकॉर्ड है और यह हमें अपने राष्ट्र की भलाई के लिए काम करते रहने का जनादेश है। उन्होंने कहा कि मैं अनुरोध करता हूं कि अब आप अपने सोशल मीडिया खाते से मोदी का परिवार हटा दें। यह बदलाव हो सकता है, लेकिन भारत की प्रगति के लिए प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट बना हुआ है।

## ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने आज ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। फिक्की ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि विज 1993 में फिक्की में शामिल हुईं, विभिन्न पदों पर काम कर चुकी हैं और वर्तमान में फिक्की की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा कि विज की नई भूमिका में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।



# नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।

पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।

# वीआईपी सुरक्षा से हटाई जाएंगी एनएसजी और आईटीबीपी

नई दिल्ली, एजेंसी

### बड़े बदलाव की उम्मीद : महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी

नए मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किए जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा।



#### 2012 से बन रही एनएसजी को दायित्व मुक्त करने की योजना

एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्यों से मुक्त करने की योजना 2012 से ही बनाई जा रही है, जब एनएसजी कमांडरों ने एक ऐसी स्थिति का अनुमान लगाया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों पर एक ही समय पर आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडो को विभिन्न दिशाओं में भेजना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने एनएसजी को नया रूप देने और इसके कर्मियों का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निकट और देश के दक्षिणी भाग में स्थित महत्वपूर्ण संपदा के आसपास कुछ अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की 'हमलावर टीम' को तैनात करने का निर्णय लिया है। वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी को हटाए जाने पर, दो दशक से अधिक समय बाद 'ब्लैक कैट' कमांडो को इस दायित्व से मुक्त किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्टि व्यक्तियों (वीआईपी) की सुरक्षा ड्यूटी से 'ब्लैक कैट' कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है। एनएसजी कमांडो के निकट सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हैं।

## एक नजर

### जंगल की आग से जलीं तीन स्कूटी

**नैनीताल :** ज्योलीकोट के समीप सड़ियाताल के जंगलों में मंगलवार की सुबह 10 बजे भीषण आग लग गई। आग तेज होने के कारण गांव तक पहुंच गई। जिसे बुझाने में ग्रामीणों ने प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझी। जंगल की आग के कारण तीन स्कूटी जल गईं। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद 10 कर्मचारियों को मौके पर भेज दिया गया था।

### महिला एसआई पर मारपीट करने का आरोप

**नैनीताल, अमृत विचार :** पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष निशांत कुमार ने तल्लीताल थाने की महिला एसआई पर मारपीट करने का आरोप लगाया। निशांत ने मामले में कुमाऊं आयुक्त व एसएसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद एसएसपी ने तल्लीताल एसओ रमेश बोहरा को मामले की जांच के निर्देश दिये। इस पर एसओ ने महिला एसआई और छात्र नेता को बुलाकर दोनों की बात सुनी। आखिर में दोनों में समझौता हो गया। ज्ञापन देने वालों में छात्रसंघ अध्यक्ष उत्कर्ष बिष्ट, राहुल, भावेश, दीपक आर्या, काशी सिंह रावत, मनोज शामिल रहे।

### गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग

**गरमपानी :** गांवों में खेती-बाड़ी चौपट होने के बाद अब पशुपालन पर संकट गहरा गया है। गुलदार मवेशियों को मार रहा है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। समीपवर्ती बजोल, बमस्यूं, डौरब, बजीना गांव में गुलदार के एक के बाद एक मवेशी को ढेर करने से पशुपालक चिंता में है। खैरना-रानीखेत स्टेट हाईवे पर ताड़ीखेत ब्लॉक के तमाम गांवों में गुलदार की घुसपैठ चिंता का कारण बन गई है। पिछले कुछ दिनों में ही गुलदार ने बजोल, बमस्यूं, बजीना व डौरब आदि गांवों में कई गोवंशीय पशु व बकरियों को निवाला बना डाला है।

# जोंस एस्टेट का जल स्रोत सूखने के कगार पर

## भीमताल में और गहरा सकता है पेयजल संकट, निर्माण कार्यों से जल स्रोतों पर पड़ रहा असर, अंकुश की मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल झील में पानी को लेकर संकट बरकरार है। एक तरफ झील लगातार सूख रही है। दूसरी तरफ झील के मुख्य स्रोत में दो वर्ष से पानी नहीं आ रहा है। झील का एक और जल स्रोत सूखने के कगार पर है। जिससे क्षेत्र में पानी का संकट गहरा सकता है।

मुख्य जल स्रोत जोंस एस्टेट में है, जिसमें से 24 घंटे पानी अप्रत्यक्ष रूप से भीमताल झील में जाता है। वर्तमान में जल स्रोत में पानी कम होने लगा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक क्षेत्र में शीघ्र निर्माण कार्यों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में स्रोत से पानी निकलना बंद हो जाए। क्षेत्र में कई जगहों पर वैध व अवैध निर्माण किये जा रहे हैं। जिसके चलते जल स्रोत के पानी पर असर पड़ रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से शीघ्र जल स्रोत से जुड़े क्षेत्रों में निर्माणों पर अंकुश लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में राजकमल, रवि कुंजवाल, प्रेम रावत, राकेश टम्टा, कमल पाठक शामिल रहे।



अघरिया में पानी के नलों की स्थिति।

**24** घंटे पानी निकलकर अप्रत्यक्ष रूप से भीमताल झील में जाता है, मुख्य जल स्रोत जोंस एस्टेट में है




कुमाऊं आयुक्त को ज्ञापन सौंपते सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट।

### अघरिया में पेयजल समस्या से ग्रामीण परेशान

**भीमताल :** ग्राम सभा अघरिया में वर्षों से पेयजल किल्लत बनी है। ग्रामीण जल संस्थान के अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली है। ग्रामीण प्रदीप कुमार, दीपा देवी, दीप चंद्र, चंद्रा देवी, पंकज कुमार, विमला देवी ने बताया कि कर्मचारी और जनप्रतिनिधि कुछ नहीं कर रहे हैं, जिस कारण समस्या जस की तस है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को पेयजल कनेक्शन तो विभाग ने दिए हैं, लेकिन नलों में पानी आ रहा है। बताया कि अवर अभियंता जल संस्थान हरीश द्विवेदी का कहना है कि अपनी लाइन को उपभोक्ता स्वयं ठीक करें। इस पर उपभोक्ता ठीक कर रहे हैं तो दूसरे दिन जल संस्थान के कर्मचारी उन लोगों को पेयजल उपलब्ध कर रहे हैं, जिन लोगों ने पेयजल कनेक्शन नहीं लिए हैं। ग्रामीणों को दो किमी दूर से सिर पर पानी लाना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि जिन लोगों के कनेक्शन हैं उनको जल संस्थान के कर्मचारी पानी नहीं दे रहे हैं। कर्मचारी लाइनों में अवरोध लगा कर पानी बंद कर दे रहे हैं।

### पानी को लेकर कुमाऊं आयुक्त से लगाई गुहार

**भीमताल :** नगर व आसपास के क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट के नेतृत्व में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। उन्होंने कुमाऊं आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की। बताया कि रामनिवास और पांडे गांव में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है। प्रत्येक दिवस विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जाता है पर अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री पोर्टल में भी कई लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है पर समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है। ज्ञापन देने वालों में चंद्र प्रकाश पांडे, राजेन्द्र प्रसाद, खुशाल सिंह भी शामिल रहे।



काठगोदाम स्थित गौला बैराज में घटा पानी। ● अमृत विचार

# गौला बैराज में पानी कम होने से सिंचाई प्रभावित

संवाददाता, हल्द्वानी

**चिंताजनक**

▸▸ मंगलवार को गौला बैराज का जलस्तर 50 क्यूसेक पहुंचा

**अमृत विचार :** काठगोदाम स्थित गौला बैराज का जल स्तर लगातार घट रहा है। जिस कारण काश्तकार सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी न मिलने से परेशान हैं। बैराज से हर चौथे दिन एक सिंचाई नहर में पानी छोड़ा जा रहा है। आमतौर पर सिंचाई के लिए रोजाना 110 क्यूसेक पानी की आवश्यकता होती है। मगर बैराज में पानी की कमी के चलते नहरों में 50 फीसदी तक पानी की कटौती की जा रही है।

मंगलवार को गौला बैराज का जलस्तर 51 क्यूसेक से घटकर 50 क्यूसेक पहुंच गया। इसके चलते बैराज से जल संस्थान को 30 क्यूसेक और सिंचाई विभाग की नहरों को 20 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की गई है। गौला नदी का जलस्तर कम होने से सिंचाई विभाग की चिंता बढ़ने लगी हैं। सिंचाई विभाग के जेई मनोज तिवारी ने बताया कि भाबर क्षेत्र की सिंचाई गौला नदी से निकलने वाली दो प्रमुख नहरों के जरिए होती है। इन नहरों से इलाके की 14 ब्रांच नहरों के जरिए किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है। इसमें गौलापार पोषक नहर से पश्चिमी खेड़ा और पूर्वी खेड़ी की 2 नहरों में सिंचाई को पानी दिया जाता है। इन नहरों से सेला भाबर, मदनपुर, सुंदरपुर व ज्वाला पोखरी तक पानी जाता है। गौलापार पोषक नहर से कठघरिया, देवलचौड़, लालकुआं की नहरों में पानी छोड़ा जाता है। जबकि कठघरिया से बच्ची नगर, कमलुवागांजा, लोहरियासाल, कुसुमखेड़ा, ईसाई नगर, फतेहपुर, लामाचौड़ नहरों के जरिए सिंचाई होती है। देवलचौड़ नहर से आनंदपुर, फुटकुआं, करायल, छड़ायल तक नहरें जाती है। लालकुआं नगर से जयपुर, हल्दूचौड़, देवरामपुर, धनपुर, इंद्रपुर क्षेत्र की सिंचाई होती है।

### गर्मी में सूख रहे हलक टैंकर भी लोगों को नहीं दे पा रहे पर्याप्त पानी

**हल्द्वानी :** भीषण गर्मी में पानी के संकट से लोगों के हलक सूख रहे हैं। वहीं जल संस्थान की ओर से पेयजल संकटग्रस्त इलाकों में लगाए गए टैंकरों के भी पसीने छूट रहे हैं। एक टैंकर 3 से 4 बार चक्कर लगा रहा है, लेकिन इसके बाद भी पर्याप्त मात्रा में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। दमुवाढूंगा, गौलागेट, इंदिरानगर, करायल जौलासाल, राजपुरा, ईसाई नगर, भगवानपुर, बच्चीनगर समेत दर्जनों इलाकों में लोग टैंकरों के भरोसे ही अपनी प्यास बुझा रहे हैं। लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिलने के चलते निजी टैंकर या फिर दूरदराज तक का सफर तय करना पड़ रहा है।

# तीन हफ्तों से नहीं आ रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में पेयजल का हाहाकार बढ़ता जा रहा है। रिहायशी कॉलोनियों के बाद मुक्तिधाम श्मशान घाट में भी पानी की किल्लत हो गई है। यहां तीन हफ्तों से पानी नहीं आया है। मुक्तिधाम समिति ने पानी की आपूर्ति की मांग की है।

मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंप कर कहा कि मुक्तिधाम स्थल राजपुरा में पिछले तीन हफ्तों से पानी आपूर्ति नहीं हो रही है।

इस वजह से अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों, सेवादार को कई कामों में परेशानी हो रही है। पानी नहीं होने से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने पानी की आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है, ताकि श्मशान घाट की सफाई व अन्य दैनिक कार्यों में दिक्कत नहीं हो।

# टंगूयूडा गांव में पानी के लिए हाहाकार

संवाददाता, गरमपानी

**दिक्कत**

▸▸ बारिश न होने से सूखने के कगार पर पहुंचे प्राकृतिक जलस्रोत


▸▸ पेयजल संकट से मवेशियों को भी दूरदराज ले जा रहे पशुपालक

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के टंगूयूडा गांव में बूंद-बूंद पानी को हाहाकार मचा है। ग्रामीण खुद के खर्चे से प्लास्टिक पाइप खरीद कर प्राकृतिक जल स्रोत से गांव तक पानी पहुंचाने की जुगत में जुटे हैं। कई दिनों से नलों में पानी की बूंद तक नहीं टपकी है। ग्राम प्रधान हरीश चंद्र ने पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई है।

तापमान बढ़ने के साथ ही गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। बारिश न होने से प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं।

बूंद-बूंद पानी के लिए गांवों में हाहाकार मच गया है। कई गांवों के बाशिंदे दो तीन किमी दूर से तक पानी ढोने को मजबूर हैं। घिरोली ग्राम पंचायत के टंगयूडा गांव में भी हालात विकट हो चुके हैं। पशुपालन मवेशियों को भी दूरदराज ले जाकर उनके हलक तर करवा रहे हैं।

ग्रामीण प्लास्टिक के पाइप के सहारे गांव तक पानी पहुंचाने की जुगत में जुटे हैं पर समुचित पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों ने शीघ्र समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



भूस्खलन क्षेत्र चार्टन लॉज। ● अमृत विचार

# चार्टन लॉज क्षेत्र में गनी बैग से भूस्खलन रोकने की कोशिश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सितम्बर 2023 को चार्टन लॉज क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था, जिसमें तीन मकान ढह गए थे और दर्जनों मकानों में दरारें आ गई थीं। जिसके बाद प्रशासन ने लगभग 24 परिवारों को चार्टन लॉज से स्थानांतरित किया था। लोक निर्माण विभाग की ओर से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा के लिए गनी बैग और तिरपाल लगाई गई। कुछ समय बीतने के बाद स्थानांतरित किए गए परिवार वापस अपने घरों में रहने लगे हैं।

करीब नौ माह बीतने के बाद भी प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्र को अनदेखा किया जा रहा है। संबंधित विभागों की ओर से कोई स्थाई उपाय नहीं किया जा रहा है। मानसून से पहले भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में कोई उपचार कार्य नहीं किया गया तो क्षेत्र के दर्जनों परिवारों को खतरा हो सकता है।

### जल्द किया जाएगा क्षेत्र का निरीक्षण

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि स्थाई उपचार करने के लिए आईआईटी रुड़की, पीएचडीसी और आपदा सचिव भूस्खलन क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। आचार संहिता के चलते निरीक्षण नहीं हो पाया था जल्द ही क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। जिसके बाद लोनिवि डीपीआर तैयार करेगा। जिससे चार्टन लॉज क्षेत्र का स्थाई उपचार किया जाएगा।

# नौले-धारों को बचाने का उपाय ढूंढें वैज्ञानिक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्यपाल व कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में निदेशकों और संकायाध्यक्षों से अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सभी निदेशकों एवं संकायाध्यक्षों ने अपने-अपने संकायों में किए जा रहे शोध, नवाचारों, और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिए।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में भूजल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। विश्वविद्यालय भूजल स्तर को बढ़ाने के उपाय खोजे। उत्तराखंड के पारंपरिक जल स्रोतों, नौलों को बचाने के भी वैज्ञानिक समाधान ढूंढ़ें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय टूरिस्ट एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट पर भी शोध करें और इस चुनौती हेतु अपने ठोस सुझाव दें। राज्यपाल ने कहा कि कुमाऊं का क्षेत्र अध्यात्म, साहित्य और संस्कृति के लिए पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान रखता है। विश्वविद्यालय यहां के अध्यात्म, साहित्य और संस्कृति एवं मानसखंड के ऐतिहासिक महत्व और भविष्य की संभावनाओं हेतु भी शोध करे। बैठक में राज्यपाल ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ नए विचारों और तकनीकों को अपनाने के लिए संकायाध्यक्षों को भी प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की कई उपलब्धियों के लिए कुलपति सहित विश्वविद्यालय प्रशासन की सराहना की। इससे पूर्व राज्यपाल ने डीएसबी परिसर स्थित हिमालयन संग्रहालय का निरीक्षण किया। संग्रहालय में संग्रहित वस्तुओं को देख राज्यपाल ने प्रसन्नता जताई। राज्यपाल ने एक्सपर्ट कमेटी के सुझाव के आधार पर इसे प्रधानमंत्री संग्रहालय की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। कुलपति प्रो. दीवान एस रावत, परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, कुलसचिव दिनेश चन्द्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत, मुख्य कुलानुशासक प्रो. एचसीएस बिष्ट ने पुष्प गुच्छ देकर राज्यपाल का स्वागत किया।



डीएसबी परिसर में संग्रहालय को देखते राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह।

### पंजाब से नैनीताल आये बुजुर्ग पर्यटक की मौत

**नैनीताल :** पंजाब से नैनीताल परिवार के साथ पहुंचे एक पर्यटक की मौत ही गई है। जानकारी के अनुसार 73 वर्षीय नेत्र प्रकाश अपने परिवार के साथ पंजाब से नैनीताल घूमने पहुंचे थे। सोमवार को वह तल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में ठहरे थे। शाम को लगभग आठ बजे उनकी तबीयत बिगड़ी और वह मूर्छित हो गए। आनन-फानन में उन्हें बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत की वजह हार्ट अटैक लग रही है। मौत के स्पष्ठ कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चल पाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बिरला संस्थान के पूर्व निदेशक का निधन, शोक

**भीमताल :** बिरला संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर एके पंत (80 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी तथा तीन पुत्रियां व दामाद हैं। अंतिम संस्कार चित्रशिला घाट रानीबाग में किया गया। उनके निधन पर बिरला संस्थान भीमताल में शोक सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान रजिस्ट्रार डॉ. हेम पांडे ने कहा कि प्रो. पंत के योगदान को संस्थान कभी नहीं भूलेगा। चेयरमैन डॉ. बीएस बिष्ट, निदेशक प्रो. बीके सिंह, अभय कुमार शर्मा, डॉ. संदेश त्रिपाठी, डॉ. नीरज बिष्ट, डॉ. देवेन्द्र मिश्रा, प्रेम सिंह कुल्याल समेत कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने शोक व्यक्त किया।

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं का होगा निराकरण

**गरमपानी :** बेतालघाट में पूर्व सैनिकों की बैठक में समस्याओं पर चर्चा हुई। जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी कर्नल (सेनि)रमेश सिंह ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों व उनके स्वजनों को सम्मानित भी किया गया। बैठक में पेंशन, स्पर्श, ईसीएचएस व कैंटीन का मुद्दा जोर-शोर से उठा। संचालन अवकाश प्राप्त सूबेदार जगमोहन सिंह ने किया। यहां कुबेर सिंह, पूरन सिंह, अनूप सिंह, मोहन गिरी, नंद लाल, देवेंद्र सिंह, शिवराज बिष्ट रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

**उम्मीद** अजय टम्टा के केंद्रीय सड़क व परिवहन राज्य मंत्री बनने से जगी विकास की आस, लोगों में खुशी की लहर

# भीमताल विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का होगा कायाकल्प

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** अजय टम्टा को केंद्रीय सड़क और परिवहन राज्य मंत्री बनाये जाने से भीमताल विधानसभा की सड़कों और परिवहन का कायाकल्प होने की आस जगी है।

क्षेत्र की सड़कों की हालत जग जाहिर है। आये दिन वाहन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई ग्राम सभाएं ऐसी हैं, जहां के लोग लंबे समय से मोटर मार्ग निर्माण की मांग कर रहे हैं। अल्मोड़ा लोकसभा सीट से विजयी अजय टम्टा केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री बने हैं तो स्थानीय लोगों को उनसे अपनी मांग को लेकर विशेष आस जगी है।

### इन योजनाओं पर शीघ्र कार्य होने की आस



1- भीमताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग का चौड़ीकरण।
2- रोडवेज बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय निर्माण।
3- धारी, रामगढ़, ओखलकांड़ा में परिवहन बसों का संचालन।
4- अन्य ब्लाकों में रोडवेज बस अड्डों का निर्माण।
5- सड़कों के किनारे सुरक्षात्मक कार्य, जिससे दुघर्टनाओं से बचा जा सके।
6- हर वर्ष सड़कों की रखरखाव के कार्य।

### बोले जनप्रतिनिधि



अजय टम्टा को केंद्र में मंत्री बनाये जाने से कुमाऊं को खासकर भीमताल विधानसभा को इसका लाभ मिलेगा। सड़के चौड़ी होंगी और यातायात जाम के लिए कारगर योजनाओं में कार्य होगा। रोडवेज बस अड्डे का निर्माण शीघ्र होगा। **- मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा



टम्टा के केंद्र में मंत्री बनने से निश्चित तौर पर सड़कों की हालत सुधरेगी। दुर्घटनाओं में अंकुश लगेगा। शीघ्र ही शिष्टमंडल सड़क और परिवहन की अन्य समस्याओं को लेकर उनसे मुलाकात करेगा और समस्याओं के समाधान की मांग करेगा। **- अखिलेश सेमवाल**, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता



आशा है कि केंद्र के द्वारा ऐसी योजनाएं बनाई जाएंगी, जिससे क्षेत्र की जनता को यातायात जाम की स्थिति से नहीं जूझना पड़ेगा। जाम की समस्या को लेकर शीघ्र ही शिष्टमंडल मंत्री से मिलेगा। **- राहुल जोशी**, एडवोकेट



निश्चित तौर पर सड़कें चौड़ी होंगी। भीमताल विधानसभा में जहां-जहां सड़कें नहीं पहुंच सकी हैं। वहां सड़कें पहुंचेंगी। लोगों की मांग के अनुरूप सड़कों के निर्माण को निवेदन किया जाएगा। **- दान सिंह भंडारी**, पूर्व विधायक भीमताल



छोटा कैलाश मार्ग की दशा सुधरेगी। यात्रियों को सुविधा मिलेगी। नियमित तौर पर बसों का संचालन होगा। क्षेत्र की परिवहन से संबधित समस्याओं का निदान होगा। **- उमेश पलडिया**, अध्यक्ष छोटा कैलाश विकास समिति

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

### आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 42.1° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 07.12 |

## एक नजर

### राज्यपाल को राजभवन में दिखे दो गुलदार

**नैनीताल :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने राजभवन स्थित गोल्फ मैदान में दो गुलदारों को घूमते हुए देखा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में गुलदार की फोटो और वीडियो साझा करते हुए राज्यपाल ने लिखा है कि हमारे मित्र राजभवन गोल्फ कोर्स में घूमते हुए। राज्यपाल द्वारा साझा की गई फोटो में एक गुलदार गोल्फ मैदान के बीचों-बीच बने पौंड में पानी पीता नजर आ रहा है। वहीं दूसरा गुलदार गोल्फ मैदान के हरे भरे मैदान में घूमता हुआ नजर आ रहा है।

### एसटीएच के पास ठेला लगाने को हुई हाथापाई

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) के पास ठेला लगाने के लिए अब आपसी संघर्ष शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह दो पक्षों में जमकर हाथापाई और कहासुनी हुई। एक पक्ष ने मामले में पुलिस को तहरीर भी दी है। करीब 15 दिन पहले नगर निगम ने अस्पताल के पास से अतिक्रमण हटा दिया था। इसके बाद यहां नए सिरे से लोग अतिक्रमण कर रहे हैं। एक तथाकथित ठेकेदार और पार्षद के इशारे पर ही यहां फड़ व ठेले लगने दिये जाते हैं। मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति जब ठेला लगाने पहुंचा तो उससे अन्य ठेले वालों की कहासुनी हुई। मामला हाथापाई तक पहुंच गया है। डहरिया निवासी एक युवक ने इस मामले में पुलिस को तहरीर भी सौंपी है।

### शराब संग युवक दबोचा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने एक युवक को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बनभूलपुरा पुलिस ने बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बनभूलपुरा के पास एक युवक को कच्ची शराब बेचते हुए पकड़ा। युवक के पास मिले थैले से देसी शराब के 57 पव्वे बरामद हुए। युवक ने अपना नाम चन्दन सिंह कार्की पुत्र अमर सिंह निवासी सीएमटी कॉलोनी डहरिया बताया।

### आगामी 15 जून को लगने वाले कैंची धाम मेले को लेकर प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बनाई रणनीति

# भवाली के लिए हल्द्वानी और काठगोदाम से चलेगी शटल बस सेवा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कैंची धाम में 15 जून को प्रस्तावित मेले के मद्देनजर श्रद्धालुओं को सहूलियत देने के मकसद से जिला प्रशासन ने हल्द्वानी व काठगोदाम से शटल बस सेवा चलाने का फैसला लिया है। यह शटल सेवा मेले के एक दिन पूर्व 14 जून से शुरू हो जाएगी।

मंगलवार की शाम काठगोदाम स्थित पर्यटक आवास गृह में प्रशासन, पुलिस, परिवहन निगम व परिवहन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में 15 जून को प्रस्तावित मेले में बसों, ट्रेनों से आने वाले श्रद्धालुओं को भवाली पहुंचाने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में तय हुआ कि हल्द्वानी बस अड्डे से 10 बसें शटल सेवा में चलाई जाएंगी। ये बसें श्रद्धालुओं को भवाली सैनिटोरियम छोड़कर वापस आएंगी।

इसी तरह ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए काठगोदाम रोडवेज वर्कशॉप से शटल बस सर्विस चलाई जाएंगी। यहां भी 10-15 बसें शटल सर्विस में रहेंगी और श्रद्धालुओं को भवाली सैनिटोरियम तक छोड़कर आएंगी। यह शटल सेवा मेले से एक दिन पूर्व 14 जून की दोपहर 2 बजे से शुरू हो जाएगी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, आरटीओ संदीप सैनी, एआरएम सुरेंद्र बिष्ट, सीओ नितिन लोहनी, तहसीलदार सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।



**14** जून की दोपहर 2 बजे से शुरू हो जाएगी शटल सेवा

**10** बसें काठगोदाम रोडवेज वर्कशॉप से चलेंगी

### परिवहन विभाग ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट

**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में कैंची मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में पुलिस ने शटल सेवा के लिए 500 छोटे वाहन व 100 बसों की मांग की थी। इसके बाद परिवहन विभाग ने पुलिस से पूछा है कि वाहन मुहैया कराने के लिए निर्धारित प्वाइंट और प्वाइंट वार वाहनों की संख्या बताएं, ताकि उक्त स्थान पर वाहन उपलब्ध कराए जा सकें। आरटीओ प्रशासन संदीप सैनी ने बताया कि पुलिस ने जितने वाहन मांगे हैं, उपलब्ध कराए जाएंगे। हमने पुलिस से रिपोर्ट मांगी है कि कौन से प्वाइंट पर कितने वाहन उपलब्ध कराने हैं। इसकी रिपोर्ट मिलते ही वाहन उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

### भव्य होगा कैंची मेला, मोर्चे पर होंगी महिला कर्मी

**हल्द्वानी :** कैंची धाम मेले में पुलिस के साथ पहली बार दमकल की महिला कर्मियों को भी तैनात किया जाएगा। चूंकि गर्मी ज्यादा होगी और आग लगने की संभावनाएं होंगी। इसलिए बड़ी संख्या में दमकल कर्मियों के साथ फायर टेंडर तैनात किए जाएंगे। सोमवार को कैंची धाम मेले की सुरक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत की अध्यक्षता में हुई पुलिस व प्रशासन की बैठक में दमकल की भूमिका भी तय की गई। कैंची धाम पार्किंग, प्रसाद स्थल, अल्मोड़ा मार्ग और नैनीताल मार्ग पर चार फायर टेंडर खड़े किए जाएंगे। मंदिर परिसर में भी अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों के साथ दमकल की एक टीम तैनात होगी। 5, 3 और 2 हजार लीटर के फायर टेंडर खड़े किए जाएंगे। इसके साथ ही सीएफओ गौरव किरार और एफएसओ मनिंदर पाल सिंह सहित 20 से ज्यादा अग्निशमन अधिकारी व कर्मचारी के साथ एक दर्जन महिला फायरमैन तैनात होंगी। दमकल के अन्य छोटे वाहन, बाइक पिकेट व रेस्क्यू वैन, फोम टैंडर आदि को स्टैंडबाई पर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### राजकीय महाविद्यालयों में नई फीस निर्धारित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालयों में छात्रों की नई फीस निर्धारित कर दी गई है। अब स्नातक में प्रवेश लेने पर 1871 और स्नातकोत्तर में 1878 रुपये फीस देनी होगी। उप सचिव ब्योमकेश दुबे ने मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग के प्रभारी निदेशक को भेजे पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी है।

परीक्षा शुल्क पहले की तरह विश्वविद्यालय के नियमानुसार ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय ऑनलाइन जमा किया जाएगा। क्रीड़ा शुल्क का विश्वविद्यालय अंश, महासंघ शुल्क, विवि सांस्कृतिक परिषद शुल्क आदि विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित किया जाएगा और परीक्षा शुल्क के साथ जमा किया जाएगा। शासकीय सहायता से संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का शुल्क भी इसी तरह लिया जाएगा।

# पूर्व सीओ व मुखानी थानाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमे का आदेश

### अनुसूचित जाति की महिला की शिकायत पर दर्ज नहीं किया था मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति की महिला से घर में घुस कर मारपीट करने के मामले में लापरवाही पुलिस को भारी पड़ गई। मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज न होने पर पीड़िता न्यायालय पहुंच गई। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी के साथ तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी और मुखानी थानाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

पनियाली निवासी प्रमिला देवी ने इस मामले में न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश से शिकायत की थी। मामले में प्रमिला की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जफर सिद्दीकी ने बताया कि प्रमिला अपने दो बेटों के साथ रहती है। गिरीश चंद्र तिवारी ने उसके बेटे पंकज को एक जमीन में निवेश का झांसा देकर पैसे ऐंठे और ब्लैंक चेक ले लिया। ठगी का एहसास होने पर पंकज ने गिरीश के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया, जो न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि इसी वाद को वापस लेने के लिए गिरीश दबाव बना रहा था। 4 जनवरी 2023 को गिरीश उस वक्त घर में घुस आया, जब प्रमिला के दोनों बेटे घर पर नहीं थे। महिला को बाल से पकड़ कर घसीटा, गालियां दी और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। प्रमिला शिकायत लेकर मुखानी पुलिस के पास पहुंची। जिसके बाद तत्कालीन क्षेत्राधिकारी ने मामले की जांच की, लेकिन मुकदमा फिर भी दर्ज नहीं हुआ। जिसके बाद महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने गिरीश चंद्र तिवारी पर अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 452, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी माना कि तत्कालीन मुखानी थानाध्यक्ष और तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी ने अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया।

**मामला**

- गिरीश चंद्र तिवारी ने घर में घुसकर की थी महिला से मारपीट
- न्यायालय ने दिए मुकदमा दर्ज करने के आदेश

> हमारे पास अभी कोर्ट का आदेश नहीं आया है। कोर्ट की प्रति प्राप्त होते ही कोर्ट के आदेशानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> **– प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी नैनीताल

### किसी दूसरे जिले के एसएसपी करेंगे मामले की जांच

**हल्द्वानी :** तीनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश के साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस मामले की जांच एसएसपी करेंगे। जांच किसी तरह से प्रभावित न हो, इसलिए एसएसपी दूसरे जिले के होंगे। फिलहाल इस मामले में अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। मुकदमा दर्ज होने के बाद यह साफ होगा कि किस जिले के एसएसपी मामले की जांच करेंगे।

### खनन घोटाले में राज्य सरकार से मांगा जवाब

**नैनीताल, अमृत विचार :** राज्य में गलत खनन नीति से करोड़ों के खनन घोटाले की जांच सीबीआई से कराए जाने की अर्जेंसी एप्लीकेशन पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई की अगली तिथि 3 जुलाई है।

आरटीआई कार्यकर्ता रवि शंकर जोशी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि तत्कालीन सरकार की गलत नीतियों से राजकोष को 1500 करोड़ से ज्यादा की हानि हुई है। सूचना अधिकार से मिले आंकड़ों के अनुसार, खनन नीति में हुए परिवर्तन से राजकोष को 1500 करोड़ की चपत लगी। इस मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाशीध रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सीबीआई व राज्य सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा।

इसके विरोध में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। इसके बाद याचिकाकर्ता जोशी ने अर्जेंसी एप्लीकेशन लगाई। सुनवाई के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार से खनन घोटाले की जांच को हुई कार्रवाई का ब्योरा मांगा है।

# बजेड़ी गांव में जंगल की आग से धधका जूनियर हाईस्कूल

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के बजेड़ी गांव में जंगल की आग ने विद्यालय को भारी नुकसान पहुंचाया। आग की लपटों ने गांव में स्थित राजकीय जूनियर हाईस्कूल के भवन को चपेट में ले लिया। आग कार्यालय व कक्षा कक्षों तक फैल गई। विद्यालय में रखे कागजात व अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया।

बजेड़ी गांव से सटे जंगल में सुबह आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप ले लिया। आग की लपटों के आबादी की ओर रुख करने से हड़कंप मच गया। गांव के लोग घरों से बाहर निकल आए। अफरा-तफरी के बीच लोग आग बुझाने में जुट गये। आबादी तक पहुंची आग को काबू ही किया था की गांव के नजदीक स्थित राजकीय जूनियर हाईस्कूल का भवन आग की लपटों से घिर गया। महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे हर कोई पानी लेकर विद्यालय की ओर दौड़े। विद्यालय परिसर से उठ रही आग की लपटों ने ग्रामीणों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। कक्षा कक्षों व प्रधानाचार्य कक्ष में भीषण आग धधक गई। लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया पर सफलता नहीं मिल सकी। आखिरकार ग्रामीणों ने खिड़की दरवाजे तोड़ चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बामुश्किल आग पर काबू पाया। आग से विद्यालय में कम्प्यूटर, अभिलेख व फर्नीचर जलाकर राख हो गया।

विद्यालय भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पुलिस व प्रशासन को भी भेजी गई। नायब तहसीलदार भुवन चंद्र भंडारी, एएसआई हरी राम, वन दरोगा योगेश बोहरा ने मय टीम के साथ मौका मुआयना किया।

इधर, प्रधानाचार्य नारायण राम ने बताया कि नुकसान का आंकलन तैयार किया जा रहा है। आंकलन तैयार कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।



बजेड़ी गांव में आग लगने से धधकता राजकीय जूनियर हाईस्कूल। ● अमृत विचार

**अग्निकांड**

- फर्नीचर, कम्प्यूटर, अभिलेख समेत अन्य सामान जला
- आबादी तक पहुंची आग को कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया

# मौसम : हल्द्वानी में उष्ण लहर का कहर बरकरार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंगलवार को भी लोग लू के थपेड़ों और गर्मी से परेशान रहे। सुबह होने के साथ ही मौसम गर्म होना शुरू हो गया था। शाम होने के बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली थी।

गर्मी का कहर बरकरार है। मौसम विभाग ने पहले ही अनुमान जता दिया था कि लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। मंगलवार को बीच-बीच में बादल छा रहे थे, लेकिन कुछ देर बाद फिर से धूप निकल रही थी। शाम के समय भी मौसम गर्म था। दिन में तेज की धूप की वजह से बाजार में भी कम भीड़ थी। अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार मैदानी इलाकों में 16 जून तक बारिश होने का कोई अनुमान नहीं है। पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में बारिश हो सकती है। मैदानी इलाकों में इसी तरह से तपिश रहेगी। इधर, पर्वतीय इलाकों में अपेक्षाकृत मौसम गर्म है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां भी दिन के समय तेज धूप निकल रही है।



# ब्रेक लगने से ट्रक की छत से गिरा युवक, मौत

**घटना**

- जीजा के साथ कबाड़ लेकर मुरादाबाद जा रहा था अरमान कालाढूंगी इलाके में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जीजा के साथ कबाड़ खरीद कर मुरादाबाद जा रहा साला ट्रक की छत पर बैठा था। अचानक ब्रेक लगने से वह ट्रक की छत से नीचे सड़क पर गया और अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जाहिदपुर देवीपुरा मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अरमान (18 वर्ष) पुत्र रिहासत अपने जीजा फरमान के साथ मुरादाबाद स्थित भोजपुर पीपड़ में कबाड़ का काम करता था। अरमान के चाचा फिरासत ने बताया कि दोनों कबाड़ खरीदने हल्द्वानी आये थे।

सोमवार को कबाड़ खरीद कर उसे ट्रक पर लोड किया और मुरादाबाद के लिए निकल पड़े। रात करीब डेढ़ बजे कालाढूंगी इलाके में अचानक चालक ने ब्रेक लगा दिए और छत पर बैठा अरमान सड़क पर जा गिरा। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एसटीएच पहुंचाया, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के चाचा फिरासत ने बताया कि युवक चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसका सबसे बड़ा भाई दिव्यांग है।

### मिट्टी के चूल्हे से झुलसी महिला की मौत

**हल्द्वानी :** घर में मिट्टी के चूल्हे पर खाना पकाने के दौरान झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार पुष्पा देवी (64 वर्ष) पत्नी मथुरा दत्त निवासी दीना भुजान रानीखेत करीब एक महीना पहले खाना बनाने के दौरान आग में झुलस गई। उसे पास के अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान उसे छुट्टी दे दी गई। 10 दिन बाद उसकी तबियत दोबारा बिगड़ी तो उसे 13 मई को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सोमवार रात उसकी मौत हो गई।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**हल्द्वानी :** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। राजू ढाली (35 वर्ष) पुत्र स्व. रंजन ढाली निवासी नेताजी नगर दिनेशपुर छह जून को अपने दोस्त के साथ कहीं गया था। दोस्त तो घर पहुंच गया, लेकिन राजू घर नहीं पहुंचा। उसके परिजन उसे ढूंढ रहे थे। उधर, 108 एंबुलेंस उसे रामपुर रोड से घायल अवस्था में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंची। यहां अज्ञात में उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने आधार कार्ड से युवक की पहचान कर परिजनों से संपर्क किया। सोमवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

# पेड़ काटने के मामले में पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हरे-भरे सेमल के पेड़ को काटने के षड्यंत्र में शामिल पटवारी पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। हालांकि क्या कार्रवाई की जाती है यह देखने वाली बात होगी। निष्पक्ष जांच हुई तो पटवारी के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी फंस सकते हैं।

ग्राम सभा अर्जुनपुर के हरिपुर पूर्णानंद गांव जाने वाली मुख्य सड़क किनारे यह पेड़ है, जो सिंचाई विभाग की जमीन पर है। सेमल के साथ यहां सिरस का पेड़ भी है। इन पेड़ों की वजह से सड़क की ओर खुलने वाली एक भूमि की कीमत कम हो गई है। भूमि स्वामी ने तहसीलदार के नाम प्रार्थना पत्र लिखकर पेड़ काटने की अनुमति मांगी। मौके पर पटवारी पहुंचा और उसने रिपोर्ट में यह लिख दिया कि पेड़ भूमि मालिक की भूमि पर है। इस पर तहसीलदार ने पेड़ काटने की अनुमति दे दी और भूमि मालिक ने एक ठेकेदार मकसूद रियासत से पेड़ का सौदा कर दिया। 17 मई को पेड़ काटना शुरू किया गया। उसी दिन मामला अधिकारियों तक पहुंचा और कटाई पर रोक लगा दी गई। अब अधिकारी भी यह मान रहे हैं कि इसमें पटवारी दोषी है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं की गई।

> मामले की जांच की जा रही है, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> **– पारितोष वर्मा**, उप जिलाधिकारी

**बदहाल व्यवस्था** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भीड़ की वजह से बन रहे हालात, लोग हो रहे परेशान

# एनआईसीयू में नवजातों को भर्ती करने के लिए जगह नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में नवजातों को भर्ती करने के लिए जगह नहीं है। यहां पहले से ही सभी बेड पर नवजात भर्ती हैं। इस वजह से अन्य लोग परेशान हो रहे हैं।

एसटीएच में 24 बेड का एनआईसीयू है। एक बार में 24 बच्चों को ही भर्ती किया जा सकता है। एनआईसीयू में उन बच्चों को भर्ती किया जाता है, जिन्हें जन्म के बाद गहन चिकित्सा की जरूरत होती है। बच्चों के उपचार में यह चिकित्सा पद्धति बहुत ही कारगर है। ज्यादातर मामले में गर्भ में कम समय लेने के बाद पैदा हुए बच्चों को एनआईसीयू की जरूरत पड़ती है। एसटीएच में इस समय सभी बेडों पर बच्चों को भर्ती किया गया है।

हल्द्वानी निवासी सुमित की पत्नी का प्रसव होना था। उसे महिला अस्पताल से एसटीएच रेफर किया गया। यहां चिकित्सकों ने कहा कि वह प्रसव करवा देंगे, लेकिन प्रसव के बाद बच्चे को एनआईसीयू में भर्ती करना पड़ेगा और अस्पताल में जगह नहीं है। ऐसे में अन्य कहीं जगह व्यवस्था करा लें। आर्थिक रूप से ज्यादा सक्षम नहीं होने की वजह से वह परेशान है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि एसटीएच के अलावा हल्द्वानी के किसी भी सरकारी अस्पताल में एनआईसीयू नहीं है। इस वजह से अगर नवजात को एनआईसीयू में भर्ती करना पड़ता है तो केवल एसटीएच ही विकल्प है। निजी अस्पतालों की बात करें तो कई निजी स्वास्थ्य केंद्रों में एनआईसीयू की सुविधा है, लेकिन नवजात को भर्ती करने में यहां काफी धनराशि खर्च करनी पड़ती है, जो हर किसी के बस की बात नहीं है।





> बच्चों को उपलब्ध बेड पर भर्ती किया जाता है। अन्य सरकारी अस्पताल में एनआईसीयू नहीं होने की वजह से कुछ परेशानी होती है। **–डॉ. अरुण जोशी,** प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

### 12 से 24 बेड किए फिर भी नहीं सुधरे हालात

एसटीएच में पहले 12 बेड का एनआईसीयू था, जिसे बढ़ाकर बाद में 24 बेड का कर दिया गया। उसके बाद भी यहां बच्चे को भर्ती करने के लिए मारा-मारी होती है। वहीं राजकीय महिला अस्पताल में भी एनआईसीयू बनाया गया है, लेकिन स्टाफ की कमी की बात कहकर इसे शुरू नहीं किया गया है। महिला अस्पताल में भी प्रसव के बाद अगर किसी बच्चे को एनआईसीयू की जरूरत पड़ती है तो उसे एसटीएच भेजा जाता है। इस वजह से वहां प्रतीक्षा सूची लंबी होती जा रही है।

# हल्द्वानी में सड़क चौड़ीकरण मामले में मांगी प्रगति रिपोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के सड़क चौड़ीकरण के मामले में सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

मंगलवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार ने जवाब पेश कर कहा कि सड़क पर फैले मलबे को हटा दिया गया है। इसकी रिपोर्ट तीन दिन के भीतर कोर्ट में पेश की जाएगी। इसपर कोर्ट ने पूर्व में जिन व्यवसायियों को राहत दी थी उसको अगले आदेश तक बढ़ाते हुए प्रगति रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश करने को कहा है। पूर्व में कोर्ट ने 66 अतिक्रमणकारियों को इस मामले में राहत दी थी।

हल्द्वानी की नया सवेरा सोसायटी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि यह कार्यवाही 29 दिसंबर 2023 से शुरू हुई। इसके तहत हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने और सड़क चौड़ीकरण का काम ठीक से नहीं किया जा रहा है। इसमें प्रशासन ने महज खानापूर्ति की है। इस कारण मंगल पड़ाव और बस अड्डा अभी भी जैसा का तैसा बना हुआ है। प्रशासन लापरवाहीपूर्ण और भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहा है, जिससे क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण हो रहा है। यह भी आरोप लगाया गया कि अतिक्रमण के नाम पर कुछ लोगों को महज नोटिस जारी कर औपचारिकता की है।

### उचक्कों ने महिला के गले से मंगलसूत्र उड़ाया

**लालकुआं, अमृत विचार :** मोटाहल्दू में बाइक सवार उचक्कों ने झपट्टा मारकर महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र उड़ा लिया और फरार हो गए। बीते दिवस पदमपुर देवलिया गांव में शाम के समय जयंती परिहार सड़क किनारे लगे कूड़ा दान में कूड़ा डाल रही थी तभी बाइक सवार युवक गले से मंगलसूत्र झपट कर फरार हो गये। घटना के दौरान लाइट गुल थी। बाइक सवारों का जयंती के पति नरेश परिहार ने काफी दूर तक पीछा किया, परंतु वह हाथ नहीं लगे। पीड़िता ने घटना की सूचना हल्दूचौड़ पुलिस चौकी और कोतवाली लालकुआं को दी। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बाइक सवारों की तलाश की जा रही है।

# मानसून के दौरान समन्वय से कार्य करें सभी अधिकारी

## सीएम धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से दिए अधिकारियों को निर्देश

**संवाददाता, नैनीताल**



मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की आपदा की बैठक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मानसून को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मानसून और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने मंडलायुक्त व सभी जिलाधिकारियों को 15 जून से पहले मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये। कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती कर जिम्मेदारी तय की जाये। उन्होंने मानसून सीजन के दृष्टिगत मरीजों और गर्भवतियों के लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से सभी गर्भवतियों को चिन्हित कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि आपदा के समय उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपातकाल की स्थिति में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि भारी बारिश के दौरान नदियों, रपटों, नालों व गधेरों में तेज बहाव के कारण कई बार हादसे देखने को मिलते हैं। कई वाहन बह जाते हैं। पिछले वर्ष ढेला, सूर्यानाला, शेरनाला आदि नालों में कई बार ऐसी घटना देखने को मिली हैं। उन्होंने रपटों, नालों में को चिन्हित करने की बात कही। जिस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों, पुलिस और संबंधित विभाग को संवेदनशील इलाकों, आपदा प्रभावित स्थानों, रपटों को चिन्हित करने तथा पुलिस फोर्स तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेड लगाने की बात कही।

## राम का नाम जपने से बड़ी विपदाओं का होता है नाश

**लालकुआं :** श्री हंस प्रेम योग आश्रम संजय नगर बिंदुखत्ता में मंगलवार से तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ हो गया। इस अवसर महात्मा सत्यबोधानंद ने कहा कि राम नाम के जप मात्र से बड़ी से बड़ी विपदाओं का नाश हो जाता है। धर्म एवं आध्यात्म से कलिकाल में व्याप्त बुराइयों का दूर किया जा सकता है। महात्मा प्रचारिका बाई महात्मा तारामती बाई ने कहा कि श्री रामचरित मानस वह अलौकिक ग्रंथ है, जिसमें ज्ञान भक्ति, कर्म, वैराग्य, सदाचार, सद्भावना, प्रेम, सौहार्द, विवेक बुद्धि सब कुछ समाया हुआ है। इस अवसर पर भगवान दास वर्मा, कन्हैया सिंह, स्वामीनाथ पंडित, भोगराज सिंह, ओमप्रकाश, देव सिंह राणा, रवि कुमार, ध्यान सिंह रावत, गोविंदी देवी, मोहन चंद्र भट्ट, हंसी रावत, रामादेवी रहे।

## सफलता के लिए शक्ति की आराधना जरूरी : जोशी

**नैनीताल :** मां नयना देवी मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा के व्यास आचार्य मनोज कृष्ण जोशी ने भगवान श्रीराम के चरित्र का श्रवण कराया। कहा कि बिना शक्ति के शक्तिमान की भी सत्ता नहीं होती। सूर्य में प्रकाशिका शक्ति है, तभी वे हमें प्रकाश देते हैं। शक्ति का मतलब ही जीवन है। भगवान श्री राम ने भी शक्ति की आराधना की। कथा से पूर्व सुमन साह, अमिता साह, मंजू रौतेला, मीनू बुडलाकोटी, मुन्नी भट्ट आदि ने सुन्दरकांड का सामूहिक पाठ किया।

## सार-संक्षेप



नैनीताल के डीएसए मैदान में गोल के लिए जूझते हॉकी खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### काशीपुर, सुल्तानपुर और बहराइच ने जीते मुकाबले

**नैनीताल :** डीएसए मैदान में आयोजित 99वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता में मंगलवार को तीन मैच खेले गए। पहला मुकाबला काशीपुर इलेवन और एसएस बाराबंकी के बीच खेला गया। जिसमें काशीपुर इलेवन ने 9-1 से बढ़त बनाते हुए मुकाबला जीता। दूसरा मुकाबला डीएचए सुल्तानपुर और एकेएसएस मुरादाबाद के बीच हुआ। जिसमें सुल्तानपुर ने मुरादाबाद को 4-1 से पराजित किया। तीसरा मुकाबला गुरूनानक हॉकी क्लब बरेली और डीएचए बहराइच के बीच खेला गया। इस मुकाबले को बहराइच ने 1-0 से जीता। रेफरी लाल खान, अजय और मोहित रहे। तकनीकी समिति में दीपक साह, ललित साह, आशु बोरा, राजेश साह, विरेंद्र साह रहे। इस दौरान हॉकी सचिव आलोक चौधरी, जीएल साह, सीएल साह, मुकुल जोशी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, रवि जोशी, धर्मेंद्र शर्मा, एनडी बिष्ट, संजय कुमार, मनोज बिष्ट रहे।



मंत्री गणेश जोशी को सम्मानित करते बिन्दुखत्ता भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी।

### समस्याओं के निदान को कैबिनेट मंत्री से मिले पूर्व सैनिक

**लालकुआं :** विभिन्न मांगों को लेकर भूतपूर्व सैनिक संगठन ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर समस्याओं का निदान करने की मांग की। पंतनगर में भेंट के दौरान पूर्व सैनिकों ने मंत्री से लालकुआं में बस स्टॉप बनाने, बिंदुखत्ता में मिलिट्री कैंटीन के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा विद्युत कटौती से भी अवगत कराया। जिस पर मंत्री जोशी ने समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। मिलने वालों में अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट, चंचल सिंह कोरंगा, सुंदर सिंह खनका, नरसिंह रावत, दलबीर सिंह कफोला, प्रकाश मिश्रा, रणजीत सिंह गढ़िया, दिनेश देवराड़ी मौजूद रहे।

### नंदन रावत बने प्रदेश संगठन मंत्री

**हल्द्वानी :** देहरादून स्थित जल भवन में पेयजल तकनीकी व फील्ड कर्मचारी संगठन (प्रादेशिक) की बैठक हुई। इसमें पेयजल तकनीकी-फील्ड कर्मचारियों ने सदस्या ग्रहण की और पदाधिकारी नियुक्त किए गए। फील्ड कर्मचारी संगठन हल्द्वानी के इकाई के शाखा सचिव धरम सिंह नेगी ने बताया कि इसमें नंदन रावत को प्रदेश संगठन मंत्री, विमल भंडारी को मंडलीय अध्यक्ष गढ़वाल और आशीष रावत को प्रांतीय प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सीआरपीएफ सेंटर में 14 को लगेगी पेंशन अदालत

**हल्द्वानी :** सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शंकर दत्त पांडे ने बताया कि पेंशन एवं पेशनरों से संबंधित शिकायतों, समस्याओं के समाधान के लिए प्रथम पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अदालत सीआरपीएफ के काठगोदाम स्थित ग्रुप केन्द्र में 14 जून को सुबह 11 बजे से लगेगी। उन्होंने सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त समस्त पेंशनरों से पेंशन अदालत का लाभ उठाने का आग्रह किया है।



मंदिर का गेट बंद होने के कारण खिड़की से हनुमान के दर्शन करते लोग।

### हिंदू धर्मशाला का गेट बंद, खिड़की से करने पड़ रहे दर्शन

**हल्द्वानी :** हिंदू धर्मशाला प्रबंधन ने धर्मशाला परिसर में एक हनुमान मंदिर बनाया। प्रत्येक मंगलवार को सैकड़ों श्रद्धालु इस मंदिर में दर्शन करने व प्रसाद चढ़ाने जाते हैं। मंगलवार शाम को हिंदू धर्मशाला का मेन गेट बंद कर दिया। इस से श्रद्धालु मंदिर के अंदर नहीं जा सके और वे खिड़की से ही प्रसाद चढ़ाने व दर्शन को मजबूर रहे। खिड़की के दूसरी तरफ पुजारी पूजा अर्चना व प्रसाद चढ़ा रहे थे। खिड़की के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। ऐसे में श्रद्धालुओं को हनुमान जी के दर्शन भी नहीं हो सके। इसको लेकर श्रद्धालुओं में आक्रोश नजर आया। इस संबंध में अध्यक्ष विपिन गुप्ता का कहना है कि धर्मशाला के प्रबंधक की ड्यूटी रात 8 बजे समाप्त हो जाती है। फिर वह धर्मशाला का गेट बंद कर चला जाता है।

### नीरज अग्रवाल सभा के तीसरी बार अध्यक्ष बने

**हल्द्वानी :** नीरज प्रभात गर्ग को तीसरी बार अग्रवाल महासभा का अध्यक्ष बनाया गया है। आलू-फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन के सदस्यों ने एसोसिएशन में लगातार 25 सालों से कोषाध्यक्ष के पद पर रहे नीरज को शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष कैलाश जोशी ने कहा कि नीरज प्रभात गर्ग ने तीसरी बार अग्रवाल सभा का अध्यक्ष बनकर सभी व्यापारियों का मान बढ़ाया है। बधाई देने वालों में जीवन सिंह कार्की, भुवन चंद्र तिवारी, केशव दत्त पलड़िया, दीपक यादव, नंदा बल्लभ ब्रजवासी, सज्जाद अली, चंदन बिष्ट आदि रहे।

### कोसी नदी में पानी कम होने से सिंचाई का संकट

**रामनगर :** कोसी नदी का जल स्तर कम होने से सिंचाई के लिए पानी की कमी से विभाग के सामने दिक्कतें आने लगी हैं। मंगलवार को कोसी नदी का जलस्तर 64 क्यूसेक पहुंच गया। जून 2021 में कोसी नदी का जलस्तर 56 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया था। 20 दिन पूर्व पहाड़ों पर बारिश से कोसी नदी का जलस्तर 105 क्यूसेक पहुंच गया था। पिछले चार-पांच दिने से लू चलने से भी पानी में गिरावट आई है। कोसी नदी का जलस्तर गिरने से गांवों में सिंचाई के लिए दिए जाने वाले पानी के लिए रोस्टर प्रणाली फिर से लागू हो गई है।



कार्यशाला का शुभारंभ करते बिक्रीकर अधिकारी मितेश्वर आनंद।

### संगीत शिक्षा जीवन के लिए नितांत जरूरी : मितेश्वर

**रामनगर :** प्राइमरी स्कूल दुर्गापुरी में चल रही संगीत, नृत्य, नाट्य कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए बिक्रीकर अधिकारी मितेश्वर आंनद ने संगीत को जीवन के लिए जरूरी बताया। कहा कि कार्यशाला में बच्चे जो भी संगीत सीख रहे हैं अभिभावकों को भी उन्हें घर में उसका अभ्यास करना जरूरी है तभी इस विधा में बच्चे पारंगत हो सकेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष नीमा मठपाल ने कहा कि विद्यालय में बच्चों में अवकाश के दिनों में रचनात्मक और सृजनात्मक कार्य कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस दौरान संगीत प्रशिक्षक प्रकाश कोतवाल, रंजना भट्ट, अंजू अग्रवाल, दीपा कोटिया, अनीता गौड़, कल्पना शर्मा, तारा सती, ममता नयाल, ललित बिष्ट, राजा सत्यवली, पंकज, कुनाल, पंकज कोहली, कंचन ललित बिष्ट, विजय जमवाल मौजूद रहे।

## अवैध पार्किंग से लोगों की फजीहत

**नैनीताल, अमृत विचार :** पुलिस ने नगर में जाम से निपटने के लिए कई क्षेत्रों को नो पार्किंग जोन घोषित किया है। इसके बावजूद तल्लीताल से लेकर मल्लीताल चीना बाबा तक जगह-जगह सड़क में अवैध रूप से वाहन खड़े किए जा रहे हैं। जिससे यातायात भी बाधित हो रहा है।

लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है, इसके बावजूद अवैध पार्किंग से निजात नहीं मिल रही है। मल्लीताल कोतवाली के ठीक सामने गाड़ी पड़ाव में वाइन शॉप व खाने पीने की दुकानों के चलते लोग बाइकें सड़क पर खड़ी कर देते हैं, जिससे अक्सर यातयात बाधित रहता है। वही बड़ा बाजार को पैदल जाने वाले लोगों को भी काफी फजीहत उठानी पड़ती है

# साहित्य के प्रति उदासीनता चिंताजनक

**सवांददाता, रामनगर**



गोष्ठी में मौजूद सहित्यकार प्रमोद दीक्षित व साहित्य प्रेमी।

**अमृत विचार :** बांदा उत्तर प्रदेश से हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार, समालोचक व समीक्षक प्रमोद दीक्षित 'मलय' ने रामनगर भ्रमण के दौरान साहित्य व रंगमंच प्रेमियों से मुलाकात की। साथ ही सम्पन्न गोष्ठी में हिंदी साहित्य के प्रति युवाओं का रुझान कम होने पर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में जहां इंटरनेट और मोबाइल का युग है, वहां आज युवाओं का हिंदी साहित्य से विमुख होना न केवल हिंदी साहित्य को एक बड़ी क्षति है, बल्कि यह चिंता का विषय है। सरकार, बुद्धिजीवियों व अभिभावकों व शिक्षकों को इस दिशा में गहन चिंतन की जरूरत है। गोष्ठी में मलय ने उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जीवन की कठिनाइयों पर पीड़ा जाहिर की। वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै ने पुराने कवियों, लेखकों निराला, मैथलीशरण गुप्त, दिनकर, महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत को आज हाशिये पर रख दिये जाने पर चिंता जताते हुए उनके साहित्य से भी नई पीढ़ी को जागरूक करने पर जोर दिया। शिक्षक दिनेश रावत ने विद्यालय में स्थानीय लोगों के साथ विद्यालय में शिक्षा सम्बन्धी गतिविधियों को आगे ले जाने के सयुंक्त प्रयास के बारे में बताया गया। वरिष्ठ साहित्यकार सगीर अशरफ की शानदार शेरो-शायरी ने सबका दिल जीत लिया। मलय के मित्र लेखक गोरखपुरवासी दुर्गेश्वर राय ने भी बचपन को लेकर कविता से मंत्रमुग्ध किया।

# भूमि विवाद को लेकर हुआ हंगामा

**संवाददाता, रामनगर**



मौके पर लोगो को समझाती पुलिस।

**अमृत विचार :** पीरूमदारा मुख्य बाजार से दो किलोमीटर दूर गुमानपुर चौराहे पर शिवा फार्म भूमि विवाद के चलते मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। बताया जाता है कि दिल्ली निवासी कुलदीप सिंह शिवा का सालों से पीरूमदारा में शिवा फार्म है। उन्होंने काफी समय पहले अपनी भूमि किसी व्यक्ति को देख-रेख के लिए दी थी।

आरोप है कि जब कुलदीप सिंह शिवा ने अपनी भूमि को खाली करने के लिए केयर टेकर से कहा तो वह न नुकर करने लगा। इस पर भूमि स्वामी ने भारी लाव लश्कर के साथ पहुंच कर अपनी भूमि से अतिक्रमण हटा लिया है। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ रही। उप निरीक्षक राजेश जोशी के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरी सतर्कता बरतते हुए लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को चाक चौबंद बनाए रखा। उपनिरीक्षक राजेश जोशी ने बताया कि अभिलेखों के आधार पर भूमि कुलदीप सिंह शिवा की है। कब्जा धारक के विरोध करने पर उनसे न्यायालय में अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है।


## खस्ताहाल सड़क बनी लोगों के लिए मुसीबत

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** कालाढूंगी से मूसाबंगर तक पांच किलोमीटर सडक गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिस कारण दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। सड़क की हालत ने राहगीरों की परेशानियां बढ़ा दी हैं।

कोटाबाग ब्लॉक मुख्यालय के अधिकतर प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि इसी सड़क से गुजरते हैं पर किसी को सड़क के गड्ढे नजर नहीं आते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल ने गड्ढों पर पेचिंग न कर पूरी सड़क पर डामरीकरण करने की मांग की है।

# हाईकोर्ट की अवमानना पर मांगी अनुपालन रिपोर्ट

**विधि संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से नगर पालिका, नगर निगम व अन्य निकायों के कार्यकाल के छह माह बीतने के बाद भी चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने राज्य सरकार को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए अनुपालन रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका में सचिव आरके सुधांशु व नितिन भदौरिया को पक्षकार बनाया है।

अवमानना याचिकाकर्ता राजीव लोचन साह ने याचिका में कहा कि राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया। पूर्व में राज्य सरकार ने दो बार कोर्ट में बयान दिया था कि राज्य सरकार 2 जून 2024 तक निकायों का चुनाव करा लेगी, लेकिन अभी तक चुनाव नहीं कराए गए हैं। यह एक संवैधानिक संकट है, देश का संविधान इसकी अनुमति नहीं देता है। अगर किसी वजह से राज्य सरकार तय समय के भीतर चुनाव नहीं करा पाती उस स्थिति में केवल छह माह के लिए प्रशासकों को नियुक्त करके प्रशासनिक काम हो सकते हैं। हालांकि इस बीच चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो जानी चाहिए। राज्य सरकार ने चुनाव कराने के बजाय प्रशासकों का कार्यकाल दोबारा बढ़ा दिया, जो कि हाईकोर्ट के आदेश, संविधान व राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में दिए गए बयान के विरुद्ध है। इसलिए सरकार पर हाईकोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही की जाए। मामले के अनुसार नैनीताल निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह ने जनहित याचिका दायर कर कहा था कि नगर पालिकाओं व नगर निकायों का कार्यकाल दिसंबर में समाप्त हो गया है। कार्यकाल समाप्त होने के एक सप्ताह बाद भी सरकार ने चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। उल्टा निकायों में प्रशासक नियुक्त कर दिए हैं।

## मृतक आश्रितों को मुआवजा देने पर जवाब दें डीएम

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बनभूलपुरा में नजूल भूमि पर बनी मस्जिद व मदरसा हटाने के दौरान हुई हिंसा में दो मृतकों के आश्रितों व घायलों को मुआवजा दिलाने को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की रिपोर्ट के आधार पर स्वत: संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करने के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने नैनीताल डीएम व एसएसपी से इस मामले की जांच कर रिपार्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार उच्च न्यायलय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के 19 फरवरी 2024 के पत्र का स्वत: संज्ञान लिया। इस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पास घटना के दौरान मृत व घायलों को मुआवजा देने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। पत्र में कहा गया था कि घटना के समय दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि दो लोग गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद मृतकों के परिवारों के सामने रोजीरोटी का संकट खड़ा हो गया है। लिहाजा उनके परिजनों को मुआवजा दिलाया जाए। गंभीर घायलों को भी मुआवजा दिया जाए। इस पर हाईकोर्ट ने डीएम व एसएसपी से जवाब पेश करने को कहा है।

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944






# नीट परीक्षा में धांधली से आक्रोश, सरकार का पुतला फूंका

## हल्द्वानी और रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, सरकार पर लगाया चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी/रामनगर


हल्द्वानी बुद्ध पार्क में भाजपा सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


रामनगर में सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नीट परीक्षा में धांधली, टोल टैक्स और दूध के दामों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षाफल की सीबीआई से जांच कराने की मांग उठाई।

मंगलवार को बुद्ध पार्क में प्रदर्शन के दौरान हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि नीट परीक्षा में भारी अनियमितताओं के साथ अपनों को रेवड़ी बांटने और चहेतों को लाभ पहुंचाने का जो खेल चल रहा है, उसके खिलाफ कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को नीट परीक्षाफल धांधली प्रकरण में तत्काल सीबीआई जांच करानी चाहिये। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में धांधली से सभी भारतीयों का सिर शर्म से झुक गया है। जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना भाजपा का शौक बन गया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने टोल टैक्स और दूध के दामों में हुई बढ़ोत्तरी को वापस लेने की भी मांग की। प्रदर्शन व पुतला दहन के दौरान हेमंत बगड़वाल, नरेश अग्रवाल, मलय बिष्ट, मुकुल बल्यूटिया, योगेश जोशी, हेमंत साहू, जाकिर हुसैन, मधु सांगुड़ी, कमला सनवाल, शोभा बिष्ट, राधा आर्य, मीमांशा आर्य, विमला सांगुड़ी, महेशानंद, विनोद कुमार, हेम जोशी, हरीश लाल, अशोक जोशी, अमित रावत, कोमल, हिमांशु जोशी मौजूद रहे।

इधर, रामनगर में युवा कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रवक्ता फैजूल हक एडवोकेट के नेतृत्व में भगत सिंह चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार हो रही नीट पेपर में धांधली किसी से छिपी नही है। केंद्र सरकार मेहनत करने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य से लगातार खिलवाड़ कर रही है। अपने चहेतों को नीट जैसे महत्वपूर्ण पेपर में निकालकर सरकार अपनी हठधर्मिता से देश के युवाओं के साथ धोखा कर रही हैं। इस दौरान पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. निशांत पपनै, प्रदेश सचिव उत्तराखंड कांग्रेस जुल्फकार अली, सद्दाम हुसैन, करीम सोनू, तनुज दुर्गापाल, सलीम, धीरज उपाध्याय, उमर, अनीश अहमद मौजूद रहे।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने की सीबीआई से जांच कराने की मांग

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को नीट यूजी परीक्षा परिणाम में हुई धांधली को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का पुतला फूंका। उन्होंने परीक्षा में हुई गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। अभाविप के जिला संयोजक कौशल बिरखानी ने कहा कि नीट परीक्षा में बहुत बड़ी धांधली हुई है। पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान एमबीपीजी के छात्र संघ अध्यक्ष सूरज सिंह रमोला, नगर मंत्री मिनिकेत तोमर, नगर विस्तारक दीपेंद्र कुल्याल, कॉलेज इकाई अध्यक्ष निश्चय, भूमिका लटवाल, रिद्धि बडोला, कंचन जोशी, निखिल सोनकर, यतीन, नितिन, आर्यन बेलवाल मौजूद रहे।


एमबीपीजी कॉलेज गेट के बाहर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का पुतला फूंकते छात्र।

## सार-संक्षेप

### नए सत्र से तैराकों को शुल्क में 500 रुपये की छूट

**हल्द्वानी :** नए सत्र 2024-25 से गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के तरणताल में अंडर 12 से अंडर 16 तक के तैराकों को शुल्क में 500 रुपये तक की छूट दी जाएगी। यह फैसला खेल प्रोत्साहन समिति की बैठक में लिया गया है। हर वर्ष 15 अप्रैल से तैराकों के लिए तरणताल खुल जाता था, लेकिन इस बार आचार संहिता लगने के चलते नहीं खुल पाया। आचार संहित हटने के बाद खेल विभाग ने 15 जून से तरणताल खोलने का फैसला लिया है। इसके लिए खेलकूद प्रोत्साहन समिति की बैठक भी हो गई है। वर्तमान में प्रत्येक तैराक से एक हजार रुपये शुल्क लिया जाता है। छूट के बाद अब 500 रुपये ही लिये जायेंगे। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि तरणताल का संचालन 15 जून से शुरू हो जाएगा। तैराकों की पंजीकरण प्रक्रिया 14 जून को मिनी स्टेडिमय में पूरी की जायेगी।

### आज राइंका रातीघाट में मनेगा जल सप्ताह

**हल्द्वानी :** राजकीय इंटर कॉलेज रातीघाट में आज जल उत्सव सप्ताह मनाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि 12 जून को सुबह 10 से 12 बजे के बीच शिप्रा नदी किनारे सफाई अभियान एवं पौधरोपण, 12 :30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज में जल संरक्षण को लेकर गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके बाद एक बजे कैंचीधाम मंदिर के समीप जल संरक्षण संवर्धन एवं पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

### सुरेश शाखा अध्यक्ष व सुनील बने महामंत्री

**हल्द्वानी :** उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का चुनाव प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। नवगठित हल्द्वानी कार्यकारणी में सुरेश लाला को शाखा अध्यक्ष और सुनील चौधरी को शाखा महामंत्री चुना गया। इसके अलावा मंजीत गोल्डन को उपाध्यक्ष, नेहा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, रीना उपमंत्री, चमन लाल कोषाध्यक्ष, सोनी उप कोषाध्यक्ष और मीना को कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया। गया। इस दौरान विनय पाल, माया नैथानी, अशोक राज, जगदीश, जगपाल, अमन कुमार, विपिन, अतुल कुमार मौजूद रहे।


अधिशासी अभियंता जल निगम को ज्ञापन सौंपते गौजाजाली के लोग।

### पानी के बढ़े बिलों को लेकर दिया शिकायती पत्र

**हल्द्वानी :** गौजाजाली क्षेत्र में पानी के बढ़े बिलों को लेकर लोगों ने पेयजल निगम कार्यालय पहुंच कर शिकायती पत्र दिया। बताया कि उन्हें नए कनेक्शन दिए गए हैं। पूर्व में कनेक्शन व पानी की सप्लाई जल संस्थान करता था और बिलों का भुगतान भी जल संस्थान ही वसूलता था। वर्तमान समय में पानी का बिल पेयजल निगम वसूल रहा है, जो कि पूर्व में 3 माह का बिल एक हजार रुपये आता था। मौजूदा समय में 30 से 40 हजार रुपये बिल थमाए जा रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं का बढ़ा हुआ बिल आया है, उसे निस्तारित कर पूर्व की भांति 3 माह पानी के बिल के आधार पर ही भुगतान कराया जाए। इस मौके पर मनोज मठपाल, रमेश चौहान, सुरेंद्र सिंह बोरा, कंचन जोशी, लक्ष्मण सिंह बिष्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

# मेरिट में चयनित छात्र-छात्राएं प्रवेश में नहीं ले रहे दिलचस्पी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में मेरिट में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए बुलाया जा रहा है, लेकिन कम संख्या में छात्र प्रवेश के लिए पहुंच रहे हैं। कॉलेज में मंगलवार को 123 प्रवेश हुए, जबकि अभी तक कुल 883 प्रवेश हुए हैं। मंगलवार को बीए प्रथम सेमेस्टर में 74, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 22, बीएससी प्रथम सेमेस्टर पीसीएम में 20, बीएससी प्रथम सेमेस्टर जेडबीसी में 7 प्रवेश हुए।

इधर, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में मंगलवार को 190 प्रवेश हुए, जिसमें बीए में 71, बीकॉम में 18, बीकॉम ऑनर्स में 20, बीएससी पीसीएम में 34 और बीएससी जेडबीसी में 47 प्रवेश हुए।


एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश लेने पहुंचे छात्रों के प्रमाण पत्र की जांच करते प्रोफेसर।

एमबीपीजी कॉलेज प्रशासन की ओर से मंगलवार को श्रेणीवार जारी सूची के अनुसार सामान्य श्रेणी में कुल 94 प्रवेश, एससी में 13, एसटी में 1, ओबीसी में 12 और ईडब्ल्यूएस में केवल 1 प्रवेश हुआ। कॉलेज की प्रवेश समिति ने बीते सोमवार को 31 मई से पहले आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थी जिनके अंक नहीं चढ़ने और किसी अन्य कारण से मेरिट सूची में नाम नहीं आया हो, उन्हें समर्थ वाला फॉर्म, इंटरमीडिएट की अंकतालिका व प्रार्थना पत्र लेकर कॉलेज के प्रवेश कक्ष में संपर्क करने को कहा था। इसके बावजूद काफी कम संख्या में विद्यार्थी पहुंचे।


महिला डिग्री कॉलेज में प्लेसमेंट सेल इवेंट में उपस्थित छात्रा व अन्य।

### प्लेसमेंट इवेंट से छात्राओं को मिलेगा रोजगार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की प्लेसमेंट सेल ने मंगलवार को प्लेसमेंट इवेंट का आयोजन किया। संभव फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने बताया कि फाउंडेशन के साथ पूर्व में हुए एमओयू के तहत उक्त आयोजन किया गया है। कहा कि कॉलेज स्थानीय स्तर पर छात्राओं को रोजगार मुहैया कराने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। प्रभारी प्लेसमेंट सेल के डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि इवेंट में तीन चरणों में छात्राओं के कौशल को परखा जायेगा। पहले चरण में कंप्यूटर ज्ञान, दूसरे चरण में कम्युनिकेशन स्किल्स और अंतिम चरण में मुख्यालय बेंगलुरु की टीम की ओर से ऑनलाइन साक्षात्कार लिया जाएगा। संभव फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि चयनित छात्राओं को फुल टाइम के साथ ही वर्क फ्रॉम होम की नौकरी ऑफर की जाएगी। इस अवसर पर डॉ. फकीर सिंह, डॉ. रेखा जोशी आदि उपस्थित रहे।

### बिजली कटौती से नहीं मिल रही राहत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली कटौती से उपभोक्ताओं को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। बीते 3 दिन से बिजली विभाग रात में घंटों बिजली कटौती कर रहा है। जिससे लोग परेशान हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में रात को बिजली कटौती का क्रम जारी है।

रामपुर रोड, राजपुरा, नैनीविहार, मुखानी, समता आश्रम गली, गौलापार समेत कई इलाकों में रात 1 से 2 घंटे तक की बिजली कटौती की जा रही है। बिजली विभाग के ईई डीडी पांगती ने बताया कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था पहले से सुचारू चल रही है, जिन इलाकों में रात की कटौती हो रही है, थोड़ी देर के लिए लाइन शिफ्ट के चलते शटडाउन लिया जाता है। जिसके बाद फिर से आपूर्ति सुचारू कर दी जाती है।


काठगोदाम में वाहनों में लगे लगेज कैरियर हटवाते परिवहन अधिकारी।

### 50 वाहनों के लगेज कैरियर हटाए, 13 का काटा चालान

**हल्द्वानी :** पर्वतीय मार्गों में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसका एक प्रमुख कारण वाहनों का ओवरलोड होकर सड़कों पर दौड़ना है। बीते सोमवार को संभागीय परिवहन अधिकारी ने सभी एआरटीओ प्रवर्तन को वाहनों में मानक के विपरीत लगे लगेज कैरियर हटाने के निर्देश दिए थे। इस पर मंगलवार को प्रवर्तन टीमों ने कार्रवाई की। इसके तहत 50 वाहनों से लगेज कैरियर को कटर से काटकर हटाया गया। प्रवर्तन टीमों ने सुबह से ही नैनीताल रोड में अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। काठगोदाम थाने के पास कई वाहनों के लगेज कैरियर हटाए गए और अलग-अलग अभियोगों में चालान किया। प्रवर्तन टीमों ने कुल 13 चालान किये, जिसमें 2 वाहनों का ओवरलोड होने पर चालान किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि मंगलवार देर शाम तक कार्रवाई की गई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्पा सेंटरों में छापा, मिलीं अनियमितताएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** स्पा सेंटर पर पुलिस ने छापा मारा और कई सेंटर में अनियमितताएं मिलीं। पुलिस ने सभी के चालान किए हैं। एसएसपी के आदेश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल प्रभारी मंजू ज्याला ने पुलिस टीम के साथ दुर्गा सिटी सेंटर स्थित द गोल्डन स्पा सेंटर, रिलैक्स स्पा सेंटर और द योर स्पा सेंटर में छापा मारा। पुलिस ने सेंटर में रखे ग्राहक रजिस्टर जांचे तो पाया गया कि उसमें ग्राहक का पूर्ण विवरण दर्ज नहीं था। न तो सेंटर आने वाले ग्राहक की आईडी ली जा रही थी और न ही वहां काम करने वाले कर्मचारियों का सत्यापन कराया गया था। इस पर पुलिस ने तीनों स्पा सेंटर का 83 पुलिस एक्ट के तहत 10-10 हजार रुपये का कोर्ट चालान किया।


स्पा सेंटर में पूछताछ करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### आज रोप-वे में होगा मॉक ड्रिल

**नैनीताल, अमृत विचार :** भारत सरकार के निर्देश पर एनडीआरएफ की टीम बुधवार को नैनीताल में रोप-वे में मॉक ड्रिल करेगी। प्रत्येक वर्ष रोप-वे की सुरक्षा की जांच करने के लिए मॉकड्रिल की जाती है। इसी क्रम में राष्ट्रीय डिजास्टर मैनेजमेंट एथॉरिटी भारत सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार एनडीआरएफ दिल्ली की ओर से बुधवार को रोप-वे मॉक ड्रिल की जाएगी। इस दौरान एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीएमए, दमकल, ऊर्जा निगम व रोप वे के अधिकारी मौजूद रहेंगे। रोप-वे के प्रबंधक शिवम शर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे से मॉक ड्रिल होगी। इस दौरान दौरान पर्यटकों के लिए रोप वे बंद रखा जाएगा।

### बिजली कटौती पर भड़के कांग्रेसी

**हल्द्वानी :** नगर में हो रही बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस नेता राजेंद्र बिष्ट ने आईएआई अजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिष्ट ने कहा कि हल्द्वानी में जमकर बिजली कटौती की जा रही है। शीशमहल क्षेत्र में रात और दिन हर समय बिजली काटी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिजली विभाग ने आपूर्ति बहाल नहीं की तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान किशोर बल्यूटिया, भैरव भट्ट, राजकुमार यादव, रजत तिवारी, राजेश, संतोष कुमार आदि रहे।

# जल संस्थान पर सीवर का पानी पिलाने का आरोप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जल संस्थान पर पानी की आपूर्ति पूरी करने के लिए सीवर का गंदा पानी पिलाने का आरोप लगाया है। बताया कि गंदा पानी पीने की वजह से कई लोग बीमार हो गये हैं। ग्रामीणों के अनुसार दुर्गापुर स्थित जल स्रोतों से ज्योलीकोट, बेलुवाखान, सरियाताल ग्राम सभा के अलावा गेठिया ग्राम सभा के सहित वीरभट्टी, छीणा, गांजा तक पीने की आपूर्ति होती है। पिछले छह माह से जल संस्थान की ओर से पानी की आपूर्ति पूरी करने के नाम पर गुप्त और गलत तरीके से वीरभट्टी, बिष्ट स्टेट, देवलढुंगा, बकरखोड ढाकाखेत, सरियाताल, गांजा, छीणा आदि गावों में सीवर का गंदा पानी पिलाया जा रहा है।

राज्य आंदोलनकारी महेश जोशी ने कहा कि जल संस्थान की ओर से हमेशा खानापूर्ति की जाती है। हर वर्ष जल संरक्षण और रखरखाव के लिए भरपूर पैसा आता है, लेकिन वह केवल कागजों में ही सिमट जाता है। इधर, जल संस्थान के सहायक अभियंता आरपी डोबाल ने कहा कि सोमवार को सीवर लाइन चोक हो गई थी, जिस कारण जल स्रोत में सीवर का पानी चला गया था। जलस्रोत में ब्लीचिंग डालकर सफाई कर दी गई है।

### सांसद अजय भट्ट ने जाना घायलों का हाल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सांसद अजय भट्ट ने मंगलवार की शाम डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचकर बेतालघाट में सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों का हाल जाना। उन्होंने मौके पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को मरीजों को हर संभव बेहतर उपचार देने के निर्देश दिये। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि घायलों को अस्पताल में बेहतर उपचार दिया जा रहा है। गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया गया है। वह स्वयं सुबह और शाम घायलों की स्थिति की रिपोर्ट ले रहे हैं। कुछ मरीजों को हड्डी रोग वार्ड में भी भर्ती किया गया है। अस्पताल में मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त संसाधन और दवाएं मौजूद हैं। सांसद भट्ट ने अस्पताल में अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई की सराहना की। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह बिष्ट, निर्मल बिष्ट आदि रहे।

SURAJMAL AGARWAL GIRLS PG COLLEGE
Established in Year-2008 by Surajmal Laxmidevi Sawarthia Educational Trust (Affiliated to Kumaun University, Nainital & UTU, Dehradun)

ADMISSION OPEN (2024-25)

DEPARTMENT OF BASIS SCIENCE : • B.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Micro-Biology) • B.Sc. (PCM) • B.Sc. (ZBC) • B.Sc. (PSM) • M.Sc. (Physics) • M.Sc. (Botany) • M.Sc. (Zology) • M.Sc. (Chemistry) • M.Sc. (Mathematics)
DEPARTMENT OF FOOD TECHNOLOGY : • B.Sc. (Food technology) • M.Sc. (Food Technology)
DEPARTMENT OF HOME SCIENCE : • B.Sc. (Home Science) • M.Sc. (Home Science in Food Nutrition) • M.Sc. (Home Science in Textile & Apparel Designing)
DEPARTMENT OF LIBRARY SCIENCE : • B.Lib • M.Lib
DEPARTMENT OF CS & IT : • BCA • B.Sc. (IT) • M.Sc. (IT)
DEPARTMENT OF MANAGEMENT : • BBA • MBA
DEPARTMENT OF COMMERCE : • B.Com (Hons.) • M.Com.
DEPARTMENT OF EDUCATION : B.Ed.

NO. 1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND

ADVANTAGE OF SAPKM
• 100% Placement assistant
• Job oriented academic programs
• Secure Campus for girls
• Student Counselling Services
• Reasonable Fee Structure
• Modern academic Infrastructure
• Smart Classes with Wifi
• Hostel facility including air cooler
• Bus facility from nearby places
• Scholarship schemes by Govt.
• Bank loan support
• Health Centre and medical facility
• Internships & training programs
• Sports & Co-Curricular Activities.

SURAJMAL AGARWAL GIRLS COLLEGE OF NURSING
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN NURSING
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• M.Sc. (Nursing) • B.Sc. (Nursing)
• Post Basis B.Sc. (Nursing) • GNM

SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF PARAMEDICAL AND HEALTH SCIENCES
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN PARAMEDICAL
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• BMLT • BMRIT
• B.Sc. (Optometry)

ADMISSION OPEN
BAMS (2024-25)
NEET PASS STUDENTS
Surajmal Medical College of Ayurved & Hospital
Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS)
M. 9412920331, 9837242760

Kishanpur, Kichha, Distt. Udham Singh Nagar, Uttarakhand, Pin-263148 E-mail : sapkm.edu@gmail.com, Website : www.sapkam.org
FOR ADMISSION PLEASE CALL US :
9412920331, 9837242760, 8192801031, 7902103001, 7902103002

## एक नजर

### चौथे दिन भी नहीं हुई शव की शिनाख्त

**जसपुर :** नहर से बरामद हुए अज्ञात युवक के शव की चौथे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई है। शनिवार को जसपुर कोतवाली की सीमा से सटे थाना रेहड़, बिजनौर (उत्तर प्रदेश) के गांव जाफराबाद के पास नहर से रेहड़ पुलिस द्वारा एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया था। उसकी मंगलवार को चौथे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस इस घटना को लेकर आसपास के क्षेत्र में लोगों से बात कर आवश्यक जानकारी जुटाने काफी प्रयास कर रही है, लेकिन उसे अभी तक किसी प्रकार की कोई सफलता नहीं मिल पाई है। इससे पुलिस भारी असमंजस में फंसी हुई है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोगों को इस बात का आश्चर्य है कि आखिर यह शव कहां से आया, युवक की हत्या कैसे हुई होगी।

### पैदल मार्गों में नदी और नाले वाले स्थानों पर वैकल्पिक मार्ग की करें तलाश, कहा-मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार डीएम करें स्कूलों में छुट्टी

# 15 जून से पूर्व कर लें मानसून की सभी तैयारियां : सीएम

संवाददाता, रुद्रपुर


वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को जानकारी देते डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी मानसून की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव व जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों को 15 जून से पूर्व मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी डीएम मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार अपने जनपदों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार छुट्टी की घोषणा करें। पैदल मार्गों में नदी और नाले वाले स्थानों पर वैकल्पिक मार्ग तलाशे जाएं।

मंगलवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में हुई मानसून आपदा का आकलन करते हुए ऐसे क्षेत्र जो क्षतिग्रस्त थे उन क्षेत्रों में अधिक ध्यान दिया जाए। जिससे आपदा की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती करें और सभी लोग सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उससे होने वाली क्षति को आपसी तालमेल से कम किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के दृष्टिगत मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाए। मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी लोगों तक समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में रिस्पांस टाइम कम से कम रखा जाए। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। जिन क्षेत्रों में बाढ़ व जलभराव से अधिक क्षति होती है उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिन नदी व नालों में सिल्ट जमा है उनकी डिसिल्टिंग का कार्य अधिकांश स्थानों में किया जा चुका है। साथ ही शेष स्थानों में भी जल्द ही डिसिल्टिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, ओसी कलेक्ट्रेट कौस्तुभ मिश्र, उप नगर आयुक्त शिप्रा पांडे समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**काशीपुर :** सड़क पार करते समय एक युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला अल्ली खां बर्फ फैक्ट्री के पास निवासी मोहम्मद रफी (26) सोमवार की देर रात लगभग साढ़े 12 बजे रामनगर रोड स्थित श्री राम लीला मैदान के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल रफी को 108 की सहायता से सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। उधर मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों के मुताबिक मोहम्मद रफी मेहनत-मजदूरी करता था। बताया वह तीन-चार दिन पहले किसी शादी समारोह में शामिल होने बिलासपुर गया था। वह सोमवार को वहां से देर रात वापस आया था। मोहम्मद रफी अविवाहित था जबकि सभी बहनों की शादी हो चुकी है।

# 10 से 12 बजे तक लोगों की समस्याएं सुनें अधिकारी

### कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किसानों और आमजनों की शिकायत पर डीएम को दिए निर्देश, औचक निरीक्षण करने के लिए भी कहा

बैठक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कैबिनेट व जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने किसानों और जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर डीएम व सीडीओ के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने डीएम को सरकारी विभागों में अधिकारी सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनता और जनप्रतिनिधियों से मिलने व उनकी समस्याएं सुनने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों की चेकिंग के लिए औचक निरीक्षण करने को भी कहा है। कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भाजपा नेता दीपक बाली के आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि जन समस्याओं को लेकर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए कहा गया है। जिसको लेकर उन्होंने डीएम व सीडीओ को निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।


दीपक बाली के आवास पर पत्रकार वार्ता करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।

### सैन्य धाम का अक्टूबर में मोदी करेंगे लोकार्पण

**काशीपुर :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में पांचवें धाम के रूप से सैन्य धाम पूरा करने का सौभाग्य मिला है। जहां 1734 शहीद परिवारों के आंगन की मिट्टी और 17 नदियों का जल लाया गया है। जो लगभग तैयार हो चुका है। इसका अक्टूबर माह में पीएम नरेंद्र मोदी लोकार्पण कर जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार ने फैसला लिया है कि जब कोई सैनिक शहीद होगा तो उसके परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी। अभी तक ऐसे 26 लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। प्रदेश में जो युवा सेना में भर्ती होना चाहते हैं, उनके लिये हल्द्वानी और देहरादून में ट्रेनिंग सेंटर खोले गये हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कृषि और टूरिज्म प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ बनने वाली है। मोटा अनाज लोगों की आवश्यकता बन रहा है। पहले जो मोटा अनाज खाते थे उन्हें गरीब कहते थे। आज श्री अन्न अमीरों की थाली का भोजन बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पांच हजार पॉलीहाउस भी बनाए जाएंगे।

### छह माह में तार-तार हो जाएगा इंडिया गठबंधन

**काशीपुर :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार में आने की लालसा से इंडिया गठबंधन बनाया गया है। अब इंडिया गठबंधन छह महीने भी नहीं टिक पाएगा और तार-तार हो जाएगा। मंगलवार को भाजपा नेता दीपक बाली के आवास पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड में लोकसभा की पांचों सीटों पर भाजपा की जीत पर जनता को धन्यवाद दिया। साथ ही प्रदेश में सबसे अधिक वोटों से लोकसभा चुनाव जीतने वाले अजय भट्ट को भी शुभकामनाएं दीं। कहा कि जनता इंडिया गठबंधन के नेताओं की सच्चाई जान चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनने वाली है।


कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का बुके देकर स्वागत करता भूतपूर्व सैनिक संगठन का शिष्टमंडल। ● अमृत विचार

# भूतपूर्व सैनिकों ने की मंत्री से मुलाकात

संवाददाता, रुद्रपुर

- लालकुआं बस स्टेशन से महानगरों को बसें संचालित करने समेत रखी कई मांगें
- कैबिनेट मंत्री जोशी ने दिया मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन

**अमृत विचार:** भूतपूर्व सैनिक संगठन के शिष्टमंडल ने लालकुआं से देश के महानगरों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने, बिंदुखत्ता में मिलिट्री कैंटीन के लिए जमीन उपलब्ध कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की इन समस्याओं के निराकरण की मांग की।

मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री जोशी से हल्द्वानी बस स्टेशन से देश के महानगरों को जाने वाली सभी रोडवेज की बसें लालकुआं बस स्टॉप से ही आगे संचालित करने की मांग लंबे समय से करते हुए आ रहे हैं। लेकिन उनकी समस्या का आज तक निराकरण नहीं हुआ है। कैबिनेट मंत्री ने परिवहन सचिव से इस विषय को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जड़ सेक्टर के समीप एक बीघा जमीन उपलब्ध कराकर उसमें मिलिट्री कैंटीन व प्रशिक्षण भवन बनाने को लेकर लंबे समय से मांग कर रहे हैं। इस पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में भूतपूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष खिलाफ सिंह, कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट, चंचल सिंह कोरंगा, सुंदर सिंह खनका, नरसिंह रावत, दलबीर सिंह, प्रकाश मिश्रा, रणजीत सिंह गढ़िया, दिनेश देवराड़ी मौजूद रहे।

# बाजपुर की मतदाता सूची की पुनरीक्षण समय सारिणी तय

संवाददाता, रुद्रपुर

पहल

- 14 जून को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानी उदयराज सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद-बाजपुर की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) के विस्तृत पुनरीक्षण के लिए राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड द्वारा समय सारिणी निर्धारित की गई है।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने बताया कि 11 से 13 जून 2024 तक नगर निकायवार विस्तृत पुनरीक्षण के लिए संगणकों, पर्यवेक्षकों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों आदि की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही कार्य क्षेत्र आवंटन और जानकारी प्राप्त करने का कार्य किया जायेगा। 14 जून को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 से 29 जून तक संगणक द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण किया जाएगा। 30 से 2 जुलाई प्रारूप नामवालह की पांडुलिपि तैयार कि जाएगी। 3 से 22 जुलाई तक प्रारूप निर्वाचक नामवालियों की डाटा एंट्री व फोटो स्टेट का कार्य किया जाएगा। 23 जुलाई 2024 निर्वाचक नामावलियों के आलेख का प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 24 से 30 जुलाई तक निर्वाचक नामावलियों के आलेख के निरीक्षण और दावे व आपत्ति दाखिल करने की अवधि होगी। 31 जुलाई से 2 अगस्त 2024 दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 3 से 8 अगस्त तक पूरक सूचियां की डाटा एंट्री व फोटो स्टेट का कार्य किया जाएगा और 9 अगस्त को निर्वाचन नामावलियों का जन सामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के उन सभी व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित किये जाएंगे कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम पूर्णिमा, पिता का नाम धर्मानंद व माता का नाम बसंती दर्ज है। जिसे सुधार कर पूर्णिमा रखोलिया (Purnima Rakholia), पिता का नाम धर्मानंद रखोलिया (Dharamanand Rakholia) व माता का नाम बसंती देवी (Basanti Devi) मेरे पासपोर्ट मे दर्ज किया जाए। - **पूर्णिमा रखोलिया पुत्री धर्मानंद रखोलिया पत्नी रमेश बेलवाल, हाउस नंबर 73, हरी नगर, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी।**

# पंत विवि में धान की रोपाई का शुभारंभ

संवाददाता, पंतनगर


धान की पौध रोपते कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने मंगलवार को विवि फार्म के बेनी प्रक्षेत्र पर सुबह धान की रोपाई का शुभारंभ किया। कुलपति ने बताया कि विवि का बीज 'पंतनगर बीज' के नाम से पूरे देश में प्रसिद्ध और भरोसे का प्रतीक है।

डॉ. चौहान ने बताया कि पिछले वर्ष विवि में 11 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं का उत्पादन हुआ और पैदावार में 20 से 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बताया कि विवि के वैज्ञानिक निरंतर शोध के माध्यम से विकसित नई-नई तकनीकों से अच्छी पैदावार वाले बीजों को किसानों तक पहुंचाते हैं। विवि की विभिन्न फसलों के बीज उत्पादन और देश में खाद्यान्न के उत्तरोत्तर वृद्धि में अग्रणी भूमिका रही है। यहां से हर वर्ष धान और गेहूं सहित दलहन की अधिक उत्पादन देने वाली 1-2 प्रजाति विकसित की जा रही हैं, ताकि किसान उनका उपयोग कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने सीजीएम फार्म डॉ. जयंत सिंह और उनकी टीम के सभी सदस्यों सहित श्रमिकों द्वारा किए जा रहे परिश्रम की भी प्रशंसा की। इस दौरान वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल, निदेशक शोध एएस नैन, निदेशक प्रसार शिक्षा जितेंद्र क्वात्रा, निदेशक संचार जेपी जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### पचौरिया में फिर बाघ दिखा, दहशत

**खटीमा :** पचौरिया और चकरपुर स्टेडियम के पास बाघ के देखे जाने से ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। बाघ के आने से ग्रामीण घरों के अंदर भाग गए। बाघ के आने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पटाखे फोड़े तो बाघ जंगल की ओर भाग गया। मंगलवार की सुबह खटीमा रेंज की वन सीमा से सटे गांव पचौरिया में गोरखा नाले के पास ग्रामीणों को बाघ दिखाई दिया तो ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने नाले के किनारे कई स्थानों पर पराली के ढेर लगाकर आग जला दी। ग्रामीणों की सूचना पर वन दरोगा नित्यानंद भट्ट टीम के साथ पहुंचे और लोगों को बाघ क्षेत्र की ओर जाने से रोका। वन विभाग व ग्रामीणों द्वारा पटाखे फोड़ने के बाद बाघ जंगल की ओर चला गया। वन विभाग ने बाघ क्षेत्र का मुआयना किया तो वहां जंगली सुअर के अवशेष मिले। आशंका जताई कि बाघ ने सुअर पर हमला कर अपना निवाला बनाया होगा। वन दरोगा भट्ट ने वन सीमा से सटे गांव के ग्रामीणों से सतर्कता बरतने को कहा है। इस दौरान मौके पर वन विट अधिकारी विपिन कुमार, टेक चंद, संजीव कुमार, सुभाष चंद, विशेष सिंह राणा, गोपाल राम आदि मौजूद थे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# 20 सूत्रीय कार्यक्रम में यूएसनगर प्रथम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भारत सरकार ने 20 सूत्रीय कार्यक्रम की रिपोर्ट के आधार पर रैंकिंग जारी की है। इसमें उत्तराखंड में ऊधमसिंह नगर का स्थान पहले स्थान पर आया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

बता दें कि 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत गरीबी, रोजगार, शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य, कृषि और भूमि सुधार, सिंचाई, पेयजल, कमजोर वर्गों की सुरक्षा और सशक्तिकरण, उपभोक्ता संरक्षण, पर्यावरण आदि विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पहलुओं को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद ने पूरे वर्ष भारत सरकार द्वारा संचालित 32 कार्यक्रमों में जनपद ऊधमसिंह नगर ने लक्ष्य से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

जिसके फलस्वरूप 2023 से 2024 वर्ष के 20 सूत्रीय रैंकिंग में उत्तराखंड में जनपद उधमसिंह नगर पहला स्थान पाने में सफल रहा। वहीं जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के रहते भी सभी ने विकास उन्मुखी कार्य पूर्ण मनोयोग के साथ किये। उन्होंने इसके लिए सभी को शुभकामनाएं दी है। साथ ही इसी तरह का कार्य भविष्य में जारी रखने की अपील की है।

# 200 श्रम कार्ड धारकों को टूल किट वितरित


टूल किट के साथ श्रम कार्ड धारक और विधायक शिव अरोरा।

**रुद्रपुर:** आस्था पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप में उत्तराखंड भवन निर्माण व कर्मकार बोर्ड के तहत पंजीकृत 200 श्रम कार्ड धारकों को धामी सरकार के निर्देश पर टूल किट बांटे गए।

मंगलवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए राज्य हित में लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत 2000 से अधिक लोगों को यह किट बांटी जानी है। इसमें सेफ्टी शू, इमारतों पर चढ़ने के लिए सेफ्टी बेल्ट के साथ ही राज मिस्त्री व मजदूर के उपयोग में आने वाले जरूरी उपकरण शामिल हैं। इस अवसर पर लेबर इंस्पेक्टर बलराम सिंह, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, राधेश शर्मा, मनोज मदान, शंकर विश्वास, राजेंद्र राठौर, मदन दिवाकर, विजय डे आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### पुलिस ने दो फरार वारंटी लिए गिरफ्तार

**किच्छा।** कोतवाली पुलिस की टीम ने फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के दिशा निर्देशन में उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारी किए गए गैर जमानती वारंट के आरोपी ग्राम उतरसिया, थाना बहेड़ी, जिला बरेली निवासी सुशील कुमार एवं ग्राम सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी फाजिल को दबोच लिया।

### कच्ची शराब की तस्करी करता एक आरोपी गिरफ्तार

**किच्छा।** पुलभट्टा पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान ग्राम भंगा मार्ग पर कच्ची शराब की तस्करी कर रहे वार्ड नंबर 17, थाना पुलभट्टा निवासी बलबीर सिंह को दबोच लिया। उसके कब्जे से प्लास्टिक की कट्टे में 43 पाउच में रखी कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**काशीपुर।** कटोराताल चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान आलू फार्म वार्ड नं- 6 निवासी काशी बिहार कालोनी निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक नाजायज चाकू बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

### चोरी हुई स्कूटी बरामद चोर भी पकड़ा

**काशीपुर।** घर के बाहर से चोरी हुई स्कूटी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी चोर को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। काजीबाग कटोराताल निवासी अब्दुल हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 30 मई 2024 को उसकी स्कूटी एक्टिवा संख्या यूके18बी 8687 उसके घर के बाहर खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक यादव उर्फ नोडी निवासी अंबा विहार कॉलोनी थाना आईटीआई, काशीपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की स्कूटी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया। इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाल आशुतोष सिंह, कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी, कांस्टेबल प्रेम कनवाल, दीवान सिंह मौजूद रहे।

# मुक्तेश्वर से 2.40 किलोग्राम चरस लेकर बेचने आए दो तस्कर गिरफ्तार

## एसओजी व कोतवाली पुलिस ने दबोचा, चार लाख है कीमत, ट्रांजिट कैंप में सप्लाई करना था

संवाददाता, रुद्रपुर



चरस के आरोपियों के साथ खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी व एसपी क्राइम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली रुद्रपुर और एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में चरस की सप्लाई करने आए दो तस्करों को दबोच लिया और उनके कब्जे से भारी मात्रा में चरस की खेप बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

मंगलवार को चरस का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि पिछले कुछ समय से पुलिस को इनपुट मिला था कि मुक्तेश्वर जनपद के दो युवक इलाके में चरस की खेप पहुंचा रहे हैं। इसके आधार पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार, एसओजी प्रभारी संजय पाठक और एएनटीएफ प्रभारी कौशल भाकुनी की गठित टीम को 10 जून की शाम को सूचना मिली कि दो युवक चरस की खेप ट्रांजिट कैंप इलाके में सप्लाई करने की फिराक में हैं। इसके आधार पर संयुक्त टीम ने रोडवेज स्थित कैनाल कॉलोनी के समीप बाइक संख्या यूके-04 एएल-4210 को रोकना चाहा तो आरोपी भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम बजवालगांव जोस्युड़ा थाना मुक्तेश्वर निवासी अजय सिंह और ग्राम भौरा जोस्यूड मुक्तेश्वर निवासी देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से 2.40 किलोग्राम चरस भी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह थोक पर ट्रांजिट कैंप सहित आसपास के इलाकों में चरस की सप्लाई की फिराक में थे। एसएसपी ने टीम को दो हजार रुपये का इनाम भी देने की घोषणा की है।

## कर्ज से मुक्त होने को बने चरस तस्कर

संवाददाता, रुद्रपुर

▸▸ फुटकर बेचते-बेचते थोक में सप्लाई करने का आया लालच

**अमृत विचार :** कोतवाली और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दबोचे गए चरस तस्कर पेशे से वेटर का कार्य करते हैं, लेकिन गरीबी व कर्ज दूर करने के लिए दोनों ही आरोपी चरस तस्कर बन गए और पहली बार थोक में चरस की सप्लाई करने से पहले ही गिरफ्तार हो गए। एसओजी प्रभारी संजय पाठक ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद जब मुक्तेश्वर जनपद के आरोपी अजय सिंह और देवेंद्र सिंह से पूछताछ की तो आरोपियों ने बताया कि वह कैटर्स के यहां दिहाड़ी पर वेटर का कार्य करता है।

कभी-कभी मिलने वाले कार्य और पारिवारिक दयनीय स्थिति के कारण उन पर काफी कर्ज हो गया था। पूछताछ में यह भी पता चला कि दोनों आरोपी चरस का सेवन करते थे और फुटकर चरस की बिक्री कर अपना खर्चा भी निकालते रहते थे, लेकिन पहाड़ी इलाकों में यह कार्य काफी मंदा था। इसके लिए दोनों ने तराई भाबर में चरस की तस्करी करने की योजना बनाई और गरीबी और कर्ज एकमुश्त चुकता करने के उद्देश्य से थाना ट्रांजिट कैंप के एक व्यक्ति को थोक पर चरस पहुंचाने की बात हुई थी।

# खटीमा पुलिस ने 42.64 ग्राम स्मैक के साथ सौदागर दबोचा

**कार्रवाई**

▸▸ डेढ़ लाख आंकी गई कीमत, मुकदमा दर्ज

▸▸ खटीमा का ही रहने वाला है आरोपी

संवाददाता, रुद्रपुर



स्मैक तस्करी का खुलासा करते एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खटीमा पुलिस द्वारा भारी मात्रा में स्मैक के साथ एक सौदागर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

मंगलवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि 11 जून को खटीमा थाना एसएचओ मनोहर सिंह दसौनी के आदेश पर पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर वार्ड-पांच नूरी मस्जिद इस्लामनगर खटीमा निवासी समीर अहमद उर्फ चांद को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से 42.65 ग्राम स्मैक बरामद की।

बरामद स्मैक की कीमत डेढ़ लाख के करीब आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे स्मैक की खेप पुराना गिद्धौर थाना नानकमत्ता निवासी सुबेग सिंह उर्फ छुबैद उर्फ छैगी द्वारा मुहैया कराया जाता है और वह स्मैक की पुड़िया बनाकर नशे की लती युवाओं को महंगे दामों पर बेचता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### तीन साल की सजा काटकर जेल से छूटा था आरोपी

**रुद्रपुर।** खटीमा पुलिस द्वारा गिरफ्तार समीर अहमद उर्फ चांद एक आदतन अपराधी है। इस पर तीन एनडीपीएस और एक हत्या व हत्या के प्रयास का मुकदमा पंजीकृत है। बताया जा रहा है कि आरोपी एक वर्ष पहले ही दर्ज मुकदमे में तीन साल की सजा काटकर आया है और एक वर्ष बाद पुन: स्मैक का धंधा शुरू कर दिया। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है और आरोपी पर गैंगस्टर की तैयारी कर रही है।

### आरोपी करता था वेल्डिंग का काम

**रुद्रपुर।** स्मैक तस्करी के आरोप में गिरफ्तार समीर अहमद पांच साल पहले वेल्डिंग का कार्य करता था, लेकिन अधिक पैसा कमाने का लालच आने के कारण उसने गोपनीय तरीके से स्मैक का धंधा भी शुरू कर दिया। लोकल में रहने के कारण उसने धीरे-धीरे नशे के लती युवकों को अपने जाल में फंसाया और महंगे दामों पर स्मैक बेचने लगा। जिसके बाद आरोपी ने वेल्डिंग का कार्य बंद कर दिया।

# लापता छात्र की बरामदगी पर एक लाख रुपये इनाम

फॉलोअप

संवाददाता, पंतनगर

▸▸ चार दिन बीतने के बावजूद पंतनगर विवि से लापता छात्र का नहीं लगा सुराग

**अमृत विचार :** विवि के शिवालिक भवन छात्रावास से शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एमटेक छात्र राघवेंद्र सिंह परमार का मंगलवार शाम तक कोई पता नहीं चला। जबकि छात्र की बरामदगी पर एक लाख रुपये इनाम की घोषणा की गई है।

खोजबीन में विवि प्रशासन सहित एसपी सिटी मनोज कत्याल के नेतृत्व में पुलिस की तीन टीमें लगी हैं। त्रिवेणीपुरम झूंसी, प्रयागराज (यूपी) निवासी राघवेंद्र सिंह परमार (24) पुत्र रणंजय सिंह परमार जीबी पंत कृषि विवि के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एमटेक (सिविल इंजीनियरिंग) प्रथम वर्ष का छात्र है और शिवालिक भवन छात्रावास के कमरा नंबर-202 में रहकर पढ़ाई कर रहा था। राघवेंद्र शुक्रवार दोपहर 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। उसका मोबाइल बंद मिलने पर वार्डन और सुरक्षा कर्मियों ने राघवेंद्र की संभावित जगहों पर तलाश की थी।

## पड़ोसी को अपमानित करने का आरोप

**जसपुर :** पड़ोसी को जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर अपमानित करने पर पुलिस ने एक दंपति के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली अंतर्गत गांव तालबपुर निवासी राहुल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है तथा उसके पड़ोस में मनीष चौहान उर्फ मोनू का घर है। मनीष चौहान उर्फ मोनू व उसकी पत्नी सरिता चौहान उसके परिवार को परेशान करते रहते हैं और धमकी व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हैं। विगत 06 जून की शाम करीब 7 बजे सरिता चौहान ने उसके घर आकर उसकी मां व भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया।

# व्यापारियों ने किया कोतवाल का घेराव

▸▸ लाखों का पैसा लेकर भागने के आरोपी का भी उठा मुद्दा

▸▸ कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर



कोतवाल का घेराव करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के व्यापारियों से जुड़े कई मुद्दों को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेताओं ने कोतवाल का घेराव किया और ड्रॉप बॉक्स, व्यापारियों का पैसा लेकर भागने वाले के खिलाफ कार्रवाई सहित कई मुद्दे उठाए। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित व्यापारी कोतवाली पहुंचे और कोतवाल धीरेंद्र कुमार का घेराव किया। उनका कहना था कि शहर में एक बैंकर्स कारोबारी कई व्यापारियों का लाखों रुपये लेकर फरार हो गया है। इस कारण कारोबारियों को लाखों की आर्थिक क्षति हुई है। इसके अलावा पिछले कुछ दिनों से बैंकों के ड्रॉप बॉक्स में डाले जाने वाले चेक को चुराकर लाखों का भुगतान होने का मामला सामने आया है। उन्होंने नाराजगी जताई कि व्यापारियों द्वारा संदिग्ध की फोटो वायरल होने के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

साथ ही शुक्रवार को इंदिरा चौक स्थित बैंक से एक सेवानिवृत्त कर्मचारी से 25 हजार लूट का मामला भी सामने आया है। उन्होंने कोतवाल से इन सभी मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाल ने आश्वासन दिया कि पुलिस सभी मुद्दों को गंभीरता से लेगी और बुधवार को बैंकों की बैठक कर मामले की जानकारी जुटाई जाएगी। इस मौके पर राजेंद्र तनेजा, अमित कुकरेजा, गोविंद अग्रवाल, मनीष बांगा, राजेश साहनी, प्रेम अरोरा, हिमांशु अनेजा, शिवम सेठी, ओम छाबड़ा, राजू नारंग, रवि ठुकराल, राज कुमार सिकरी आदि मौजूद रहे।

# लकड़ी मंडी के अतिक्रमण पर लगाए गए लाल निशान

संवाददाता, खटीमा

**20 को हटेगा अतिक्रमण**

**अमृत विचार :** वन विभाग की टीम ने पीलीभीत रोड स्थित आरक्षित वन क्षेत्र की लकड़ी मंडी में चिन्हित अतिक्रमण पर लाल निशान लगाए। अतिक्रमण को 20 जून को फोर्स के साथ हटाया जाएगा।

मंगलवार को एक बार फिर वन विभाग ने लकड़ी मंडी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में तीनों रेंजों की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण की जगह पर क्रॉस के लाल निशान लगाए। वन क्षेत्राधिकारी जोशी ने कहा कि जिन्हें पूर्व में नोटिस दिए गए थे और वन विभाग से कोर्ट से हार चुके हैं तथा अपील खारिज हो चुकी है उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए 10 जून की तिथि दी गई थी। लेकिन उन्होंने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया। इस पर वन विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए लाल निशान लगा अतिक्रमण चिन्हित किया। यह भी कहा कि 20 जून को चिन्हित अतिक्रमण को जेसीबी और फोर्स के साथ ध्वस्त कर दिया जाएगा। वन विभाग के अभियान से लकड़ी मंडी के व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# छीनाझपटी गैंग का सदस्य धरा

▸▸ एक वारंटी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा



पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी।

**अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने छीनाझपटी गैंग के फरार चल रहे शातिर सदस्य को घटना में प्रयुक्त बाइक सहित दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। विगत 7 फरवरी को ग्राम सतुईया थाना पुलभट्टा निवासी पूरन लाल ने मुकदमा दर्ज कराया था कि बाइक सवार दो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए 10 हजार रुपये की नगदी लूट ली है और घटना के बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि छीनाझपटी और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले ग्राम सतुईया थाना पुलभट्टा निवासी आरोपी बंटी को पूर्व में पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है तथा इसी मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ग्राम सतुईया थाना पुलभट्टा निवासी आरोपी उमेश गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस की टीम ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 26 जनवरी 2024 को उसके द्वारा अपने साथी बंटी के साथ ग्राम निवासी पूरन लाल के साथ मारपीट तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर उसका पर्स छीना गया था। आरोपी के अनुसार पीड़ित पूरन लाल से लूटे गए 10 हजार रुपए में से 7 हजार रुपए बंटी तथा 3 हजार रुपए आरोपी उमेश ने अपने पास रख लिए थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक को बरामद कर कब्जे में ले लिया। अन्य मामले में पुलिस ने फौजदारी वाद में लंबे समय से फरार चल रहे ग्राम पुलभट्टा, जिला ऊधम सिंह नगर निवासी बलवंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## कुकाट लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**खटीमा।** खटीमा रेंज के वनकर्मियों ने उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। सोमवार रात्रि में मुखबिर से मिली सूचना पर खटीमा रेंज के वनक्षेत्राधिकारी महेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से लकड़ी लेकर यूपी की ओर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को पोलीगंज में रोक लिया। वनकर्मियों की भनक लगते ही चालक और मजदूर ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गए। टीम लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर खटीमा ले आए। वनक्षेत्राधिकारी जोशी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में अधिकांशतया कुकाट की लकड़ी है। टीम में डिप्टी रेंजर जागेश्वर वर्मा टीम के साथ शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में युवक घायल



**बाजपुर।** बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रम्पुरा गुलड़िया रुद्रपुर निवासी कुलदीप सिंह (37) सोमवार की देर रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक से बेरिया रोड स्थित ग्राम शिवपुरी की ओर रिश्तेदारी में जा रहा था। ग्राम शिवपुरी के नजदीक स्कूटी सवार एक युवती ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और स्कूटी लेकर मौके से फरार हो गई। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार कुलदीप सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों ने मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया है। घायल कुलदीप ने उसके कुछ जरूरी कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस आदि गायब होने की बात कही है।

### कंगना की बयानबाजी को अनुचित ठहराया



सूबा सिंह।

**जसपुर।** आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सूबा सिंह ने किसान आंदोलन पर कंगना रनौत द्वारा की गई अनर्गल बयानबाजी को अनुचित ठहराया है। कहा कि उन्हें आंदोलनकारियों के बारे में सोच-समझकर ही कुछ कहना चाहिए था।

### अंडरपास का निर्माण कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा

**बाजपुर :** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर केलाखेड़ा बाइपास पर अंडरपास का निर्माण कराए जाने एवं हाईवे पर उचित पथ प्रकाश व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर केलाखेड़ा के निवर्तमान चेयरमैन अकरम खान ने मंगलवार को गल्फार हेड संतोष शर्मा व एनएचआई के साइट इंजीनियर सोनू गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया है।



रोडवेज परिसर पर पड़ी आरओबी निर्माण की सामग्री।

### एआरएम ने निर्माण सामग्री हटाने के लिए भेजा नोटिस

**काशीपुर।** रोडवेज परिसर से आरओबी निर्माण सामग्री हटाने को लेकर एआरएम ने डीएम को पत्र भेजा है। इसके साथ ही आरओबी निर्माण की कार्यदायी संस्था को नोटिस भेजकर निर्माण सामग्री को हटाने और सात दिन के भीतर परिसर की सफाई करने के लिए कहा है। मंगलवार को एआरएम अनिल कुमार सैनी ने बताया कि आरओबी निर्माण होने के बाद भी निर्माण में उपयुक्त होने वाले उपकरण अब तक रोडवेज परिसर से नहीं हटाए गए हैं। इसके चलते बसों के आवागमन में लम्बे समय से कठिनाई हो रही है। साथ ही बस अड्डे में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, इससे यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनमानस द्वारा भी इस पर आपत्ति प्रकट की जा रही है।

**लामबंद** मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया

# हरिद्वार अधिवेशन में उठीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता, गदरपुर




हरिद्वार में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल की राष्ट्रीय बैठक में विचार विमर्श करते पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के हरिद्वार में हुए अधिवेशन के तीसरे दिन किसानों की समस्याएं उठाई गईं। किसानों ने तहसीलदार सदर को मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के राष्ट्रीय अधिवेशन के तीसरे दिन किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर विचार विमर्श किया गया।

इस दौरान किसानों ने हरिद्वार के सदर तहसीलदार को अधिवेशन स्थल पर मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तराखंड के फल सब्जी उत्पादनों के लिए एमएसपी का प्रावधान किया जाए, उत्तराखंड के गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के लिए बेहतर व्यवस्था लागू की जाए ताकि 14 दिन से अधिक भुगतान में विलंब न हो अन्यथा ब्याज की व्यवस्था लागू की जाए। भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में ट्यूबवेल मोटर बिजली बिल निशुल्क दिए जाएं। बाजपुर के 20 गांव की भूमि का मालिकाना अधिकार लोगों को शीघ्र दिया जाए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी, राजवीर सिंह, राम त्यागी, विक्रम गोरिया, सुरेंद्र बटला, सुरजीत बेदी, जोगेंद्र सिंह, संजय चौधरी, सुदेश डग, संतोष सिंह, देवेंद्र विर्क, जगरूप सिंह, अमनदीप ढिल्लों, तेजिंदर बाजवा, गुरनाम सिंह आदि मौजूद थे।

# रोडवेज डिपो के बाहर से जा रही बसें, यात्री परेशान

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ डिपो प्रभारी ने एसडीएम को पत्र लिख आरओबी पर रोडवेज बसों के संचालन की मांगी अनुमति

**अमृत विचार :** बाजपुर रोड स्थित आरओबी पर आवाजाही न होने से अधिकतर बसें रोडवेज डिपो तक नहीं पहुंच रही हैं।

वह बाहर ही बाहर अपने गंतव्य की ओर जा रही हैं। इससे रोडवेज डिपो पहुंच रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए परिवहन निगम ने उपजिलाधिकारी काशीपुर को पत्र भेजकर आरओबी पर बसों के संचालन की अनुमति मांगी है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। आरओबी से बसों का संचालन करने की मांगी है। काशीपुर रोडवेज डिपो के एआरएम अनिल सैनी द्वारा उपजिलाधिकारी काशीपुर को पत्र भेजकर कहा कि बाजपुर रोड पर आरओबी का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। लेकिन आरओबी पर बसों के संचालन न होने से अधिकतर बसे रोडवेज डिपो नहीं पहुंच पा रही है और वह बाहर से निकल रही है। इससे क्षेत्र की जनता को निगम की बसों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं आरओबी व स्थानीय प्रशासन द्वारा उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों को आरओबी से संचालित करने के सम्बन्ध में कोई निर्देश भी प्राप्त नहीं हुए हैं।

# नीट परीक्षा में धांधली और महंगाई को लेकर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ता

## मोदी और धामी सरकार का फूंका पुतला, केंद्र व राज्य सरकार पर लगाया धांधली का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर


मोदी व धामी सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्र की मोदी व प्रदेश की धामी सरकार पर महंगाई और नीट परीक्षा में धांधली करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर नारेबाजी की और केंद्र व प्रदेश सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। आरोप लगाया कि एक ओर जहां केंद्र में सरकार बनते ही मोदी सरकार ने दूध और टोल टैक्स में वृद्धि कर दी। वहीं नीट परीक्षा को भी धांधली की भेंट चढ़ा दिया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगी।

मंगलवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा की मौजूदगी में कार्यकर्ता डीडी चौक पर एकत्रित हुए और पुतला दहन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरी बार मोदी की सरकार बनते ही दूध और टोल टैक्स को बढ़ा दिया गया है। जहां एक ओर महंगाई से आम जनता उबर भी नहीं पाई थी कि मोदी सरकार ने दूरदराज यात्रा करने वालों पर आर्थिक बोझ डाल दिया। वहीं दूध के बढ़े दामों ने खर्चा बढ़ा दिया है। इसके अलावा नीट परीक्षा 2024 का परिणाम में बड़ी धांधली की आशंका है, क्योकि पांच मई को आयोजित परीक्षा में 23 लाख विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था।

14 जून को परीक्षा परिणाम सामने आया तो 67 अभ्यर्थियों का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। यानी परीक्षा पत्र अंक पूरे आए जो कि नीट जैसी परीक्षा में आना संभव नहीं है। जिसको लेकर लाखों युवा परिणाम पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने नीट परीक्षा परिणाम की सीबीआई जांच करने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया है। साथ ही महंगाई को नियंत्रित करते हुए टोल टैक्स व दूध के दामों को कम करने की भी मांग की। इस अवसर पर ममता रानी, महामंत्री सुनील आर्य, गोपाल भसीन, सतीश कुमार, रामकृष्ण सैनी, अजीज खान, अबरार अहमद, मोहन कुमार, उमा सरकार, भूपेश सोनी, बेबी सिकंदर, आसिम पाशा, राधेश्याम बंसल, खगपति विश्वास, राजीव विश्वास, संजय आइस, अनिल साहनी, छत्रपाल, ओमप्रकाश, इरशाद अहमद, उमर खान, नारायण घोष, अरविंद मामू, मनोज कुमार, संजय कुमार, संजीव राठौर, लखविंदर सिंह बेदी, रोहित चौहान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एनडीए सरकार में भारत बनेगा विकसित राष्ट्र


संजीव कुमार सिंह।

**किच्छा:** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजीव कुमार सिंह ने तीसरी बार नरेंद्र मोदी के देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा कि पीएम मोदी के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने के साथ-साथ विश्व की बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा। उन्होंने मोदी सरकार में मंत्रिमंडल सहयोगियों एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रदेश में जिस तरह जनता के बीच विकास कार्य कराए जा रहे हैं, उसी का परिणाम है कि अल्मोड़ा से तीसरी बार सांसद बने अजय टम्टा को केंद्र सरकार में राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

### शकील अनवर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड


शकील अनवर।

**जसपुर:** कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की ओर से गालिब एकेडमी, दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड से उर्दू भाषा के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के पूर्व सदस्य शिक्षक शकील अनवर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### अभाविप ने सीबीआई जांच की मांग उठाई

**खटीमा:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी महानिदेशक को ज्ञापन भेजकर नीट यूजी 2024 में व्याप्त विसंगतियों की सीबीआई जांच तथा एनटीए द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में बेहतर सुरक्षा उपायों की व्यवस्था करने की मांग की। अभाविप जिला संयोजक नीरज सिंह धामी के नेतृत्व में तहसील में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार हिमांशु जोशी को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नीट यूजी 2024 की परीक्षा और परीक्षाफल में भारी अनियमितताएं हुई हैं। इस दौरान पूर्व नगर प्रमुख हर्षित सिंह, नगर मंत्री रिया बिष्ट, छात्रसंघ उपाध्यक्ष शुभम पटवा, महासचिव अर्पित कलौनी, आकाश वर्मा, कुनाल सक्सेना, सुमित बहादुर पाल, रोहित जोशी, आशीष गौतम, शुभम भट्ट, निकिता उपाध्याय आदि मौजूद थे।


खटीमा में तहसीलदार हिमांशु जोशी को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

# पत्थर मारकर विहिप नेता की कार का शीशा तोड़ा

संवाददाता, बाजपुर


विहिप नेता की कार का टूटा शीशा।

**अमृत विचार:** अज्ञात व्यक्ति ने विहिप नेता यशपाल राजहंस की कार का शीशा पत्थर मारकर तोड़ दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि कार संख्या यूके18क्यू6112 केशवनगर (चूना भट्टी) में तेजप्रकाश शर्मा के घर के सामने खाली प्लाट में खड़ी थी।

सोमवार-मंगलवार की रात करीब 2.45 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर मारकर कार की खिड़की का शीशा तोड़ दिया है और कार में छानबीन की गई। कहा कि वह हिंदुवादी संगठन में प्रदेश स्तरीय दायित्व पर लंबे समय से लव जिहाद, गौहत्या, धर्मांतरण जैसे षडयंत्रों के विरुद्ध सक्रिय भूमिका में प्रखरता से कार्य कर रहे हैं। ऐसे में हो सकता है कि धर्म विशेष के लोगों द्वारा उनके वाहन को जानबूझकर लक्ष्य बनाया गया हो। भविष्य में उनकी जानमाल को भी खतरा है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

# मूर्ति हटाने के प्रयास के मामले ने पकड़ा तूल

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में बाबा साहब डॉ .भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष धरना-प्रदर्शन व नारेबाजी करते भीम आर्मी से जुड़े लोग।

**अमृत विचार:** ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति हटाने के प्रयास का मामला तूल पकड़ गया है। अब इस मामले में भीम आर्मी भी ग्रामीणों के समर्थन में आ गई है। अपने समर्थकों के साथ पहुंचे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष अजय गौतम ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जबरन बाबा साहब की मूर्ति को हटाने का प्रयास किया तो भीम आर्मी से जुड़ा देशभर का एससी-एसटी व ओबीसी समाज बाजपुर में पहुंचकर विरोध करेगा।

मंगलवार को दर्जनभर समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष अजय गौतम ने स्थानीय लोगों से प्रकरण के बारे में जानकारी हासिल की और पिछले दिनों मूर्ति हटाने पहुंचे प्रशासन की कार्रवाई को गलत बताया। कहा कि जरूरत पड़ी तो नगीना के नवनिर्वाचित सांसद भीम आर्मी के राष्ट्रीय नेता चंद्रशेखर आजाद को भी मामले से अवगत करवाकर बाजपुर बुलाया जाएगा और भीम आर्मी से जुड़े देशभर के लोग भी बाजपुर पहुंच जाएंगे। इस दौरान मूर्ति के पास धरना देकर जोरदार प्रदर्शन व नारेबाजी की गई। इस मौके पर भीम आर्मी के बाजपुर विधानसभा अध्यक्ष विपिन जाटव, एडवोकेट सौरभ कुमार, काशीपुर विधानसभा सचिव नितेश कुमार, मीनाक्षी अंबेडकर, बंटी जाटव, विवेक जाटव, गौरव जाटव, कार्तिक जाटव, सुभाष जाटव, संजय अंबेडकर आदि मौजूद रहे।


गुरुद्वारा साहिब में 12 दिन समर कैंप में प्रतिभाग करने के बाद मेडल व प्रमाणपत्र पाकर खुश बच्चे व अभिभावक।

# बच्चों को गुरु के इतिहास की जानकारी दी

**बाजपुर:** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के तत्वावधान में गुरमत सिखलाई शिविर का गुरुद्वारा साहिब में समापन किया गया। इस दौरान प्रचारक मनजीत सिंह ने जहां बच्चों को गुरु इतिहास के संदर्भ में जानकारी दी वहीं युवा पीढ़ी को नशे से बचने और नशा करने से होने वाले नुकसान के संदर्भ में अवगत कराया। सभी बच्चों को शिरोमणि कमेटी द्वारा जारी मेडल व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा, अवतार सिंह सैनी, हरदयाल सिंह, स्थानीय प्रचारक मनजीत सिंह, डॉ. रतन सिंह, बाज सिंह, जीत सिंह, विचित्र सिंह, गगनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# एरियर के भुगतान को लेकर हंगामा

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में चीनी मिल के प्रशासनिक भवन में नारेबाजी करते श्रमिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** काफी समय से लंबित एरियर की धनराशि का भुगतान न होने से आक्रोशित चीनी मिल कर्मचारी मंगलवार को काफी संख्या में एकत्रित होकर सहकारी चीनी मिल के प्रशासनिक भवन जा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रधान प्रबंधक की गैर मौजूदगी में प्रभारी मुख्य लेखाकार बीरसेन राठी का घेराव कर धनराशि के भुगतान की मांग की।

कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए मिल प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। इस दौरान प्रभारी मुख्यलेखाकार व कार्मिकों के बीच तीखी बहसबाजी भी हुई। कर्मकारों का कहना है कि भुगतान करने के लिए उच्च न्यायालय नैनीताल का आदेश 10 जनवरी 2024 को हो गया था, लेकिन 5 माह बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं दिया है। प्रभारी मुख्य लेखाकार बीरसेन राठी ने प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह से फोन पर वार्ता करने के बाद बताया कि 13 जून को कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ प्रधान प्रबंधक एक बैठक आयोजित करेंगे जिसमें इन समस्याओं पर विचार कर समस्या का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर गेंदराज सिंह, जोर सिंह, मुकेश, नजाकत, जफर अली, विशेष शर्मा, कुलवंत, काली सेवक, दौलत सिंह, कुलविंदर, सोमपाल, राजू, रौनिक आदि शामिल रहे।

# दिव्यांगों के लिए पैरा खेलों का प्रशिक्षण शिविर आज से

संवाददाता, रुद्रपुर


कोच सत्य प्रकाश।

**अमृत विचार:** जनपद के दिव्यांग खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने व पैरा खेलों को बढ़ावा देने के लिए बुधवार से 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में सुबह 8 बजे से सात दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी एवं कोच सत्य प्रकाश के प्रयासों से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें चयनित दिव्यांग खिलाड़ियों को कुशल प्रशिक्षकों से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।


मंगलवार को राज्य एवं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 30 से अधिक पदक प्राप्त कर चुके अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी सत्य प्रकाश सत्य प्रकाश ने बताया कि अधिकांश दिव्यांग जन अपने घर में रहते हैं। अपनी देखभाल के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर रहते हैं। खुद की देखभाल करने में वे असमर्थ हैं और उनके पास कोई नौकरी नहीं होती है। इस स्थिति को बदलने के लिए खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**राहत** | काशीपुर के प्रतापपुर क्षेत्र में स्थित अटल उत्कृष्ट विद्यालय में बना है छात्रावास

# छात्रावास का जून के अंत में होगा शुभारंभ

- जून माह के अंत में छात्रावास को बच्चों के लिए शुरू करने की शिक्षा विभाग की तैयारी

संवाददाता, काशीपुर


प्रतापपुर में बन रहा छात्रावास। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** काशीपुर के प्रतापपुर क्षेत्र में ढाई करोड़ रुपये की लागत से बन रहे छात्रावास का जून माह के अंत में शिक्षा विभाग शुभारंभ करने जा रहा है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नए छात्रावास में 50 बेड लगाए गए हैं। अब तक छात्रावास के बच्चे किराए की भवन में रह रहे थे।

विगत वर्ष असहाय बच्चों को पढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने प्रतापपुर के अटल उत्कृष्ट विद्यालय में ढाई करोड़ रुपए की लागत से छात्रावास बनाने की स्वीकृति दी थी। जिसके बाद छात्रावास को बनाने का कार्य शुरू हो गया था। छात्रावास में बच्चों के रहने के लिए 14 कमरे, एक एक्टिविटी रूम, डाइनिंग रूम, ऑफिस व स्टाफ के रहने के लिए कक्ष बनाए गए हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छात्रावास का कार्य पूरा हो चुका है। जून अंत तक छात्रावास का शुभारंभ कर बच्चों के लिए छात्रावास को खोल दिया जाएगा।

### पास के भवन में रह रहे 50 बच्चे

**काशीपुर:** शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, अटल उत्कृष्ट विद्यालय के पास स्थित एक किराए के भवन में 50 बच्चों को रखा गया है। इसमें एक से आठ तक की कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चे शामिल हैं।

> छात्रावास बनकर तैयार हो चुका है। जून माह के अंत तक छात्रावास का शुभारंभ करने की तैयारी की जा रही है।
> **- डीके साहू**, खंड शिक्षा अधिकारी, काशीपुर।

## सार-संक्षेप


वार्ड एक में बैठक करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### जलभराव की समस्या पर कांग्रेस ने किया मंथन

**काशीपुर:** वार्ड नंबर एक रम्पुरा नीझड़ा में अर्जुन रावत के प्रतिष्ठान पर कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र में जलभराव की समस्या पर चर्चा की गई। इसको लेकर एसडीएम से वार्ता करने का निर्णय लिया गया। मंगलवार को हुई कांग्रेस की बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस महासचिव अनुपम शर्मा ने वार्ड की मुख्य समस्या जलभराव पर भी चर्चा की और उसके समाधान के लिए वार्डवासियों के साथ एसडीएम व नगर आयुक्त से मुलाकात कर वार्ता का निर्णय लिया है। बैठक में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, संदीप सहगल एडवोकेट, वार्ड अध्यक्ष मानसिंह, ललित रावत, गौरव चौधरी, विजयपाल सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह मनराल, रईस अहमद, राशिद सैफी, अमरीक सिंह, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।


नीब करौरी बाबा आश्रम सेवा समिति की बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता।

### जसपुर में 14 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**जसपुर:** नीब करौरी बाबा आश्रम सेवा समिति की बैठक में आश्रम के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जसपुर के धर्मशाला मंदिर परिसर में हुई बैठक में तय किया गया कि 14 जून को शाम को 4 :30 बजे नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी और 15 जून को सुभाष चौक पर सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। सुंदरकांड का पाठ श्री सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा करवाया जाएगा। बैठक में विमल सिंह चौहान, अंकित कुमार गोला, नीलकमल शर्मा, आदित्य चौहान, यशपाल शर्मा, गगन खन्ना, माधव चौधरी, विमल अग्रवाल, शिवम चौहान, दीपक चौहान, शोबित चौहान, महिपाल सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### कश्यप महासभा की कार्यकारिणी का गठन





**जसपुर:** कश्यप महासभा की विधानसभा स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया। जसपुर के मोहल्ला चौहान स्थित कश्यप महासभा भवन में कश्यप समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कश्यप महासभा की विधानसभा स्तरीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें सर्वसम्मति से धर्मेंद्र कश्यप अध्यक्ष, दीपक राणा महामंत्री, मनोज कुमार उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार काका संयुक्त मंत्री, सोनू कश्यप कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक की अध्यक्षता मास्टर हरकेश सिंह राणा ने अध्यक्षता की। इस मौके पर जसवंत सिंह, डॉ. सीपी सिंह, मुरली सिंह, विकास कुमार, नितिन कुमार, प्रशांत कश्यप, राहुल कश्यप, धर्मवीर सिंह, राजीव कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।


खटीमा में ईओ दीपक शुक्ला को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### डिवाइडर में लगे पौधों की सिंचाई की हो व्यवस्था

**खटीमा:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी की ज्ञापन सौंपकर डिवाइडर के बीच किए गए पौधरोपण के लिए सुचारू पानी की व्यवस्था करने की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उमेश सिंह राठौर बॉबी राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पालिका के ईओ दीपक शुक्ला से कहा कि खटीमा-टनकपुर मार्ग के मध्य में बने डिवाइडर के बीच में लगाए गए पौधारोपण पानी के अभाव में सूख रहे हैं। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए डिवाइडर में लगे पौधों के लिए सुचारू रूप से पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्या, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, पंकज टम्टा, रमेश जोशी, मो ताहिर, बीरू राना, रवि अग्रवाल, दीपक मुंडेला, ललित सामंत आदि थे।

### जेईई एडवांस में सफल रहे हिंद के तुषार और हार्दिक


तुषार अग्रवाल।


हार्दिक अग्रवाल।

**खटीमा:** हिंद पब्लिक स्कूल के छात्र रहे तुषार अग्रवाल और हार्दिक अग्रवाल ने जेईई एडवांस परिकाश पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के एमडी नीरज कुमार, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, प्रशासिका मंजू खन्ना, उपप्रधानाचार्य पूजा जोशी, नीमा कन्याल, रंजीत मेहरा, प्रिया भट्ट, गीता कन्याल, रेनू सिंह, रौली सक्सेना, शिखा पुनेठा आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की


राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के शिक्षा शिविर के समापन के मौके पर मौजूद स्वयंसेवी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा शिविर का समापन

काशीपुर : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीते 15 दिनों से चल रहे शिक्षा शिविर का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम के दौरान शहर में पथ संचलन किया गया। शिक्षा शिविर में तीन सौ से अधिक स्वयं सेवकों ने शिक्षण प्राप्त किया। बता दें कि कुंडेश्वरी रोड स्थित साइन पब्लिक स्कूल में 10 जून से संघ शिक्षा वर्ग सामान्य का आयोजन किया जा रहा था। इसका सोमवार की शाम समापन हो गया। इस शिक्षा वर्ग में 320 शिक्षार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है। कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेश जिंदल, क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र सिंह, पूर्व विधायक डॉ .शैलेन्द्र मोहन सिंघल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



सांसद अजय भट्ट का बुके देकर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपाइयों ने किया सांसद अजय भट्ट का स्वागत

**रुद्रपुर :** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करने वाले सांसद अजय भट्ट का भाजपा नेता सुरेश गौरी ने कार्यकर्ताओं के साथ पंतनगर अतिथि गृह पहुंचकर बुके देकर स्वागत किया और बधाई दी। मंगलवार को मुलाकात के दौरान भाजपा नेता सुरेश गौरी ने कहा कि उनकी ऐतिहासिक जीत के बाद विकास कार्यों में और तेजी आएगी। आगामी विधानसभा के दो उप चुनाव एवं निकाय चुनाव में भी भाजपा जीत का परचम लहराएगी। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी, प्रेमलता सिंह आदि मौजूद रहे।



अनाथ गरीब कन्या की शादी के लिए सामान सौंपते जसपुर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी।

### गरीब कन्या की शादी के लिए सामान सौंपा

**जसपुर :** रामलीला कमेटी की ओर से एक अनाथ गरीब कन्या की शादी के लिए सामान सौंपा गया। जसपुर की रामलीला कमेटी, मोहल्ला चौहानान ने जो धनराशि रामलीला के समापन के उपरांत शेष रह गई थी, उसे गरीब कन्या के विवाह हेतु व्यय किए जाने का निर्णय लिया था। उसी के अनुसार एक कन्या जिसके माता-पिता नहीं हैं, के विवाह में आवश्यक सामान देने के लिए रामलीला कमेटी की बैठक में सहमति हुई। मंगलवार को गांव हजीरो फार्म जाकर कन्या को उसके विवाह का आवश्यक समान सौंपा गया। कमेटी ने एक बेड, दो गद्दे, बेड सीट, तकिये, 4 कुर्सी, मेज, अलमारी, पंखा, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, 51 बर्तन, चावल आदि भेंट किए। इस मौके क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, बलराम तोमर, संजय राजपूत, डॉ. बीएस गौतम महामंत्री, यशपाल शर्मा उपाध्यक्ष, मनोज गहलौत कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार गहलौत, शैलेन्द्र गहलौत, हिमांशु नंबरदार, डॉ. मोहन प्रजापति, राजेन्द्र सिंह, सर्वेश चौहान, राहुल चौहान, आशु बंसल आदि मौजूद रहे।



दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष विवेकदीप सिंह। ● अमृत विचार

### पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से लौटे भाजपा नेता

**किच्छा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में शिरकत कर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के लिए किच्छा से उन्हें भी निमंत्रण पत्र मिला था। इसके बाद उन्होंने नवनिर्वाचित सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत के साथ शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की।



खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी।

### मंदिर से जगबूड़ा पुल तक स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

**खटीमा :** पूर्व सैनिक संगठन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर से जगबूड़ा पुल के बीच बढ़ती मार्ग दुर्घटना को रोकने की मांग की है। पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि वनखंडी महादेव शिव मंदिर चकरपुर से जगबूड़ा पुल तक में जंगल क्षेत्र वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में विगत छह माह में रात्रि में कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। यह भी कहा कि राजमार्ग पर रात्रि के समय मां पूर्णागिरि धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी खतरा बना रहता है। पूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए एनएच व वन विभाग को निर्देशित करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में एमडी अवस्थी, भूपेंद्र सिंह खोलिया, भगवान, बहादुर चंद, ललित जोशी, धन सिंह सामंत आदि मौजूद थे।

# जिले में अर्जुन देव जी महाराज का शहीदी दिवस मनाया

## किच्छा, दिनेशपुर, खटीमा और जसपुर में छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया, भीषण गर्मी में लोगों को मिली राहत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** सिख धर्म के पांचवे गुरु गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने शरबत का वितरण किया। निकटवर्ती ग्राम आजादनगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी के प्रधान जितेंद्र सिंह संधू के नेतृत्व में तमाम श्रद्धालुओं ने किच्छा -आजाद नगर मार्ग पर छबील लगाई। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जितेंद्र सिंह संधू ने बताया कि पांचवे गुरु गुरु अर्जन देव जी महाराज का पूरा जीवन देश एवं धर्म की रक्षा के लिए समर्पित रहा और उन्होंने देश एवं धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान कर दिया। मौके पर प्रदीप सिंह, विनोद कुमार, खुशविंदर सिंह, राजकुमार कोहली, अमरपाल सिंह, मनवीर सिंह, प्रदीप सिंह खालसा, भूपेंद्र सिंह डिंपल, रमन सिंह, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

**दिनेशपुर:** गुरु अर्जुन देव जी के शहीद दिवस पर गुरुद्वारा माता साहिब कौर के मुख्य गेट पर पंजाबी महासभा एवं गुरुद्वारा सिंह सभा खटोला, दुर्गापुर, जयनगर में सिख समुदाय के लोगों ने छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। इस मौके पर बाबा गुरदेव सिंह, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष केके गावा, महासचिव अशोक अरोरा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, डॉ कुलवंत सिंह वर्क, विशंभर लाल मिगलानी, बलवंत सिंह, योगेश मिगलानी, राकेश बाठला, चेतन सुखीजा, विकास अरोरा, राहुल बाठला, प्रमोद अरोरा, अशोक कालड़ा, सागर सिंह आदि रहे।



किच्छा में शरबत वितरित करते गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य। ● अमृत विचार



जसपुर में राहगीरों को शरबत पिलाते सामाजिक कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



दिनेशपुर में छबील लगाकर शरबत बांटते पंजाबी महासभा के सदस्य। ● अमृत विचार



खटीमा में टनकपुर रोड पर छबील में राहगीरों को शरबत पिलाते लोग।

**जसपुर:** सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाया। कृषक सलाहकार समिति ब्लॉक अध्यक्ष मुख्तियार सिंह घुम्मन ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से मंगलवार को जसपुर-काशीपुर मार्ग स्थित नौमी वाले पुल के पास अपने प्रतिष्ठान पर गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में एवं अपने पुत्र एकजोत सिंह के जन्मदिन पर भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाया। इस मौके पर प्रेम सिंह सहोता, गुरविंदर सिंह, अवतार सिंह कुलदीप सिंह, अभिजोत सिंह, जगदेव सिंह, संदीप सिंह, जगराज सिंह, कुलजिंदर सिंह, अकरम सैफी, सतनाम सिंह, जसवंत सिंह, मनदीप कौर, अभिनव कुमार चौहान, बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

**खटीमा:** सिखों के पांचवे गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर स्थानीय व्यापारियों, समाजसेवियों ने टनकपुर रोड पर राहगीरों और पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया। इस अवसर पर संतोष मल्होत्रा, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष विजय अरोड़ा, मनोज बाधवा, राजीव मल्होत्रा, हरीश बत्रा, बाबूराम अरोड़ा, ताजिम भाई, कविता धींगरा, घनश्याम अग्रवाल मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में अध्यापक की मौत

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** सड़क दुर्घटना में एक अध्यापक की दर्दनाक मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया।



शक्ति सिंह।

जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव अंगदपुर निवासी 30 वर्षीय अध्यापक शक्ति सिंह पुत्र घनेंद्र सिंह थाना ठाकरद्वारा, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के गांव सुल्तानपुर दोस्त स्थित डिग्री कॉलेज में पढ़ाकर मोटरसाइकिल से शाम को अपने घर लौट रहे थे। जसपुर-ठाकुरद्वारा रोड पर गांव अमिया वाला के पास एक ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और उसके द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अध्यापक को उपचार के लिए जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सड़क दुर्घटना में हुई अध्यापक की मौत से उनके परिवार जनों में कोहराम मच गया। समाचार लिखने तक मृतक के परिजन घटना के संबंध में कोतवाली में तहरीर नहीं दे पाए थे। पुलिस ने अध्यापक को टक्कर मारने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मृतक के चाचा नवनीत चौहान ने बताया कि मृतक अध्यापक शक्ति सिंह के पिता घनेंद्र सिंह की मौत भी 12-13 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में ही हुई थी।

### खतरा बने पेड़ों की लॉपिंग कराने की मांग

**अल्मोड़ा :** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर से लगे विशालकाय पेड़ आसपास के आवासीय मकानों के लिए खतरा बने हैं। मंगलवार को स्थानीय लोगों ने प्राचार्य से मुलाकात कर पेड़ों की लॉपिंग करने की मांग उठाई। मामले को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा कि बीते दिनों अंधड़ के बीच परिसर से पेड़ टूटकर लोगों के आवासीय मकानों पर गिर गए। हालांकि इस बीच बड़ा हादसा होने से टल गया। लेकिन इसके बाद लोगों में भय है। कहा कि जिन पेड़ों से लोगों के आवासीय भवनों को खतरा है, उन पेड़ों को कटवाना चाहिए। कटान नहीं होने की स्थिति में शीघ्र लॉपिंग कराने की मांग उठाई। प्राचार्य जीजी गोस्वामी ने मामले में वन विभाग को पत्र भेज कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में निर्वतमान सभासद अमित साह, रमेश चंद्र जोशी, सुंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, मुकुल जोशी मौजूद रहे।

# बैंक में रातभर एक चूहे ने छकाया

संवाददाता, काशीपुर

- **बाजपुर रोड पर बैंक का अलार्म बजने से रही अफरातफरी**
- **बैंक प्रबंधक बोले- सीसीटीवी का केबल कटने से बजा अलार्म**

**अमृत विचार:** शहर के बाजपुर रोड स्थित एक निजी बैंक में देर रात अलार्म बजने की घटना से पुलिस से लेकर बैंककर्मी तक परेशान हो गए। किसी अनहोनी की घटना को समझकर पुलिस और बैंक कर्मी पहुंच गए लेकिन बाद में पता चला कि चूहे द्वारा सीसीटीवी का केबल काटने की वजह से यह अलार्म बजा था। इस दौरान अलार्म बजने की वजह जानकर सभी ने राहत की सांस ली। मामले में बैंक के तरफ से उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है।

बाजपुर रोड स्थित बंधन बैंक में सोमवार की देर रात अचानक बैंक का अलार्म बजने लगा। इस दौरान इसकी सूचना पुलिस को मिली। आनन-फानन में टांडा उज्जैन चौकी के पुलिस कर्मी बैंक पर पहुंच जांच करने लगे। बैंक पूरी तरह से बंद था लेकिन अलार्म बज रहा था। पुलिस की सूचना पर पहुंचे बैंक कर्मियों ने जब अंदर जाकर जांच किया तो पता चला कि सीसीटीवी का केबल चूहे ने काट खाया था जिसके बाद अलार्म बजने लगा। तत्काल इसके बाद केबल को सही किया गया। मामले में बैंक प्रबंधक ने कहा कि मामले में जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। टांडा उज्जैन चौकी प्रभारी मनोज जोशी ने बताया कि अलार्म चूहे के तार काटने के वजह से बज गया था। मौके पर पहुंच जांच में सब कुछ सही पाया गया था। पहले भी बैंक में तकनीकी दिक्कत से अलार्म बज चुका है। फिलहाल बैंक का अलार्म सही कराने के निर्देश दिए हैं।

# तीर्थयात्रियों पर हमले से रोष

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** जम्मू के रियासी क्षेत्र में तीर्थयात्रियों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के विरोध में सनातन एकम भारत दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जम्मू कश्मीर में सेना को आतंकवादियों को ठिकाने लगाने की खुली छूट देनी चाहिए।

मंगलवार को एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य बाजार हजारीलाल पेट्रोल पंप के पास एकत्र हुए। जहां पर उन्होंने रविवार को जम्मू कश्मीर के रियासी क्षेत्र में बस में वैष्णो देवी जा रहे तीर्थ यात्रियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर 10 लोगों के मारे जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. आरके महाजन ने कहा कि केंद्र सरकार दावे करती है कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को कुचल दिया गया है लेकिन आतंकवादियों द्वारा लगातार सेना और आम नागरिकों पर हमले किए जा रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्ना, गोपाल कश्यप, राजकुमार, कुंवर सिंह, सोनू, रमेश कंबोज, जगदीश कंबोज, जयप्रकाश, अमित बत्रा, सुमित गुप्ता, ललित कांडपाल, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।



गदरपुर के मुख्य बाजार में प्रदर्शन करते एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ता।


## वर्ग पहेली-98

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट, धोखा, धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



### वर्ग पहेली -97 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | ■ | 2 हैं | 3 स | न | ■ |
| ■ | ■ | 4 खु | ■ | ह | ■ | 5 गां |
| 6 ऐ | ■ | ट | ■ | यो | ■ | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | ■ | ना |
| पै | ■ | न | ■ | ■ | 8 नि | ■ |
| थ | ■ | ■ | 9 घा | ■ | ढा | ■ |
| ■ | ■ | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 7 | | | | | 2 |
| 7 | | | | 8 | 6 | | 5 | |
| | | 4 | | 9 | | 6 | | 3 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 7 | 8 | | |
| | 1 | | 9 | | | 5 | | |
| 9 | | 6 | | 4 | | 7 | | |
| | 4 | | 1 | 2 | | | | 6 |
| 8 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 4 | 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 |
| 1 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 19 .16 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज अनावश्यक क्रोध करने से स्वजन आपके प्रति शत्रुवत हो सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन शुभ नहीं है। जॉब में अधिकारियों से आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। पेट दर्द की समस्या हो सकती है।

**वृष:** आज नया कारोबार शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। मन में काम को लेकर उत्साह कम हो सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। गुप्त विद्याओं की तरफ आपका रुझान बढ़ सकता है।

**मिथुन:** आज घर के वास्तु में कुछ सुधार आदि कर सकते हैं। आप काफी सोच-समझकर भविष्य की योजना बनाएंगे। मित्रों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। दिन शुभ रहेगा। यद्यपि आपके ऊपर जवाबदेही बढ़ेगी,किंतु आप फिर भी काफी उत्साहित रहेंगे।

**कर्क:** आज आपके कार्य धीमी गति से होंगे। इसीलिए आपको काफी धैर्य रखने की आवश्यकता है। यात्राओं के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। आपको बातचीत के दौरान विनम्र रहना सीखना होगा। सहयोगी कर्मचारियों से विवाद होने की आशंका है।

**सिंह:** आज दूसरों के झगड़ों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आप उत्साहपूर्वक अपना काम कर पाएंगे। निवेश को लेकर जल्दबाजी न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप धार्मिक विषयों को लेकर काफी सक्रिय हो सकते हैं।

**कन्या:** आज क्रोध के कारण आपको नुकसान हो सकता है। ऐसे लोगों से संपर्क में न रहें,जो आपको गुस्से के लिए उकसाते हों। व्यवसाय में नवीन प्रयोग करने से बचें। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको सावधान रहना चाहिए। मन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**तुला:** आज आप काफी अध्यात्मिक रहेंगे। जॉब में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से कारोबार या नौकरी को लेकर आपको मौके मिल सकते हैं। नई तकनीक के प्रति आपका आकर्षण बढ़ेगा। संभव है कि आप किसी डिवाइस पर धन खर्च करें।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। मित्रों का काफी सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सफलता मिल सकती है। जॉब में पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपको प्रबुद्ध व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।


**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी सक्रियता बढ़ेगी,किंतु आपको ज्यादा निवेश करने से बचना चाहिए। अपने संपर्कों को बढ़ाने का प्रयास करें। आपका मन काम में नहीं लगेगा। आप कुछ दूसरे कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं।

**मकर:** आज अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। आप आपको सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अनावश्यक भागदौड़ के कारण आपको थकान की अनुभूति होगी।

**कुंभ:** आज व्यवसाय काफी लाभप्रद रहने वाला है। जीवनसाथी आपको कड़ी सलाह दे सकता है, किंतु यह आपके लिए लाभप्रद अवश्य होगी। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता मिलेगी। आपके सहयोगी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**मीन:** आज कुछ कार्यों के उलझने के योग बन रहे हैं। लोन वगैरह लेने से आपको बचना चाहिए। नौकरी को लेकर चिंता और तनाव हो सकता है। अपनी वाणी में विनम्रता का भाव रखें। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

### आज का पंचांग



**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 13 जून 02 .12 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- आज का रावण — सुबह : 08 .00
- होते होते प्यार हो गया — रात : 07 .00

**&pictures**
- सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11 .11
- लव हॉस्टल — रात : 08 .00

**Sony Pix**
- वेनम — सुबह : 11 .10
- होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 09 .00
- हॉलीडे — दोपहर : 02 .10

**Colors Cineplex**
- राजा हिन्दुस्तानी — सुबह : 11 .37
- जब वी मेट — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर दोपहर : 02 .10 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटुवचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

## संपादकीय

# विदेश नीति की चुनौतियां

भारत आज विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में से एक है। वैश्विक मंचों पर बढ़ रही भारत की स्वीकार्यता महाशक्ति कहलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अमेरिका के अलावा कई अन्य देश अब भारत को एक उभरती महाशक्ति के तौर पर देखने लगे हैं और भारत की नीतियों-रणनीतियों पर उनकी निगाहें लगी रहती हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों में काफी सुधार हुआ है, क्योंकि वह एक स्थिर शक्ति के रूप में भारत को देखता है। परंतु चीन और पाकिस्तान के साथ अस्थिर सीमा मुद्दों को लेकर तनाव रहता है। चीन दक्षिण एशिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हुआ दिख रहा है और भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि संकट के समय अगर एक देश ग्लोबल साउथ के साथ खड़ा रहा है तो वो भारत है। उन्हें लगता है कि भारत उनका मित्र है। जी 20 की अध्यक्षता के दौरान जिस तरह हमने अफ्रीकी संघ की सदस्यता के लिए कोशिश की, उससे दुनिया के देशों का विश्वास हम पर बढ़ा है। नई सरकार के शपथ के दिन से ही हमारी नेबरहुड फर्स्ट को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर हो गई।

भारत के पड़ोसी देश चीन के प्रभाव के चलते अपनी नीतियों को लेकर दुविधा में रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के नेताओं का आना अच्छा संकेत है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और चीन के साथ भारत के रिश्तों को लेकर कहा कि जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग हैं। नई सरकार के समय में पाकिस्तान के साथ हम वर्षों पुराने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे का समाधान खोजना चाहेंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी अच्छे पड़ोसी की नीति सीमा पर आतंकवाद नहीं हो सकती। वहीं चीन को लेकर उन्होंने कहा कि सीमा के बचे हुए मसले सुलझाने पर उनका फोकस होगा। वास्तव में वैश्वीकरण के इस युग में, भारत का राष्ट्रीय हित केवल अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और प्रभाव को बढ़ाने से हो सकता है। भारत के समक्ष विदेश नीति की चुनौतियों की जटिलता पूरी दुनिया की तरह चुनौतियों के समग्र प्रतिबिंब के फैलाव के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि भविष्य में भारत की भूमिका, एक संतुलन शक्ति के बजाय एक प्रमुख शक्ति के रूप में हो। वैश्विक पटल पर प्रासंगिक बने रहने के लिए भारत को चुनौतियों को समझ कर अपना रुख तय करना होगा। उम्मीद है कि संघर्ष और तनावों के बीच हम अपनी एक जगह बनाए रखने में कामयाब रहेंगे।

# मणिपुर में फिर क्यों सुलग उठी हिंसा की आग



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया।

जातीय हिंसा से दहलने के एक साल बाद फिर मणिपुर में हिंसा की आग सुलग उठी है। पिछले आठ महीनों में राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा नहीं हुई है। हालांकि मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष में लोगों की जान जाती रही है, जो मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के बार-बार किए गए दावों को झूठला रहा है कि संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में शांति धीरे-धीरे वापस आ रही है। संघर्ष से पैदा हुए जख्म बेशक गहरे हैं। 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

हजारों परिवार शरणार्थी शिविरों में तड़प रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ भीषण हिंसा की खबरें आ रही हैं। निगरानी समूह लगातार कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार की ओर से युद्धरत समुदायों के बीच सार्थक बातचीत शुरू करने की इच्छाशक्ति की कमी से बहुत नुकसान हुआ है। मणिपुर सरकार ने 8 जून को जिरिबाम में सुरक्षा दल भेजा, जो संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा उत्पात मचाने और जिले के सीमांत क्षेत्रों में कई घरों को आग लगाने के बाद जातीय हिंसा की नई लहर की चपेट में आ गया है। मणिपुर सरकार द्वारा जिले में अतिरिक्त बल भेजे जाने के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो को हवाई मार्ग से जिरिबाम पहुंचाया जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलावरों ने जिले के सीमांत क्षेत्रों में बस्तियों पर हमला करते हुए जिरिबाम जिला पुलिस की एक पुलिस चौकी, एक वन बीट कार्यालय और 75 से अधिक घरों को आग लगा दी। आगजनी से एक दिन पहले उग्रवादियों ने 65 वर्षीय एक व्यक्ति का सिर कलम कर दिया था जिसका 6 जून को अपहरण कर लिया गया था। इस क्रूर हत्या से गुस्साए जिले के निवासियों ने 6 जून की रात को जिले के बाहरी इलाके में एक खाली पड़े घर में आग लगा दी थी।

तनावपूर्ण स्थिति के बीच 7 जून की शाम से ही भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने जिले के बाहरी इलाके में स्थित मैतेई समुदाय के विभिन्न इलाकों में बम और बंदूक से हमला करना शुरू कर दिया और आधी रात के आसपास हमले तेज हो गए जिसमें मैतेई समुदाय के घरों को जला दिया गया। अभी तक हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अब तक उग्रवादियों ने जिले के बोरबेकरा उप-मंडल के अंतर्गत आने वाले

मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं।

लमताई खुनौ, लौकोइपुंग और नयनपुर इलाकों में 70 से अधिक घरों को जला दिया है। घरों को जलाने से पहले उग्रवादियों ने रिहायशी इलाकों की ओर बंदूक और बम से कई राउंड फायरिंग की जिसके बाद निवासी भागकर अपनी जान बचाने के लिए पास के जंगल में छिप गए। निवासियों ने दावा किया कि इलाके में असम राइफल्स की मौजूदगी के बावजूद हमले किए गए और अर्धसैनिक बलों पर हमलावरों को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। इससे पहले बढ़ते तनाव को देखते हुए सीमांत और संवेदनशील इलाकों के कुछ इलाकों के 200 से अधिक निवासियों को पुलिस और सुरक्षा बलों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उन्होंने जिला मुख्यालय में खोले गए राहत शिविरों में शरण ली।

इस बीच जिरिबाम जिले के निवासियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिले का दौरा करने और कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने की मांग की। उन्होंने सरकार से जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर शरण लेने वाले विस्थापित लोगों को राहत प्रदान करने की भी मांग की और जिले के डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल मई में पहली बार भड़के जातीय संघर्ष के एक साल से अधिक समय बाद भी इसे समाप्त करने में सरकार की अक्षमता असम की सीमा से लगे जिले में हिंसा के बढ़ने के पीछे है। इस बीच जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कानून व्यवस्था नियंत्रित करने में जिला प्रशासन की सहायता के लिए इंफाल से अतिरिक्त सुरक्षा बलों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिले में भेजा गया है। 9 जून की सुबह कंगाल हेलीपैड से राज्य पुलिस कमांडो के लगभग 70 कर्मियों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिला मुख्यालय ले जाया गया। जिरिबाम जिले में हिंसा के अलावा हथियारबंद उग्रवादी कांगपोकपी जिले की पहाड़ी श्रृंखला से उतरे और इंफाल पश्चिम जिले के से कमाई में बस्तियों पर हमला करना जारी रखा।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिरिबाम जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कदम उठाने को कहा। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से नई दिल्ली में मुलाकात की, जहां दोनों डेरा डाले हुए थे। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में मौजूदा अस्थिर कानून और व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। दूसरी ओर निर्वाचित सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने जिरिबाम जिले में हिंसा में वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही हमें भावनाओं को भड़काना नहीं चाहिए, खासकर सोशल मीडिया साइटों पर। हमें रिपोर्ट करते समय या अपनी राय व्यक्त करते समय बचना चाहिए और जिम्मेदार होना चाहिए।

मणिपुर अखंडता समन्वय समिति ने राज्य में हिंसा की ताजा लहर की कड़ी निंदा की जिसने जिरिबाम को प्रभावित किया, जो अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण था, जहां सभी समुदाय- थाडू, हमार, पैते, काबुई, ज़ेलियानग्रोंग, मैतेई पंगल और मैतेई समुदाय सद्भाव के साथ सह-अस्तित्व में थे। समिति ने हिंसा की ताजा लहर के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य के मूल लोगों की पीड़ा के लिए केंद्र की आलोचना की। समिति ने कहा-हाल ही में हुई हिंसा का कारण अप्रवासी कुकी समूहों द्वारा उग्रवादी रणनीति के माध्यम से अलग प्रशासन की अपनी मांगों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई भड़काऊ कार्रवाइयां हैं जिसके परिणामस्वरूप मैतेई पीड़ित का अपहरण और हत्या हुई है। समिति ने भारत सरकार की निष्क्रियता और असम राइफल्स द्वारा वास्तविक अपराधियों को पकड़ने में विफलता की आलोचना की, जिन्होंने इसके बजाय गुस्साई भीड़ पर गोलियां चलाईं जिससे स्थिति और बिगड़ गई। इसने कहा कि स्थानीय आबादी की तुलना में अप्रवासी समुदायों को तरजीह देना और आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने के बजाय भारत-म्यांमार सीमा की ओर सुरक्षा संसाधनों का गलत आवंटन सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है।

मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं। काउंसिल ने 6 जून को मुलरगांव के पास गुलरथोल, जिरिबाम के निवासी सोइबाम सरत कुमार की नृशंस हत्या और अज्ञात बदमाशों द्वारा जिरिबाम के वेंग्नुआम डिबोंग खुनौ के निवासी एल थियानमुआंग के अपहरण की कड़ी निंदा की। यह देखा गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप 6 जून की रात को जिरिबाम में कुकी के कई घरों को जला दिया गया और उसके बाद बोरोबेक्रा के लांताई खुनौ में घटना हुई, जहां मैतेई के घरों को जला दिया गया और उन पर हमला किया गया। हाल ही में हुई ये सभी घटनाएं जिरिबाम के लंबे समय से चले आ रहे शांतिपूर्ण माहौल को नुकसान पहुंचाने का एक अस्वास्थ्यकर संकेत हैं। रोंगमेई नागा लोगों ने शांति बनाए रखने और दोनों समुदायों की ओर से किसी भी हिंसात्मक कार्रवाई की निंदा करने के अपने रुख को दोहराया, काउंसिल ने दोनों समुदायों से इस मुद्दे को और न बढ़ाने और जिरिबाम के नागरिकों के कल्याण के लिए समाधान निकालने की भी अपील की।

## प्रसंगवश

# आखिर कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा नैनीताल

गर्मी का मौसम शुरू हुआ नहीं की शहरी पर्यटकों की भीड़ नैनीताल, मसूरी, शिमला आदि पहाड़ी पर्यटन स्थलों की ओर उमड़ने लगती है। बात अगर उत्तराखंड के प्रसिद्ध हिल स्टेशन नैनीताल की करें तो ये पर्यटक इस बात को नहीं समझते की भूगर्भीय दृष्टि से भूकंपीय क्षेत्र में बसा नैनीताल एक संवेदनशील और कम फैलाव वाला नगर है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

पहले से ही कंक्रीट के जंगल में तब्दील नैनीताल की पहाड़ियां बहुत दबाव झेल रही हैं तथा और अधिक दबाव को सहने में असमर्थ है। मई-जून के महिनों में यह दबाव और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि पर्यटकों के वाहनों की रेलमपेल नैनीताल पहुंचने लगती है। हर कोई अपने निजी वाहन या प्राइवेट टैक्सियों से ही नैनीताल आना चाहता है। इस कारण जहां एक और कम चौड़ी सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से अधिकांश समय जाम की स्थिति रहती है। हल्द्वानी से नैनीताल की दूरी लगभग चालीस किलोमीटर है। हल्द्वानी से आगे काठगोदाम तक तो सड़के फिर भी ठीक हैं, लेकिन उससे आगे सड़कों की चौड़ाई कम है। यहीं से जाम लगना शुरू हो जाता है। सड़क के दोनों और कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है।

वीकेंड में तो स्थिति और ज्यादा जटिल हो जाती है। रानीबाग से नैनीताल पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता है, लेकिन लंबे जाम के कारण पर्यटकों को नैनीताल पहुंचने में तीन से चार घंटे तक लग जाते हैं। रोज लगने वाले इस जाम से सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय लोगों को होती है, जो अपने जरूरी काम से नैनीताल अथवा हल्द्वानी की ओर जा रहे होते हैं। उन्हें भी घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। अक्सर मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है, क्योंकि लोगों द्वारा अपने वाहन सड़क में आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाने के कारण उसे आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिल पाता है। तल्लीताल से लेकर मल्लीताल तक चंद किलोमीटर के दायरे में फैला नैनीताल इतनी बड़ी संख्या में आते वाहनों के दबाव को सहने में सक्षम नहीं है। यहां पार्किंग की कमी है। मल्लीताल स्थित फ्लैट्स का मैदान और अन्य अस्थाई पार्किंग स्थल पूरी तरह से वाहनों से पैक हो जाते हैं। होटल पहाड़ियों को काटकर बनाए गए हैं। जाहिर है उनके पास पार्किंग की सुविधा नहीं है। यही कारण है कि कुछ पर्यटक अपने वाहनों को माल रोड पर ही खड़ा कर देते हैं। प्रदेश सरकार या स्थानीय प्रशासन नैनीताल में वाहनों की बढ़ती संख्या को सीमित करने और क्राउड को मैनेज करने की कोई स्थाई नीति अभी तक नहीं बना पाया है। जब नैनीताल की पार्किंग फुल हो जाती है तब मजबूरन पुलिस को पर्यटकों के वाहन नैनीताल से छह किलोमीटर पहले रोकने पड़ते हैं। इससे नैनीताल में वाहनों के बढ़ते दबाव और जाम की समस्या सुलझने वाली नहीं है।

पर्यटकों को यह समझना चाहिए कि फैलाव की कम गुंजाइश वाला यह हिल स्टेशन एक भूकंपीय क्षेत्र में बसा है जिसकी कमजोर पहाड़ियां पहले से ही बहुत दबाव सह रही है। यहां अक्सर होने वाले छोटे-छोटे भूस्खलन हमें खतरे का आभास देते रहते हैं, लेकिन हम है कि इसे समझने को तैयार नहीं है। अंग्रेजों ने इस खूबसूरत जगह की सुरक्षा और रखरखाव के लिए कई नियम-उपनियम बनाए थे, लेकिन आजादी के बाद हम लोगों ने जैसे सारे नियमों को ताक पर रख दिया है। उस दौर में माल रोड पर वाहनों का चलाना भी मना था। मकान बनाने के लिए भी कई नियमों का पालन करना पड़ता था, लेकिन आज जहां पहाड़ खोदना मना था, वहां हमने बड़े-बड़े होटल और भवन बना दिए हैं।

नैनीताल में पर्यटन से जुड़े कारोबारी भले ही पर्यटकों की बढ़ती भीड़ से खुश नजर आते हो, क्योंकि उनके लिए तो यह कमाई का अवसर है, लेकिन खुद नैनीताल के लिए यह एक अशुभ लक्षण है। नैनीताल की भी अपनी एक सीमा है। आखिर यह कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा? रोज हजारों की संख्या में पर्यटकों का आना और सैकड़ों वाहनों की आमद नैनीताल के पर्यावरण को किसी न किसी रूप में नुकसान ही पहुंचा रही है। अफसोसजनक बात यह है कि न तो पर्यटक इसे समझ पा रहे हैं और न

# महापुरुषों की मूरतों से छेड़खानी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है।

संसद भवन परिसर में बीते दशकों से स्थापित महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाओं का स्थान बदलने से बवाल मचा हुआ है। अब इन्हें नए स्थानों पर ले जाया जाएगा, जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है। इन सबमें भाव और गति का कमाल का संगम देखने को मिलता है। इन सबको रुककर देखने का मन करता है।

बीते दशकों से इन्हें संसद भवन में आने वाले आगंतुक देखकर नमन कर रहे हैं। सबसे पहले महात्मा गांधी की संसद भवन में लगी आदमकद मूरत की बात करते हैं। इसे संसद सत्र के दौरान सारा देश बार-बार अपने टीवी सेटों पर देखता है। बापू इसमें ध्यान की अवस्था में हैं। इसके आगे विभिन्न दलों के नेता धरना दे रहे होते हैं या किसी मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए नारेबाजी कर रहे होते हैं। बापू की इस मूर्ति को महान मूर्तिशिल्पी राम सुतार ने बनाया था। उन्होंने ही सरदार पटेल की मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को तैयार किया है।

सुतार कंक्रीट, मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आकर्षक मूर्तियां तैयार करने में माहिर हैं। वे धुन के पक्के हैं, कभी थकते नहीं हैं। मौसम के असर से बेखबर यह अनोखा कलाकार अपने शिल्पों में इतना डूबा रहता कि दिन और रात के भेद को भूल जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी उनके अनन्य प्रशंसकों में थे। उन्होंने देश-विदेश में सैकड़ों आदमकद और धड़ प्रतिमाएं बनाई थीं, पर सुतार जी मानते हैं कि उनकी सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक संसद में लगी गांधीजी की प्रतिमा भी है। संसद भवन में स्थापित बापू की मूरत के पास खड़े होकर सच में आप भी अपने को बहुत बेहतर पाते हैं। एक तरह का सुकून मिलता है। कभी-कभी तो लगता है कि बापू आपसे कोई सवाल करेंगे। जाहिर है, संसद भवन से इस नई जगह पर लेकर जाने से बहुत सारे लोग निराश हैं।

**बापू की पहली मूरत:** इस बीच महात्मा गांधी की शहादत के बाद सरकार ने मुंबई के 28 साल के मूर्तिशिल्पी सदाशिवराव साठे को राष्ट्रपिता की एक आदमकद प्रतिमा को बनाने का जिम्मा सौंपा। इस मूरत को राजधानी के चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल के बाहर स्थपित किया जाना था। साठे ने तब तक कोई बहुत उल्लेखनीय काम नहीं किया था। हां, वे संभावनाओं से लबरेज युवा मूर्तिकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में लगे थे। उन्होंने इतने खास दायित्व को चुनौती के रूप में लिया और गांधीजी की अप्रतिम मूरत की रचना करके अपनी रचनाधर्मिता को साबित कर दिया। यह प्रतिमा 1952 में स्थापित हुई थी। गांधीजी की देश या कहें राजधानी में लगी संभवतः यह पहली आदमकद प्रतिमा है।

**बाबा साहेब की मूरत कब से:** बाबा साहेब की संसद भवन परिसर में प्रतिमा 2 अप्रैल 1967 को स्थापित हुई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्नन ने उसका अनावरण किया था। इस प्रतिमा को तैयार किया था महान मूर्तिशिल्पी बी.वी. वाघ ने। इस बीच बाबा साहेब का संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लगा चित्र सुश्री जेबा अमरोही ने बनाया था। इसका अनावरण देश के प्रधानमंत्री के रूप में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 12 अप्रैल 1990 को किया था। इसे भी इसे नई जगह पर स्थापित किया जा रहा है। ये सही नहीं है। **छत्रपति महाराज 2003 से:** छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरत को भी राम सुतार न ही बनाया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की यह मूरत 28 अप्रैल 2003 को संसद भवन में स्थापित हुई थी। यह 18 फीट ऊंची तांबे की मूर्ति है। इसका जिस दिन अनावरण हुआ उस दिन लगभग सारे महाराष्ट्र के सांसद मौजूद थे।

इस बीच राजधानी में कनॉट प्लेस से जो सड़क मिन्टो रोड की तरफ जाती है, वहां पर ही छत्रपति शिवाजी महाराज की सन् 1972 में आदमकद प्रतिमा की स्थापना करके दिल्ली ने भारत के वीर सपूत के प्रति अपने गहरे सम्मान के भाव को प्रदर्शित किया था। इस मूर्ति को भी सदाशिवराव साठे जी ने तैयार किया था। बहरहाल जिन ज्ञानियों ने गांधी जी, बाबा साहेब और छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरतों का संसद भवन में स्थान बदला है, उन्हें अपने फैसले को अंजाम देने से पहले सोचना चाहिए था।

## सोशल फोरम

# मित्रता



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

सलीम और श्याम बचपन के दो गहरे मित्र थे। स्कूल और कॉलेज में भी साथ-साथ पढ़े। संयोग से दोनों साथ-साथ सेना में भी शामिल हुए। इसी बीच लड़ाई छिड़ गई और संयोग से दोनों एक ही यूनिट से जंग में भी शामिल हुए। एक रात दुश्मन ने उनकी यूनिट पर हमला कर दिया।

चारों तरफ गोलियां चल रही थी और बम के धमाके लगातार हो रहे थे। अचानक श्याम को एक कराहती सी आवाज़ सुनाई दी-श्याम मेरी मदद करो। श्याम अपने बचपन के मित्र सलीम की आवाज तत्काल पहचान गया। वो समझ गया कि मित्र संकट में है। उसने अपने कप्तान से उसे बचाने जाने की परमिशन मांगी। कप्तान ने कहा-देखो उसकी आवाज से नहीं लगता है कि वो बचेगा और वैसे भी मेरे पास जवान कम हैं। मैं उनकी जान जोखिम में नहीं डाल सकता। थोड़ी देर बाद फिर सलीम की दर्द से भरी पुकार सुनाई दी। श्याम चुप चाप बैठा रहा। क्योंकि उसके कप्तान ने उसे जाने से मना किया था। अंधकार में फिर वही दर्द से भरी कातर आवाज श्याम के कानों में पड़ी। अबकी बार उससे रहा नहीं गया। उसने अपने कप्तान से कहा - सलीम मेरा बचपन का दोस्त है। आज वो मुश्किल में है तो उसे जाना ही होगा। आखिर कप्तान ने बेमन से उसे जाने की आज्ञा दी।

श्याम कुंहनियों के बल रेंगते हुए बंकर से निकला और अंधकार में गुम हो गया। थोड़ी देर बाद वो किसी तरह घसीटते हुए अपने घायल मित्र को लेकर बंकर में दाखिल हुआ। उन्होंने पाया कि सलीम मर चुका है। अब कप्तान बहुत नाराज हो गया और बोला - मैंने पहले ही कहा था वो नहीं बचेगा। उसके लिए तुमने अपनी जान भी खतरे में डाली। ये तुम्हारा एक गलत निर्णय था।

श्याम- नहीं सर मेरा निर्णय गलत नहीं था, क्योंकि जब मैं सलीम के पास पहुंचा तो वो ज़िंदा था। मुझे देखकर उसने कहा- मुझे पूरा यकीन था मित्र कि तुम मुझे बचाने जरूर आओगे और यही शायद उसके आखरी शब्द थे।

-फेसबुक वॉल से

# यूरोप में दक्षिणपंथ की बढ़त के मायने



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में यूरोप के तीन सबसे बड़े देशों जर्मनी, फ्रांस और इटली में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है। 27 देशों के ब्लॉक का यह चुनाव भारत के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव माना जाता है। हर पांच साल में होने वाले चुनाव में मतदाता बैलेट पेपर से वोट करते हैं। 1979 में पहली बार चुनाव हुए थे। इस लिहाज से यह 10 वां संसदीय चुनाव और ब्रेक्सिट के बाद पहला संसदीय चुनाव था। यूरोपीय संसद, यूरोपीय लोगों और यूरोपीय संघ की संस्थाओं के बीच संपर्क स्थापित करने की सीधी कड़ी है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अगले पांच साल तक यूरोप के 27 देश के संघ में बनने वाली नीतियां दक्षिणपंथ से प्रभावित रहेंगी। लगभग 25 साल पहले ऑस्ट्रिया में जब दक्षिणपंथी दल जीतकर आया, तो पूरा यूरोप नाराज हो उठा था, पर अब हालात दूसरे हैं।

20 वीं सदी में नाजियों और फासीवादी इटली के खिलाफ यूरोप के विनाशकारी युद्ध के समय से ही ये धारणा रही है कि धुर दक्षिणपंथ को कभी वोट नहीं देना चाहिए। मुख्य धारा की पार्टियां भी धुर दक्षिणपंथी पार्टियों से गठबंधन करने के पक्ष में नहीं रहती थीं, लेकिन अब इस पीढ़ी के लोगों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या लाखों लाख यूरोपीय वोटर वाकई में धुर दक्षिणपंथ की ओर रुख कर हैं? या यह सिर्फ विरोध में पड़ने वाले वोट हैं? या ये शहरी उदारवादी वोटरों और बाकी रुढ़िवादी वोटरों के बीच हो रहा ध्रुवीकरण है? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यूरोपियन संसद ने अपनी अप्रवासन नीति में बदलाव के लिए वोट किया है ताकि प्रवासियों और शरण मांगने वालों के लिए सदस्य देशों के बीच जिम्मेदारी को अधिक समान रूप से विभाजित किया जा सके। स्पष्ट रूप से ईयू के प्रमुख दलों ने अप्रवासी-विरोधी, लोकलुभावन दक्षिणपंथी पार्टियों के कदमों की आहट सुनी है। स्थापित पार्टियों के लिए अप्रवासन पर सख्त रुख अपनाकर मतदाताओं को फिर से अपने पाले में करने का विचार आकर्षक है, लेकिन आमतौर पर यह माना जाता है कि धुर दक्षिणपंथी पार्टियों की चुनावी सफलता शरण मांगने वाले नए लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया के कारण होती है। कई लोगों के लिए उत्प्रवास अंतिम उपाय विकल्प है, जो दुनियाभर में इसी प्रवृत्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे देश औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तित हो रहे हैं, युवा पीढ़ी बेहतर शिक्षा और करियर के अवसरों की तलाश में ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों को छोड़कर बड़े महानगरीय क्षेत्रों की ओर पलायन कर रही है। यह दृश्य विशेषकर स्पेन में देखा जा सकता है, जहां पिछले 50 वर्षों में 28 प्रतिशत ग्रामीण अपने गांवों को छोड़कर चले गए हैं। यह हालात इटली में देखे गए। इटली ने हाल में घोषणा की है कि वह ऐसे लोगों को भुगतान करेगा, जो खाली हो रहे गांवों में लौटकर आएंगे।

अमेरिका के शहरों में भी कम बच्चों को जन्म देने और बाहरी प्रवासन के कारण जनसंख्या में काफी कमी देखी जा रही है। बहुत से लोग जनसंख्या पलायन के आर्थिक प्रभावों से अवगत हैं, लेकिन मतदाताओं पर इसके प्रभाव का बहुत कम अध्ययन किया गया है। हाल के वर्षों के दौरान स्वीडिश सरकारों ने वंचित और दूरदराज के स्थानों में किराने की दुकानों जैसी स्थानीय वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने के लिए एक राष्ट्रीय सहायता प्रणाली शुरू किया है। 2021 में स्पेन ने ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जी टेलीफोन कनेक्टिविटी और तकनीकी सुविधा के लिए 11.9 बिलियन डॉलर वाली एक परियोजना की घोषणा की है। चूंकि अब यूरोप में दक्षिणपंथ की लहर है और इटली के हाथों में यूरोप की कमान होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के ओलाफ शॉल्त्स के कमजोर होने के बाद जॉर्जिया मेलोनी यूरोप की सबसे मजबूत राजनीतिज्ञ बनकर उभरी हैं। आस्ट्रिया और बेल्जियम, नीदरलैंड और हंगरी जैसे कई अन्य यूरोपीय देशों में भी दक्षिणपंथी पार्टियों ने बड़ी जीत हासिल की है। फ्रांस में मध्यावधि चुनावों की घोषणा कर दी गई है तो बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने इस्तीफा दे दिया है। इन चुनावों के बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को यूरोप के किंगमेकर की तरह देखा जा रहा है। मेलोनी को भारत और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मित्र माना जाता है। भारत के लिए कूटनीतिक तौर पर यह लाभदायक स्थिति है। साथ में एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब हम पार्टियों को 'धुर दक्षिणपंथी' कहते हैं तो इससे हमारा क्या आशय होता है?

# नहीं जीता जा सकेगा संप्रदायवाद



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संप्रदायवाद को जातिवाद से नहीं जीता जा सकेगा। इस बात को जितनी जल्दी समझ लिया जाए, उतना ही देश की जनता के लिए और लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। सच्चाई यह भी है कि यदि जाति और मजहब के औजार से जनता की एकता को न तोड़ा गया होता तो देश को यह दुर्भाग्य न देखना पड़ता, लेकिन बहुत से कथित सेक्युलर लोग आज भी जातिवादी सोच के गर्त से निकल ही नहीं पा रहे हैं। शायद उनका अपना हित जाति के खूंटे से बंधा हुआ है। जाति-पंथ तो स्वतंत्रता आंदोलन के जमाने में भी थे, किंतु उस जमाने के जननेताओं का व्यक्तित्व था।

व्यापक-दृष्टिकोण वाला नेतृत्व था कि वे सारे भेद-विभेद समरसता के भाव के आगे दब गए थे। राष्ट्र और राष्ट्रीय-एकता के आगे नतमस्तक हो गए थे। उनका ध्येय देश था, समष्टि। ऐसा न होता तो स्वतंत्रता संग्राम इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति उस नेतृत्व के सामने बार-बार हार जाती थी। आज की तो राजनीति ही यह है कि मजहब और जाति के भेद-विभेदों को जितना उभार सको, उभारो। लोगों के बीच वैमनस्य का भाव जगाओ, लेकिन जो लोग पुराने पैंतरे से आज की सत्ता से लड़ना चाहते हैं, वे सामने वाले को समझ नहीं पा रहे।

### सैकड़ों भक्तों ने महायज्ञ में पूर्णाहुति देकर आशीर्वाद लिया, 21 जून को विशाल भंडारे के साथ होगा पारायण

# बिनसर महादेव में होमात्मक यज्ञ का शुभारंभ

ग्राउंड रिपोर्ट

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** विकासखंड ताड़ीखेत के सौनी स्थित स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में मंगलवार को होमात्मक यज्ञ एवं श्रीमद्शिवपुराण ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान का श्री गणेश हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने महायज्ञ में पूर्णाहुति देकर आशीर्वाद लिया। आगामी 21 जून को पूर्णाहुति के साथ पारायण होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

सौनी स्थित सुप्रसिद्ध स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में धार्मिक आयोजन में सैकड़ों भक्तजनों ने महायज्ञ में भाग लिया। प्रातः समय यज्ञारम्भ, पंचांग पूजन, ब्राह्मण ब्राह्मण वरण के साथ होमात्मक महारुद्र यज्ञ एवं श्रीमद् शिव पुराण ज्ञान कथा का शुभारंभ हुआ। मंदिर के महंत पीठासीन श्री श्री 108 गोवर्धन गिरी महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन श्री 108 मोहन गिरी व रामगिरी महाराज की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आयोजन में आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, कथा व्यास स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज हैं। चंद्रशेखर करगेती व दीप करगेती मुख्य यजमान हैं। कहा कि 11 दिनों के इस आयोजन में नित्य पूजन, आरती, हवन व भोजन के बाद 21 जून को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ पारायण होगा। महायज्ञ के शुभारंभ में सैकड़ों की संख्या में दूरदराज़ से पहुंचे भक्तों ने भाग लिया। पूजा और हवन से क्षेत्र भक्तिमय हो गया।


बिनसर महादेव मंदिर में महायज्ञ के शुभारंभ पर उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# मां भगवती के स्मरण मात्र से दूर हो जाते हैं सभी कष्ट

▸▸ नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा जारी, क्षेत्र का माहौल हुआ भक्तिमय

संवाददाता, धौलछीना

**अमृत विचार :** मां भगवती मंदिर परिसर विमलकोट में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म की गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं।

नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के आयोजन से धौलछीना क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कथा के चौथे दिन रविवार को ब्यास गद्दी पर मौजूद कथावाचक पंडित मनोज पांडे ने देवी भगवती की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जो मनुष्य अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर भगवती दुर्गा की महिमा का गुणगान करता है उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। कहि कि जब-जब असुरों ने देवताओं पर अत्याचार किया तब तब मां भगवती ने अलग-अलग रूप धारण कर देवताओं की सहायता की। उन्होंने कहा कि मां भगवती पर विश्वास है तो असंभव भी संभव हो जाता है। मां से यदि कुछ मांगना है तो उसके सामने एक छोटे से बालक बनकर ही मांगना चाहिए। भागवत कथा के बीच में सुमधुर भजनों से मंदिर का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रविवार को कथा सुनने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।


श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने के लिए पहुंचे भक्त। ● अमृत विचार

## एक नजर

### सात चालकों पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। मंगलवार को यातायात पुलिस ने नगर के टैक्सी स्टैड, शिखर तिराहा, लोअर मालरोड और करबला में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रिपल सवारी दोपहिया वाहन में फर्राटा भर रहे दो और बिना हेलमेट पांच वाहन चालकों पर एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही जुर्माना वसूला गया।

### शटल सेवा का किराया कम करने की मांग

**अल्मोड़ा।** पूर्व दर्जा राज्यमंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता केवल सती ने जिला प्रशासन व ईओ नगर पालिका शटल सेवा का किराया कम करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 10 रुपए से बढ़ाकर 30 रुपए करना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन व पालिका से किराया बढ़ाने पर जनहित में पुनर्विचार किया जाए और 13 जून से किराया 30 के स्थान पर 20 रुपए किए जाने की मांग की।

### पूर्व प्रधान उमेद सिंह के निधन पर शोक

**बैरती ( अल्मोड़ा)।** कुमाऊं रेजिमेंट के सेवानिवृत्त हवलदार एवं चितैली के पूर्व प्रधान उमेद सिंह के निधन पर क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त किया है। कुछ समय से अस्वस्थ उमेद सिंह ( 59 ) का सोमवार तड़के दिल्ली के निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनका शव यहां पैतृक गांव चितैली लाया गया। मंगलवार को यहां चित्रेश्वर श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे बुजुर्ग मां, पत्नी, बच्चों व नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वर्तमान में उनकी पुत्र वधू ललिता नेगी चितैली की प्रधान हैं। क्षेत्र के पान, बैरती, गैराड़, चितैली के लोगों ने उमेद सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है।



### अजय टम्टा को मंत्री बनाने पर मनाई खुशी

**बनबसा :** सांसद अजय टम्टा को केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री बनाए जाने पर स्थानीय व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शंकर लाल वर्मा, प्रेम सिंह रावत, ललित वर्मा, रुक्मणी उनियाल, दीपक वर्मा, प्रेमा वर्मा, विजय अग्रवाल, नंद किशोर भट्ट, भारत सिंह, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सिख श्रद्धालुओं से मारपीट को लेकर आक्रोश, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

### नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने उठाई आवाज, अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**गुस्सा**

▸▸ 8 जून को रीठा साहिब गुरुद्वारा जा रहे तीर्थयात्रियों के साथ धूनाघाट-रीठा साहिब सड़क पर हुई थी मारपीट

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

**अमृत विचार :** बीते 8 जून को रीठा साहिब गुरुद्वारा जा रहे तीर्थयात्रियों के साथ धूनाघाट-रीठा साहिब सड़क पर हुई मारपीट मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले को लेकर कमेटी के लोग जिला प्रशासन से मिले।

बताया जाता है कि 8 जून को ऊधमसिंह नगर जिले के अलग-अलग हिस्सों से रीठा साहिब गुरुद्वारा जा रहे कई श्रद्धालुओं के साथ धूनाघाट-रीठा साहिब सड़क पर बारातियों और ग्रामीणों ने मारपीट कर दी थी।

एक बाइक को सड़क से नीचे भी फेंक दिया गया था। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी नानकमत्ता साहिब के सदस्यों ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। एडीएम हेमंत कुमार वर्मा ने गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी नानकमत्ता साहिब के सदस्यों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में गुरवंत सिंह, गुरदयाल सिंह, पलविंदर सिंह, बाबा श्याम सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवराज सिंह राणा का कहना है कि सिख श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट और अभद्रता मामले की जांच की जा रही है। लोहाघाट और चम्पावत थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।


नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने अपर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन। ● अमृत विचार

## नशेड़ियों व तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग

**बनबसा :** ग्राम प्रधान ने गांव के जंगल किनारे नशा करने वालों और पुलिस चेकिंग से बचने के लिए गांव में घुसने वाले वाहनों पर रोक लगाने की मांग पुलिस से की है।

ग्राम बमनपुरी प्रधान भावना नेगी ने थानाध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कई वाहन चालक पुलिस की वाहन चेंकिग एवं चालान से बचने के लिए नैनीताल बैंक के पास वाले मार्ग से प्राचीन मां पूर्णागिरी वाले मार्ग से बहुत तेज गति से वाहन ला रहे हैं। कई बार दुपाहिया वाहन चालक ग्रामवासियों को टक्कर मार चुके हैं। ग्राम प्रधान ने कहा कि गांव में जंगल के किनारे की सीमा में आए दिन शराबियों, स्मेकियों व अन्य नशाखोरों का जमावड़ा लगा रहता है। ये लोग जंगल के किनारे झाड़ियों में छिपकर नशाखोरी करते हैं। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। कहा कि नशेड़ियों द्वारा कई बार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। उन्होंने पुलिस से समय समय पर क्षेत्र में गश्त कराने की मांग की है।

# अदबोड़ा में बढ़ते जा रहे डायरिया के मरीज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**संक्रमण**

▸▸ मंगलवार को एक महिला को हालत बिगड़ने पर रानीखेत रेफर किया गया

▸▸ स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गांव में पहुंचकर पीड़ितों को बांटी दवाएं

**अमृत विचार :** भतरौजखान के ग्राम अदबोड़ा में डायरिया फैलने से हड़कंप मचा है। गांव में प्रभावितों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है।

मंगलवार को एक महिला को हालत बिगड़ने पर उप जिला चिकित्सालय रानीखेत रेफर किया गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। भतरौजखान के निकटवर्ती गांव अदबोड़ा में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर 57 लोगों में डायरिया की पुष्टि की थी। मंगलवार को आशा कार्यकर्ती राधा रावत, आगनबाड़ी कार्यकर्ती भगवती देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती धना देवी तथा एएनएम दीपा आर्या ने गांव पहुंचकर मरीजों का हाल जाना।

इस दौरान उन्होंने मरीजों को दवाओं का वितरण किया। वहीं 3 मरीजों को दिक्कत बढ़ने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भतरौजखान में भेजा गया। मंगलवार को हालत बिगड़ने पर अदबोड़ा निवासी नंदी देवी (58) को उप जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भतरौजखान के चिकित्साधिकारी विवेक पंत ने बताया कि मंगलवार को तीन लोग भतरौजखान स्वास्थ्य केंद्र आए थे। जिनमें से एक महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया है, अन्य लोगों की स्थिति फिलहाल सामान्य है। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम गांव भेजी गई है। ग्रामीणों को हर संभव उपचार दिया जा रहा है।

# दिल्ली से घर आए युवक की करंट लगने से मौत

▸▸ घर में बिजली का काम करते वक्त हुआ हादसा

संवाददाता टनकपुर/लोहाघाट

**अमृत विचार :** घर में बिजली का काम करने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम छा गया।

युवक दिल्ली में निजी वाहन चलाता था और कुछ दिन पहले ही घर आया था। लोहाघाट ब्लॉक की मटियानी ग्राम पंचायत के नकेला गांव निवासी महेश सिंह ( 36 ) पुत्र स्व.लक्ष्मण सिंह घर में बिजली का काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें करंट लग गया। करंट से झुलसे महेश सिंह को परिजन और गांव के लोग 108 एंबुलेंस से लोहाघाट उप जिला अस्पताल ले गए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉ. बीना मेलकानी ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही महेश सिंह की मौत हो गई थी। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। मृतक के परिजनों और पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्कर सिंह बोहरा, ग्रामीण कैलाश सावंत, रतन, महेश सिंह आदि ने हादसे के लिए यूपीसीएल को जिम्मेदार बताया। कहा कि कई जगह बिजली के तार खुले पड़े थे। परिजनों ने कई बार इसे ठीक करने का अनुरोध किया, लेकिन ऊर्जा निगम ने इसकी अनदेखी की। उप निरीक्षक लक्ष्मण चन्द ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर यूपीसीएल के डिवीजन के ईई बेगराज सिंह ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी।


महेश सिंह।

## पूर्व सैनिकों के लिए लगेंगे कैंप

**बनबसा :** पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए अब माह में दो बार जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप में समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

गौरव सेनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने बताया कि क्षेत्र के समस्त पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों तथा सेवारत सैनिकों के परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा पूर्व की भांति टनकपुर सैनिक आराम गृह ककराली गेट टनकपुर में माह में दो बार 5 या 6 तारीख, उसके बाद 25 या 26 तारीख अवकाश या अन्य दिनचर्या को देखते हुए कैंप आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने बताया कि उक्त सूचना जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल उम्मेद सिंह द्वारा दी गई है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला दहन किया

▸▸ नीट परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच कराने की मांग

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** नीट पेपर में धांधली और पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

कांग्रेस के जिला महामंत्री संगठन कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर धांधली और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर केंद्र सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कवि जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार मेहनत करने वाले छात्र- छात्राओं के भविष्य से लगातार खिलवाड़ कर रही है। कहा कि अपने चहेतों को नीट जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा में लाभ देकर सरकार योग्य युवाओं के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने टॉल प्लाजा में टैक्स बढ़ाने की भी निंदा की। प्रदेश महासचिव गीता रावल ने कहा कि नीट परीक्षा में धांधली बर्दाशत करने लायक नहीं है। जिलाध्यक्ष रमेश भंडारी सैनिक प्रकोष्ठ ने कहा कि पूरे देश में युवाओं को अपने भविष्य की लड़ाई सड़कों पर उतरकर लड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही अगर सीबीआई जांच कर पेपर लीक मामने के दोषियों पर कठोर कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

इस दौरान ललित गोस्वामी, इंद्रा जोशी, लक्ष्मी धर्मसतू, प्रदेश मंत्री कुंदन गोस्वामी, विनोद पाठक, हरीश त्रिकोटी, दिव्याशु पिंडारी, नितिन, पूनम आदि मौजूद रहे।


बागेश्वर में केंद्र सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## ग्रामीण इलाकों में पेयजल का संकट

**अल्मोड़ा :** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाएं शोपीस बनकर रह गई है। इन पेयजल योजनाओं से ग्रामीणों को जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल पा रहा है।

विभिन्न ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से पानी की किल्लत बनी हुई है। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण भीषण गर्मी के बीच आसपास के नदी नौलों और धारों से पानी ढोकर किसी तरह अपनी जरूरत पूरी कर रहे है। लेकिन इसमें उनका पूरा दिन व्यतीत हो रहा है। हालांकि विभाग जल संकट वाले इलाकों में रोजाना टैंकरों और पिकअप के माध्यय से लोगों को पानी बाट रहा है। मंगलवार को जल संस्थान ने जिले के पिल्खा, शीतलाखेत, चापड़, लमगड़ा, तोली, मनिआगर, जैंती, बनलेख, कसारदेवी, डीनापानी, गधोली, गुरूड़ाबाज, मोनी, भेटुली, भानादेवली, सल्ला रौतेला, बल्टा में टैंकरों से पानी बांटा गया।

# प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती को डीएलएड प्रशिक्षुओं ने किया प्रदर्शन

▸▸ चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों की भर्ती करने की कर रहे मांग

▸▸ मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी

संवाददाता अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** प्राथमिक स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती चरणवार करने की मांग को लेकर डीएलएड प्रशिक्षु मुखर हो गए है। मंगलवार को प्रशिशुओं ने कक्षाओं का बहिष्कार कर सांकेतिक प्रदर्शन किया। मामले को लेकर जागेश्वर विधायक और सीईओ को ज्ञापन भी सौंपा। जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग उठाई।

जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान के डीएलएड प्रक्षिशुओं ने मंगलवार को कक्षाओं का बहिष्कार किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को चरणवार किया जाए या फिर उन्हें भी इस भर्ती में शामिल होने का अवसर दिया जाए। कहा कि सभी पदों पर भर्ती होने से बाहरी राज्यों के निजी संस्थानों से डीएलएड करने वाले भर्ती होंगे और राज्य के डायट के प्रशिक्षु वंचित हो जाएंगे। प्रशिक्षुओं ने भविष्य को देखते हुए भर्ती चरणवार करने की मांग की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। यहां सांकेतिक प्रदर्शन करने वालों में प्रकाश मिश्रा, दर्शन कुमार, हरीश पाल, मनोज रजवार, रिचा जोशी, कविता जोशी, कैलाश नाथ समेत प्रक्षिशु मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में जागेश्वर विधायक मोहन सिंह महरा को ज्ञापन सौंपते डीएलएड प्रक्षिक्षु।

# अल्पसंख्यकों को कम ब्याज पर मिलेगा ऋण

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विकास निगम, चम्पावत द्वारा 'अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना' के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अल्पसंख्यकों के लिए बैंक के माध्यम से सस्ती ब्याज दर पर अनुदान देने का प्रावधान है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र सिंह सामंत ने बताया कि वर्ष 2024- 25 के लिए जनपद का पांच का लक्ष्य तय किया गया है।

जिसमें राज्य वित्त पोषित स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 20 हजार से 1 लाख तक, 1 लाख से 2 लाख तक तथा 2 लाख से 5 लाख तक का एक- एक लक्ष्य तथा 5 लाख से 10 लाख तक दो का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें परियोजना के लिए परियोजना लागत का 60% बैंक ऋण, 25% अनुदान तथा 15% लाभार्थी का स्वयं का अंशदान होगा। जिसके लिए अभ्यर्थी अल्पसंख्यक वर्ग का हो तथा जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी की उम्र 18 से 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। बीपीएल प्रमाण पत्र वाले व्यक्तियों को आय पर आय प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य नहीं होगा। आवेदन पत्र के साथ अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर की नकल, स्थाई निवास प्रमाण पत्र की दो-दो प्रमाणिक छाया प्रति एवं दो फोटो लगाना अनिवार्य होगा। इच्छुक व्यक्तियों को जिला प्रबंधक, अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम कार्यालय, चम्पावत में 30 जून तक जमा करना होगा।

## विधायक नैनवाल ने किया शिला नेत्रालय का उद्घाटन

**रानीखेत :** नगर के सुभाष चौक पर स्थित एक होटल में शिला नेत्रालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने किया।

डॉ. दीपक शर्मा व स्टॉफ ने विधायक का फूल मलाओं से स्वागत किया। विधायक नैनवाल ने कहा कि क्षेत्र को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा मिले हैं। इससे रानीखेत वासियों को लाभ मिलेगा। कहा कि सड़कों का सुधार, सहित वर्षों से चली आ रही जिला व नगर पालिका की मांग को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, मीडिया प्रभारी रामेश्वर गोयल, मोहन नेगी, पुष्पा तेवाड़ी , मंजीत भगत, चंद्रशेखर, रविंदर खाती, हरीश चंद्र पांडे, खीम सिंह महरा, देव सिंह फर्त्याल, प्रदीप शर्मा, हिमांशु फर्त्याल, दिनेश घुघतियाल आदि मौजूद थे।

# डीडीए के विरोध में फिर मुखर हुई संघर्ष समिति

संवाददाता अल्मोड़ा

▸▸ डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की उठाई मांग

▸▸ आचार संहिता के चलते बीते तीन माह से बंद था धरना

**अमृत विचार :** आचार संहिता समाप्त होने के बाद डीडीए के विरोध में सर्वदलीय संषर्घ समिति ने फिर से धरना शुरू कर दिया है। मंगलवार को समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों से गांधी पार्क में धरना देकर जमकर प्रदर्शन किया। जल्द डीडीए समाप्ति की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी।

धरना स्थल पर समिति के संयोजक व निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि नवंबर 2017 में प्रदेश की भाजपा सरकार ने तुगलकी फरमान से पूरे पर्वतीय क्षेत्रों में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण लागू कर दिया था, जिसका स्थानीय जनता एवं समिति लगातार विरोध कर रही है।

जनता के विरोध के बाद भी प्रदेश सरकार ने केवल प्राधिकरण को स्थगित किया है, जो जनता के साथ धोखा है। कहा कि सरकार को लोगों की परेशानी को देखते हुए डीडीए को समाप्त करने की घोषणा करनी चाहिए। जल्द मांग पूरी नहीं होने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। यहां लक्ष्मण सिंह एठानी, चंद्र शेखर, हेम चंद्र तिवारी, हेम चंद्र जोशी, चंद्रमणि भट्ट, प्रतेश पांडे, राबिन भंडारी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 945 फ्लैग 1060 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# भर्तियों की संभावना में छठे स्थान पर भारत

## मैनपावरग्रुप कंपनी के तिमाही में वैश्विक सर्वेक्षण के आधार पर कही गई बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपने रोजगार परिदृश्य के मामले में वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है। देश में 30 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहीं हैं। कार्यबल समाधान कंपनी मैनपावरग्रुप के एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। भारत के शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) की गणना छंटनी की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं की संख्या को नियुक्ति की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं से घटाकर की गई। इससे सामने आया कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले 3 महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही हैं। भारत अपने



रोजगार परिदृश्य के लिए वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है, जो वैश्विक औसत से आठ अंक ऊपर है। यह सर्वेक्षण 42 देशों में किया गया है।

वैश्विक स्तर पर, कोस्टा रिका में जुलाई-सितंबर के लिए सबसे मजबूत 35 प्रतिशत नियुक्ति की उम्मीद है। इसके बाद स्विट्जरलैंड में 34 प्रतिशत, ग्वाटेमाला में 32 प्रतिशत, मेक्सिको में 32 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 31 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्तियां करने की योजना बना रही है। दूसरी ओर,

### सर्वेक्षण के मुताबिक उत्तर भारत में नियुक्ति की संभावना सबसे अधिक 36 प्रतिशत रही

सर्वे के मुताबिक रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेशकों की रुचि बढ़ी है और आवासीय क्षेत्र में 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का पूंजी प्रवाह हुआ है। कुल मिलाकर उत्तर भारत में नियुक्ति की संभावना सबसे अधिक 36 प्रतिशत रही। इसके बाद पश्चिम में 31 प्रतिशत, दक्षिण में 30 प्रतिशत और पूर्व में 21 प्रतिशत नियोक्ताओं ने भर्ती करने की इच्छा व्यक्त की। आम धारणा के विपरीत करीब 68 प्रतिशत नियोक्ता अगले दो साल में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग को अपनाने के कारण कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। इसका नेतृत्व संचार सेवा क्षेत्र, वित्तीय और रियल एस्टेट, उद्योग व सामग्री तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र करेंगे।


अर्जेंटीना और रोमानिया में सबसे कम तीन प्रतिशत एनईओ दर्ज किया गया। मैनपावरग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के नवीनतम संस्करण में भारत में 3,150 नियोक्ताओं से उनकी तीसरी तिमाही की नियुक्ति संबंधी मंशा के बारे में पूछा गया।

मैनपावरग्रुप के भारत तथा पश्चिम एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा-वैश्विक मंदी का असर भारत के आईटी क्षेत्र पर काफी समय से पड़ रहा है। इस सर्वेक्षण में आंकड़े एकत्रित करते समय आम चुनाव के कारण देश में राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल बना हुआ था और स्पष्ट रूप से नियोक्ता अपने अल्पकालिक संसाधन नियोजन में सावधानी बरत रहे थे।

## भारत 3 साल तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत अगले तीन वर्षों में 6.7 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर्ज करते हुए सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक की नवीनतम 'वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट' के मुताबिक, भारत में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

यह विश्व बैंक के जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान से 1.9 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही विश्व बैंक ने वर्ष 2024 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि के 2.6 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान जताया। उसने कहा कि अगले दो वर्षों में वैश्विक वृद्धि बढ़कर औसतन 2.7 प्रतिशत तक हो जाएगी। हालांकि, यह भी कोविड-19 से पहले के दशक के 3.1 प्रतिशत से काफी कम होगी।




# घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सियाम के अनुसार मई में बढ़कर 3,47,492 इकाई पर पहुंची

देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गई। मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के चलते मई महीने में अब तक की सबसे ऊंची बिक्री दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने पिछले महीने 1,44,002 इकाइयां बेचीं, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 1,43,708 इकाई था। हुंदै मोटर इंडिया ने मई में 49,151 वाहन बेचे, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 48,601 इकाई था। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 43,218 इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 32,886 इकाइयों की बिक्री की थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि सभी खंडों यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों में सालाना आधार पर मई में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा-यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल समान महीने में यह आंकड़ा 14,71,550 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 55,763 इकाई हो गई, जबकि मई, 2023 में यह 48,610 इकाई थी। अग्रवाल ने कहा-सामान्य से बेहतर मानसून के पूर्वानुमान और नई सरकार द्वारा आर्थिक वृद्धि पर निरंतर जोर दिए जाने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोटर वाहन उद्योग 2024-25 में भी स्थिर वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने विस्तार से बताते हुए कहा कि पिछले महीने यात्री वाहनों की आपूर्ति मई में अब तक की सर्वाधिक थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,500-54,700 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 71,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,500 |
| चांदी पक्की | 876 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 63 मसूरी 54 अंगूरी 55 बासमती 100, **दाल दलहन**-काला चना 120 साबुत चना दाल 70-85 मूंग साबुत 98 राजमा 158 दाल उड़द 127 साबुत मसूर दाल 68 मसूर दाल 73 उड़द साबुत 125 काबुली चना 75-165 अरहर दाल 160 लोबिया/करमानी 85-100 सोयाबीन 43 मूंगफली 70 मटर (सूखी) 55-61 मक्का 19 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका :62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 मूंग साबुत : 90 से 105 चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

# विशेष आर्थिक क्षेत्र से निर्यात 2023-24 में बढ़कर 163 .69 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार 4 प्रतिशत हुई बढ़ोतरी

विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 2023-24 में चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया, जबकि देश का कुल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत से अधिक घटा था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों से निर्यात 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर और 2021-22 में 133 अरब डॉलर रहा था। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में



एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार तथा सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध होता है। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्र (जोन) को मंजूरी दी है, जिनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्र में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्रों में 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### आतंकवादियों को सहायता देने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद होने के सिलसिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण रविवार को बरामद किये गये थे और एक दिन बाद उन्हें नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन जून को लश्कर-ए-तैयबा कमांडर रियाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की हत्या के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए।

### 1.47 करोड़ रुपये चुराने वाला पकड़ा गया चोर

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने अपने रिश्तेदार के घर से 1.47 करोड़ रुपए चुराने वाले युवक को चुराई गई नकदी के साथ पकड़ लिया है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी के थानाधिकारी राजाराम ने बताया कि आरोपी विकास ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार बंशी के घर से पैसे चुराने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि बंशी ने अपनी जमीन बेचकर पैसा घर में रखा था तथा कल रात वह नागौर के कुचामन में अपने किसी रिश्तेदारे के यहां गया था। राजाराम ने बताया कि विकास अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से खाटूश्यामजी इलाके में आया और मंगलवार तड़के घर से उसने पैसे चुरा लिए।

### कारोबारी की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की स्वास्थ्य स्थिति पर संबद्ध जेल अधीक्षक से एक रिपोर्ट मांगी है। उच्च न्यायालय की एक अवकाशकालीन पीठ ने जेल अधिकारियों को पिल्लई को मुहैया कराये जा रहे उपचार पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिल्लई ने स्वास्थ्य आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा-नवीनतम चिकित्सा रिपोर्ट संबंधित जेल अधीक्षक से मांगी जाए।

# मोदी सरकार के नए मंत्रियों में 99% करोड़पति

## एडीआर के मुताबिक औसत संपत्ति 107 करोड़, 6 ऐसे जिनके पास 100 करोड़ से अधिक की संपदा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में चुनाव सुधार की दिशा में काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों में से 70 यानी 99 प्रतिशत करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपये है।

एडीआर ने कहा कि मंत्रियों में से छह ऐसे हैं जिनके पास 100 करोड़ रुपये से कहीं अधिक की संपत्ति है। मंत्रियों की ओर से अपनी संपत्ति की घोषणा के आधार पर एडीआर ने यह आकलन किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी 5705.47 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं। उनकी संपत्ति में 5598.65 करोड़ रुपये की चल और 106.82 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कुल 424.75 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनकी संपत्ति के ब्योरे में चल संपत्ति में 62.57 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 362.17 करोड़ रुपये शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के पास कुल 217.23 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में 102.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 115.00 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुल 144.12 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जिसमें 142.40 करोड़ रुपये चल संपत्ति और 1.72 करोड़ रुपये अचल संपत्ति शामिल है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के पास कुल 121.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में चल संपत्ति में 39.31 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 82.23 करोड़ रुपये शामिल हैं। महाराष्ट्र के उत्तर मुंबई से एक अन्य मंत्री और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 110.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

### 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है



विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है। इन मंत्रियों के वित्तीय विवरण प्रदान करने वाली रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि उनके बीच औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 71 मंत्रियों के साथ रविवार को शपथ ली थी। इस बार भाजपा को भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है। इसलिए मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

## मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशियों के पास से 33 किलोग्राम सोना बरामद

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने अलग-अलग मामलों में दो विदेशी महिला नागरिकों के अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया 19.15 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 32.79 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अफ्रीकी देशों से आई दोनों महिला यात्रियों की संदेह के आधार पर तलाशी ली गई। जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों मामलों में अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया गया सोना मिला है। उन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# क्षीर भवानी यात्रा के लिए आज रवाना होंगे 8,400 से अधिक श्रद्धालु

जम्मू, एजेंसी

कश्मीर में वार्षिक क्षीर भवानी मेले के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालु जम्मू से बुधवार को रवाना होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन श्रद्धालुओं में अधिकतर कश्मीरी पंडित समुदाय से हैं। चार दिवसीय यह तीर्थयात्रा 12 जून को शुरू होगी, जब श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू शहर के बाहरी इलाके नगरोटा क्षेत्र से बसों में रवाना होंगे। इस वर्ष भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों से 80,000 से 90,000 कश्मीरी पंडितों के घाटी के पांच प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। ज्येष्ठ मास की अष्टमी पर मनाया जाने वाला वार्षिक क्षीर भवानी मेला 14 जून को कश्मीर के तुलमुल्ला (गंदरबल), टिक्कर



(कुपवाड़ा), लक्तिपोरा ऐशमुकाम (अनंतनाग), माता त्रिपुरसुंदरी देवसर (कुलगाम) और माता क्षीर भवानी मंजगाम (कुलगाम) मंदिरों में आयोजित होगा। राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी ने कहा कि हमने इस तीर्थयात्रा के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालुओं को पंजीकृत किया है। अरविंद करवानी ने कहा कि पांच मंदिर परिसरों तक यात्रा के लिए लगभग 200 बसें उपलब्ध कराई गईं हैं, जहां देवी महाराग्नया की पूजा करने के लिए क्षीर भवानी उत्सव मनाया जा रहा है।

# सबके सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली निकली : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाया आरोप-अब तीन करोड़ घरों का पीटा जा रहा ढिंढोरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2022 तक सबके सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली साबित होने के बाद अब तीन करोड़ आवास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गई।

खरगे ने कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का घर संभालना पड़ रहा है। 17 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री जी ने देश को मोदी की गारंटी दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी। ये गारंटी तो खोखली निकली। उन्होंने कहा-अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो। देश असलियत जानता है कि इस बार इन तीन करोड़ घरों के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों



में कांग्रेस-संप्रग के मुक़ाबले पूरे 1.2 करोड़ घर कम बनवाए। खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में 2004-13 के बीच 4.5 करोड़ घर बनवाए गए, जबकि पिछले 10 वर्षों में केवल 3.3 करोड़ घरों का निर्माण हुआ। उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी जी की आवास योजना में 49 लाख शहरी आवास यानी 60 प्रतिशत घरों का अधिकतर पैसा जनता ने अपनी जेब से भरा।

उनके मुताबिक-एक सरकारी सामान्य शहरी घर औसतन 6.5 लाख रुपये का बनता है, उसमें केंद्र सरकार केवल 1.5 लाख रू देती है। इसमें 40 प्रतिशत योगदान राज्यों और नगरपालिका का भी होता है। बाक़ी के बोझ का ठीकरा जनता के सिर पर फूटता है। वो भी क़रीब 60 प्रतिशत का बोझ।

# संघ सदस्य ने भाजपा आईटी सेल हेड से मांगी माफी

कोलकाता, एजेंसी

- शांतनु सिन्हा ने कहा-कांग्रेस के लगाए गए आरोप गलत

कोलकाता के अधिवक्ता शांतनु सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के आईटी प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के विरुद्ध झूठे और अपमानजनक आरोप लगाने के लिए दिए गए कानूनी नोटिस मामले में मंगलवार को दावा किया कि उनके बयानों की गलत व्याख्या की गई। सिन्हा ने यह भी कहा कि वह सोशल मीडिया पोस्ट वापस नहीं ले रहे हैं, लेकिन अगर इससे मालवीय को ठेस पहुंची है तो वह दिल से खेद व्यक्त करते हैं।

उन्होंने फेसबुक पोस्ट में कहा-अगर मेरी पोस्ट से मालवीय को ठेस पहुंची है या इस तरह की गलत व्याख्या और संपादित संस्करण के कारण छवि खराब हुई है, तो मैं इसके लिए अपना हार्दिक दुख व्यक्त करता हूं। क्योंकि मैंने अपनी पोस्ट में कुछ भी ऐसा अनुचित नहीं लिखा है, जिसका उद्देश्य किसी की छवि खराब करना हो, इसलिए मैं विवाद का कारण बनी पोस्ट को वापस नहीं ले रहा हूं। संपर्क करने पर सिन्हा ने कहा कि यह कोई माफी नहीं है, बल्कि पूरे विवाद पर स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास है कि किस तरह उनके बयान की गलत व्याख्या की गई।

# जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

**रांची।** झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से और कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आलम धन शोधन संबंधी एक मामले के सिलसिले में जेल में हैं। पदाधिकारी ने कहा कि आलम ने रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को लिखे एक पत्र में राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के तौर पर अपना इस्तीफा दिया। आलम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे अन्य पत्र में कहा-मैं झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से अपना इस्तीफा देता हूं। विधायक दल के नेता के रूप में कार्य करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का हमेशा आभारी रहूंगा।

## हिजाब नहीं पहनने के अनुरोध के कारण शिक्षिका ने कॉलेज जाना किया बंद

**कोलकाता।** कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध कानून की पढ़ाई कराने वाले एक निजी संस्थान की एक शिक्षिका ने वहां के अधिकारियों द्वारा कार्यस्थल पर हिजाब पहनने से परहेज करने के कथित अनुरोध के बाद कक्षाओं में जाना बंद कर दिया और इस्तीफा दे दिया। मामला सामने आने के बाद जब इसका विरोध शुरू हुआ तो संस्थान के अधिकारियों ने दावा किया कि यह संवादहीनता के कारण हुआ और वह अपना इस्तीफा वापस लेने के बाद मंगलवार को काम पर लौट जाएंगी। लॉ कॉलेज में 3 साल से शिक्षण कार्य कर रहीं संजीदा कादर ने 5 जून को इस्तीफा दे दिया था।

# जरांगे के अनशन का चौथा दिन, तरल पदार्थ लेने से इनकार

जालना (महाराष्ट्र), एजेंसी

- मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हैं मनोज

मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर चार दिन से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को डॉक्टरों की सलाह के बावजूद नसों के माध्यम से तरल पदार्थ (आईवी फ्लुइड) लेने से इनकार कर दिया।

मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण देने की मांग कर रहे जरांगे ने मध्य महाराष्ट्र के जालना जिले में अंतरवाली सराटी गांव में नये सिरे से भूख हड़ताल शुरू की है। सरकारी ग्रामीण अस्पताल के एक दल ने सुबह उनकी जांच की।



उनका रक्तचाप और रक्त शर्करा स्तर कम था और उन्हें नसों के माध्यम से शरीर में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है। एक डॉक्टर ने मीडियाकर्मियों को यह जानकारी दी। हालांकि, जरांगे ने कहा कि वह इस तरह से कोई आहार नहीं लेंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-ऐसा लगता है कि सरकार को हमारी दुर्दशा की बिल्कुल चिंता नहीं है। मराठा समुदाय उन्हें सबक सिखाएगा। महाराष्ट्र के मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि सरकार द्वारा मराठाओं को दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण न्यायिक जांच में खरा उतरेगा, कार्यकर्ता ने कहा कि भुजबल को इस मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### राकांपा नेता सारंग ने मुस्लिम आरक्षण की मांग की



**मुंबई।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजीत गुट) के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी उपाध्यक्ष सलीम सारंग ने राज्य में मुलसमानों के लिए नौकरियों और शिक्षा के अलावा राजनीतिक आरक्षण की मांग की है। सारंग दशकों से मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग कर रहे है। सारंग की नई मांग में राजनीतिक आरक्षण भी शामिल है। उन्होंने मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने और सड़कों पर उतरने की भी धमकी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी पार्टी ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा। महाराष्ट्र से एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है। नरेंद्र मोदी सरकार में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। सलीम सारंग का बयान महाराष्ट्र में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आया है।



## खेल डायरी

### एमएमए से जुड़ने वाले पहले पहलवान बनेंगे संग्राम



**मुंबई।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं। संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे। मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। संग्राम ने कहा कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा एमएमए खेल का भविष्य है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता पूरी कहानी बयां करती है। भारत में इसको देखने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक मेरा समर्थन करेंगे।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर वेड को लगी फटकार

**बारबाडोस।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई। आईसीसी



कहा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू वेड को शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। यह घटना उस समय हुई जब ऑस्ट्रेलिया की पारी के 18वें ओवर में वेड ने आदिल राशिद की गेंद को वापस गेंदबाज की तरफ खेला। वेड को उम्मीद थी कि अंपायर इसे 'डेड बॉल' करार देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वेड ने अंपायरों से बहस की। विकेटकीपर बल्लेबाज वेड आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन को लेकर आईसीसी मैच रैफरियों के एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली गई इसलिए इस पर आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

### भारत-इंग्लैंड की डेफ टीम पहली बार खेलेगी शृंखला

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड की बधिर टीम के बीच 18 जून से पहली द्विपक्षीय टी-20 डेफ शृंखला खेली जाएगी। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निमंत्रण पर भारतीय बधिर टीम पहली बार इंग्लैंड के साथ सात मैचों की द्विपक्षीय टी-20 डेफ सीरीज खेलेगी। 18 जून से शुरु होने वाली शृंखला के मैच इंग्लैंड के द काउंटी ग्राउंड, डर्बी, किडरमिन्स्टर, नॉर्थम्पटनशायर, वारविकशायर और आखिरी मैच 27 जून को लीसेस्टरशायर में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित एक समारोह में भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण किया है। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा दिव्यांगों के सशक्तिकरण विभाग की ओर से, मैं टीम का समर्थन करने के लिए रोमांचित हूं क्योंकि वे पहली शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 डेफ सीरीज से कर रहे। यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल एथलीटों की असाधारण प्रतिभा को प्रदर्शित करता है बल्कि खेलों में समावेशिता के महत्व पर भी प्रकाश डालता है।

### 2025 में जू. हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत



**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** भारत अगले साल पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। यह प्रतियोगिता दिसंबर में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में यह पहला अवसर होगा जबकि इसमें 24 टीम हिस्सा लेंगी। एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने इसकी घोषणा करते हुए कहा मुझे बहुत खुशी है कि एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ गई है और मैं अगले साल इन 24 युवा टीमों को खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। यह 24 टीमें हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। पिछला जूनियर विश्व कप 2023 में कुआलालंपुर में खेला गया था जिसमें जर्मनी ने फाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। स्पेन तीसरे और भारत चौथे स्थान पर रहा था। भारत इससे पहले तीन बार 2013 (नई दिल्ली), 2016 (लखनऊ) और 2021 (भुवनेश्वर) में टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुका है। भारत 2016 में चैंपियन भी बना था।

### जय शाह ने एनएफएल मुख्यालय का किया दौरा

**न्यूयॉर्क।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के मुख्यालय का दौरा किया। बीसीसीआई ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय खेल सहयोग को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव शाह मौजूदा टी-20 विश्व कप के लिए अमेरिका में हैं। बीसीसीआई ने ट्वीट में कहा जब दुनिया की दो सबसे बड़ी खेल लीग एक हो गईं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में एनएफएल मुख्यालय का दौरा किया और आयुक्त श्री रोजर गुडेल और उनकी टीम से मुलाकात की। इस बैठक में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, नवीन विचारों का आदान-प्रदान करने और प्रशंसक को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बीसीसीआई आईपीएल का आयोजन करता है जो प्रति मैच मूल्य के मामले में अमेरिका के एनएफएल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अमीर खेल लीग बन गई है। वर्ष 2008 में पहले सत्र के बाद से आईपीएल और टी20 क्रिकेट में तेजी से वृद्धि हुई है। दौरे के दौरान शाह ने गुडेल और उनकी टीम के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। शाह ने गुडेल को बीसीसीआई के लोगो वाला 'कस्टमाइज्ड' (विशेष रूप से तैयार) हेलमेट और टीम इंडिया की जर्सी भेंट की। सहयोग के प्रतीक के रूप में शाह को बदले में एक एनएफएल गेंद मिली।

# पिच के मिजाज ने तेज की गेंदबाजों की धार

## गेंदबाजी से हो रहा मुकाबलों का फैसला, 21 मैचों में हावी रहे गेंदबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्वकप में पिचों के मिजाज को देखते हुए इस बार अभी तक खेले गए लीग मैचों में बल्ले की जगह गेंद का जलवा दिख रहा है और गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला। अभी तक खेले गए 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज सैकड़े तक नहीं पहुंच सका है। फिर चाहे कमजोर टीम के साथ मुकाबला रहा हो या धुरंधर के साथ।



सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है। ओमान के मेहरान खान तीन मैच आठ रन प्रति ओवर की औसत से छह विकेट पांचवें स्थान पर है।

भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दो मैच में 8.40 की औसत से छह विकेट चटका कर छठें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के ओट्नील बार्टमैन तीन मैच 14.40 के साथ पांच विकेट के साथ सातवें स्थान पर है। श्रीलंका के नुवान तुषारा और नीदरलैंड के लोगन वैन वीक दो मैच में 8.40 की औसत से पांच-पांच विकेट के साथ संयुक्त रुप से आठवें और नौवें स्थान पर है। युगांडा के ब्रायन मसाबा तीन मैच 14.40 की औसत के साथ पांच विकेट लेकर दसवें स्थान पर है। टी-20 विश्वकप में कुल सात गेंदबाज को सबसे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि हासिल है, जिसमें चार गेंदबाज एशिया से हैं। वर्ष 2007 और 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल, साल 2021 और 2022 में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा दो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में दो बार सबसे अधिक विकेट हासिल करने की उपब्लब्धि हासिल थी। टी-20 विश्वकप 2024 की शुरुआत और जून से हुई है और इसका फाइनल 29 जून को केनसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।



### नासाउ जैसी पिचों से अमेरिका में क्रिकेट का प्रसार करना मुश्किल

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने नासाउ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड की पिच और आउटफील्ड की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर आईसीसी टी-20 क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार तलाश रहा है तो इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना बेहद मुश्किल होगा। इस मैदान की ड्रॉप इन पिचों पर बल्लेबाजी करना बेहद मुश्किल है। भारत ने टी-20 विश्व कप में इस पिच पर 119 जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 113 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया। क्लासेन ने कहा निश्चित तौर पर अगर आप दुनिया को दिखाना चाहते हैं और यहां बाजार तलाश रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना संभव होगा। क्रिकेट के लिहाज से यह कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इससे शीर्ष टीमों और अन्य टीमों के बीच अंतर कम हो गया है। बल्लेबाज इस तरह की पिच पर खेलना पसंद नहीं करेंगे जबकि गेंदबाज ऐसी पिचों पर खेलना चाहेंगे। आईसीसी पहले ही स्वीकार कर चुका है कि उसने जिस तरह की पिचों की उम्मीद की थी यह वैसी नहीं हैं।

## सुपर आठ से एक कदम दूर भारत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

**मैच : रात 8:00 बजे**



● अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम

भारत के चोटी के बल्लेबाज अमेरिका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के मैच में बेहतर प्रदर्शन करके आगे के कड़े मैचों के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। अमेरिका की टीम भले ही अनुभवहीन है लेकिन उसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और भारत उसे किसी भी तरह से कम आंकने की कोशिश नहीं करेगा। भारत के कितने भी अंक हों उसे अगले चरण के लिए ए1 के रूप में वर्गीकृत किया है और वह अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज करके सुपर 8 में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगा।

नासाउ काउंटी मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं रही है लेकिन भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ अपने प्रदर्शन को दोहराने से बचना चाहेंगे जब टीम ने 30 रन के अंदर अपने अंतिम सात विकेट गंवा दिए थे। अमेरिका के खिलाफ ढीला रवैया भारत को भारी पड़ सकता है क्योंकि यह टीम पहले पाकिस्तान को भी हरा चुकी है। अमेरिका की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका भारत की तरफ से खेलने का सपना पूरा नहीं हो पाया था। इनमें सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी टीम की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पिच के व्यवहार ने भले ही टीमों के बीच के अंतर को कम कर दिया है लेकिन अमेरिका के लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। अमेरिका की टीम दूसरी भारतीय टीम की तरह नजर आती है क्योंकि उसमें भारतीय मूल के आठ खिलाड़ी हैं। इसके अलावा पाकिस्तानी मूल के दो तथा वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड का एक खिलाड़ी उसकी टीम का हिस्सा है।

### करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराने उतरेगी श्रीलंका

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा)।** दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शिकस्त के बाद अंक तालिका में खाता खुलने का इंतजार कर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। नेपाल को अपने एकमात्र मैच में नीदरलैंड के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश को पिछले मैच में हराकर दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी है। वानिंदु हसरंगा की अगुआई वाली टीम की जीत दूसरे स्थान की दौड़ को और भी रोमांचक कर देगी क्योंकि बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की दावेदारी भी बरकरार है। श्रीलंका को अगर जीत दर्ज करनी है तो बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नेपाल के खिलाफ हार का मतलब होगा कि श्रीलंका का अभियान पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत नामीबिया से, नजर सुपर आठ पर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी। वहीं नामीबिया को उम्मीद होगी कि ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वाइसे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

## राइफल और पिस्टल टीम घोषित दो स्पर्धाओं में भाग लेगी मनु भाकर

**ओलंपिक की तैयारी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी है जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी। टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। टीम में आठ राइफल और सात पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं।

चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए। पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था। निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं बल्कि देश को कोटा दिया जाता है। टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना है। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे। शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए हैं।



### क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे शॉटगन निशानेबाज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह बुधवार को इटली के लोनाटो में शुरू होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भाग लेने वाले 12 भारतीय निशानेबाजों में शामिल होंगी। पुरुष और महिला ट्रैप क्वालीफायर के पहले तीन दौर में भारत प्रत्येक स्पर्धा में तीन सदस्यों के साथ मजबूत टीम उतारेगा। इस विश्व कप में जीते गए पदक निशानेबाजों को अंक दिला सकते हैं जिससे शॉटगन टीम की घोषणा से पहले उन्हें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने में मदद मिलेगी।

## 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी कराने का पीसीबी ने दिया प्रस्ताव

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले वर्ष देश में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को 19 फरवरी से शुरू कराने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के तहत बोर्ड ने टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में कराने का विचार बनाया है। कराची में टूर्नामेंट का उद्घाटन और सेमीफाइनल सहित तीन मैच होंगे। वहीं लाहौर में फाइनल समेत कुल सात मैच तथा पिंडी क्रिकेट ग्राउंड में कुल पांच मैच होंगे जिसमें दूसरा सेमीफाइनल भी होगा।

रिपोर्ट के अनुसार भारत का हर मैच लाहौर में कराने की तैयारी है। इसका मतलब है कि यदि भारत सेमीफाइनल में जाता है तो एक सेमीफाइनल में कराची या रावलपिंडी से निकालकर लाहौर लाना होगा। सुरक्षा के मद्देजनर भारतीय टीम को अधिक यात्रा से बचाते हुए मैचों एक ही शहर में कराए जाने की योजना है। लाहौर बाघा बॉर्डर के पास भी है तो भारतीय प्रशंसकों के लिए वहां पहुंचना आसान भी होगा। हालांकि अभी तक यह निश्चित नहीं है कि भारत टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। 2008 में एशिया कप के बाद से ही भारत ने पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है और 2012-13 के बाद से दोनों टीमों के बीच कोई द्विपक्षीय सीरीज भी नहीं खेली गई है।

## अर्शदीप पर की टिप्पणी के लिए अकमल ने मांगी माफी

**लाहौर, एजेंसी**



पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ की गई अपनी अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप में खेले गए मैच का विश्लेषण करते हुए कामरान ने अर्शदीप के सिख धर्म का मजाक बनाया जिसका वीडियो वायरल हो गया था। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया की थी।

कामरान ने हरभजन को टैग करते हुए एक्स पर लिखा मुझे हाल में की गई अपनी टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। मेरे शब्द अनुचित और अपमानजनक थे। मैं दुनिया भर के सिखों का बहुत सम्मान करता हूं और मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। मैं सच में माफी चाहता हूं। कामरान ने पाकिस्तान की पारी के दौरान यह टिप्पणी की। पाकिस्तान को तब 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी। अर्शदीप ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई और भारत ने यह मैच 6 रन से जीता। पाकिस्तान के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा था कुछ भी हो सकता है। देखिए अंतिम ओवर अर्शदीप सिंह को ही करना है। वह अच्छी लय में नहीं दिख रहा है और 12 बज गए हैं।

हरभजन ने यह वीडियो रिपोस्ट किया जिसमें अकमल के साथ बैठे अन्य लोगों को भी हंसते हुए दिखाया गया है। भारतीय ऑफ स्पिनर ने अकमल की कड़ी आलोचना की। हरभजन ने कहा आपको अपना गंदा मुंह खोलने से पहले सिखों का इतिहास जान लेना चाहिए। हम सिखों ने आपकी माताओं और बहनों को बचाया जब उन्हें आक्रमणकारियों ने अगवा कर लिया था। समय 12 बजे का था। शर्म आनी चाहिए आप लोगों को... कुछ तो आभार मानिए।

## सात्विक-चिराग ने गंवाई नंबर एक रैंकिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई।

चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस



प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई हैं। महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा एक पायदान ऊपर 19वें स्थान पर पहुंच गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी एक पायदान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में हारी हर्षिता-श्रुति की जोड़ी

**सिडनी।** हर्षिता राउत और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां महिला युगल के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हर्षिता और श्रुति की जोड़ी को डानिया नुगरोहो और काइ की बर्नाइस टियोह की स्थानीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य भारतीयों में अभिषेक येलिगर ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। अभिषेक ने पहले दौर में शाश्वत दलाल को हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के जेई यिंग चेन को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। वह पहले दौर में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। एचएस प्रणय इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे और बुधवार को पुरुष एकल के पहले दौर में ब्राजील के यगोर कोएलहो से भिड़ेंगे।

### नागल इटली में एटीपी चैलेंजर के प्री क्वार्टरफाइनल में

**पेरूगिया (इटली)।** भारत के शीर्ष वरीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां बोस्निया के नर्मन फैटिक पर सीधे सेटों में जीत से एटीपी 125 पेरुगिया चैलेंजर के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय भारतीय ने एक घंटे 52 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 7-6(1), 6-2 से जीत दर्ज की।

पहला सेट बराबरी पर रहा और दोनों खिलाड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था। लेकिन नागल टाईब्रेक में फैटिक को मात देने में सफल रहे। नागल अब दूसरे दौर में स्थानीय खिलाड़ी एलेसांद्रो जियाननेसी से भिड़ेंगे। इस जीत ने एटीपी लाइव रैंकिंग में नागल चार पायदान ऊपर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। नागल ने पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रॉ में जगह लगभग पक्की कर ली है।

## लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की चोटिल यूरोपीय चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध

**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और करोल स्वाइडरस्की तुर्की के खिलाफ अभ्यास मैच में चोटिल हो गए और उनका यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध है। पोलैंड ने यह मैच 2-1 से जीता लेकिन दो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने से यूरो 2024 के शुरू होने से पहले उसकी चिंता बढ़ गई है। स्वाइडरस्की ने लेवांडोव्स्की की मदद से 12वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन जश्न मनाते समय उनके टखने में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। पोलैंड की तरफ से सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड रखने वाले कप्तान लेवांडोव्स्की भी 32 मिनट तक ही मैदान में रहे। उन्हें दाहिने पांव में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की के पास रविवार तक फिट होने का समय है, जब पोलैंड हैम्बर्ग में नीदरलैंड के खिलाफ यूरोपीय चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।



<< रॉबर्ट लेवांडोव्स्की

### फ्रेंकी डी जोंग यूरो 2024 से बाहर

**रोटरडम (नीदरलैंड)।** नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग टखने की चोट के कारण यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। नीदरलैंड के फुटबाल महासंघ ने बताया कि बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाला यह स्टार फुटबॉलर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। नीदरलैंड की आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-0 से जीत के दौरान डी जोंग बाहर बैठे रहे। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा वह अगले तीन सप्ताह तक शीर्ष स्तर की फुटबॉल खेलने के लिए पर्याप्त फिट नहीं हैं। उन्हें टीम में बनाए रखने का कोई मतलब नहीं बनता है। यूरोपीय चैंपियनशिप में 1988 का विजेता नीदरलैंड यूरो 2024 में अपना पहला मैच रविवार को पोलैंड के खिलाफ खेलेगा।

### चेन्नईयन एफसी ने विलमर जॉर्डन गिल से किया अनुबंध



**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र से पहले कोलंबिया के स्टार स्ट्राइकर विलमर जॉर्डन गिल के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने यह घोषणा करते हुए कहा कोलंबिया का यह फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में आईएसएल में खेल चुका है। विलमर ने 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से आईएसएल में पदार्पण किया था। इसके अगले सत्र में उन्होंने पंजाब एफसी की तरफ से प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वह अभी तक आईएसएल ने 15 मैच में 8 गोल कर चुके हैं। चेन्नईयन ने विलमर के साथ एक साल का अनुबंध किया है। वह एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्वू के बाद इस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

यूक्रेन रिकवरी




यूक्रेन रिकवरी सम्मेलन का आयोजन जर्मनी की राजधानी बर्लिन में होगा, यूक्रेन के पुनर्निर्माण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले सोमवार को रेडियो टावर को यूक्रेनी राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया गया है। • एजेंसी

# इजराइल-हमास में संघर्ष विराम प्रस्ताव को संरा की मंजूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच आठ महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडन ने की।

अमेरिका का कहना है कि इजराइल ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं सबकी निगाहें चरमपंथी फलस्तीनी समूह हमास पर हैं, जिसने तीन चरण वाले इस योजना प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 ने इसका समर्थन करते हुए मंजूरी दी, हालांकि रूस मतदान से नदारद रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल और हमास से बिना किसी शर्त और विलंब के इसके नियमों को पूर्ण रूप से लागू करने का आह्वान किया गया है। वहीं, हमास ने कहा कि वह प्रस्ताव का स्वागत करता है और इसे लागू करने के लिए इजराइल के साथ सीधी बातचीत न कर मध्यस्थों के साथ कार्य करने को तैयार है। हमास का ये बयान अब तक दिए सबसे कड़े बयानों में से एक था। हमास ने बयान में इस बात पर जोर दिया है कि इजराइल के कब्जे को समाप्त करने के लिए संघर्ष जारी रखेगा और फलस्तीन को पूर्णतया संप्रभु देश बनाने के लिए काम करता रहेगा। हमास के प्रवक्ता जिहाद ताहा ने मंगलवार को कहा कि इजराइल द्वारा समझौते का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कुछ मामलों का अध्ययन और स्पष्टीकरण करने के प्रयास जारी हैं।



- अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति बाइडन ने की
- अमेरिका बोला- इजराइल ने इस प्रस्ताव को कर लिया स्वीकार
- हमास ने तीन चरण वाले प्रस्ताव को नहीं किया स्वीकार

## ब्लिंकन ने इजराइल पर योजना लागू करने के लिए बनाया दबाव

**तेल अवीव।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजराइल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से गाजा में युद्ध के बाद के लिए योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया। इतना ही नहीं, उन्होंने संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए हमास पर और अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने की भी वकालत की। हालांकि समझौते के प्रति नेतन्याहू का रवैया संदेहास्पद है और उन्होंने कहा कि इजराइल, हमास को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## युद्ध अपराध करने की आशंका: मानवाधिकार

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने सप्ताहांत पर इज़राइली बलों द्वारा घातक हमला कर चार बंधकों को छुड़ाने को लेकर इज़राइली बलों और फलस्तीनी सशस्त्र समूहों की ओर से युद्ध अपराध को अंजाम देने की आशंका जताई है। कार्यालय के प्रवक्ता जेरेमी लॉरेंस ने शहरी नुसैरात शरणार्थी शिविर में इज़राइल के किए हमले से स्थिति में अंतर समझने और सावधानी बरतने के नियमों को कथित रूप से तोड़े जाने पर चिंता व्यक्त की। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दर्जनों महिलाओं और बच्चों समेत 274 फलस्तीनी मारे गए हैं। लॉरेंस ने कहा कि फलस्तीनी सशस्त्र समूहों ने घनी आबादी वाले इलाके में बंधकों को रखकर आसपास के आम लोगों और बंधकों की जिंदगी को खतरे में डाला।

## इजरायली हमले में फिलिस्तीन में 4 की मौत, 8 घायल

**गाजा।** फिलिस्तीन में वेस्ट बैंक के पास कफर नीमा गांव पर इजरायली हमले में चार लोग मारे गए और आठ घायल हो गए। अल जज़ीरा ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा गया कि इजरायली बलों ने पहले कफर नीमा के पास एक कार पर हमला किया। घटना के बाद इजरायली सैनिकों ने गांव पर धावा बोला, जिससे फिलिस्तीनी लोग घायल हो गए।

## एक नजर

### गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त जज प्रोन्नत

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को मंगलवार को प्रोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। ये दोनों प्रोन्नतियां, नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ जून को तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के बाद न्यायालय में अधिसूचित की जाने वाली पहली प्रोन्नतियां हैं। कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि हाईकोर्ट की दो न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुष्मिता फूकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया को इसी कोर्ट में न्यायाधीश बनाया गया है। उनकी प्रोन्नतियां उनके द्वारा अपना- अपना प्रभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी।

### रूस में प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी ओसेशिया में प्रशिक्षु विमान के तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि उत्तरी ओसेशिया-अलानिया गणराज्य में रूसी एयरोस्पेस बल का एक प्रशिक्षु एसयू-34 विमान निर्धारित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के अनुसार विमान निर्जन क्षेत्र में गिर गया और चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी।

### मिस्र में साढ़े छह लाख से अधिक शरणार्थी पंजीकृत

**काहिरा।** मिस्र में 6,60,000 शरणार्थी पंजीकृत हैं जिनमें से ज्यादातर सूडान के है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त के कार्यालय की प्रवक्ता क्रिस्टीन बेशाय ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सूडान में संकट से शरणार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इनमें 3,78,000 शरणार्थी सूडानी हैं। 15 अप्रैल 2023 को सूडानी सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज में झड़पें हुईं। संघर्ष के पक्षों ने तब से कई अस्थायी राष्ट्रव्यापी युद्ध विराम लागू किए हैं। अक्टूबर के अंत में जेद्दा में सऊदी अरब की मध्यस्थता से दोनों पक्षों ने बातचीत शुरू की, लेकिन संघर्ष जारी है।

### गाजा संघर्ष सम्मेलन में हिस्सा लेंगे डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार गाजा में चल रहे संघर्ष पर उच्च स्तरीय सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जॉर्डन की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कार्रवाई के लिए कॉल गाजा के लिए तत्काल मानवीय प्रतिक्रिया का आयोजन जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

# हमजा के निर्देश पर आतंकी हमला

## बस आतंकी हमला : 20 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में श्रद्धालुओं की बस पर किए गए हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए मंगलवार को भी अभियान चलाया जा रहा है और सुरक्षा बलों की 11 टीमें काम कर रही हैं तथा पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से घेराबंदी की गई है। वहीं सुरक्षा बलों को संदेश है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर किया गया था। पुलिस ने पौनी हुए हमले में शामिल आतंकियों के ठिकाने के बारे में कोई भी जानकारी देने के लिए 20 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के खुलासे और हुलिया पर आतंकियों का स्केच जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी हमले में नौ लोगों की मौत और 41 लोगों के जख्मी होने के बाद सुरक्षा बलों ने जम्मू और राजौरी जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है तथा जांच तेज़ कर दी है और इलाके में तलाशी ली जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं को शिव खोरी से कटरा में माता वैष्णों देवी मंदिर ले जा रही 53 सीट वाली बस पर पोनी इलाके में तेरयाथ गांव के पास रविवार को गोलीबारी कर दी थी, जिसके बाद बस खाई में जा गिरी थी। वाहन में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे।

सुरक्षा बलों को संदेह है कि पाकिस्तानी आतंकवादी राजौरी और रियासी के पहाड़ी इलाकों में छुपे हैं। वह सुरक्षित संचार के माध्यम से पाकिस्तान की आईएसआई से निर्देश ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी रिपोर्ट हैं कि आतंकियों के एक स्थानीय मददगार सहित चार आतंकवादी इस हमले में शामिल थे, जिसे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर अंजाम दिया गया। ड्रोन और खोजी कुत्तों सहित निगरानी उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मियों ने सोमवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। इलाके में गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए एक हेलीकॉप्टर को भी लगाया गया था। हमले में घायल हुए 41 लोगों में से 10 को गोली लगी है। अधिकारियों ने बताया कि बस पर 11 स्थान पर गोली लगने के निशान हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) और फोरेंसिक विभाग की टीम हमले वाली जगह पर पहुंचीं और जांच में जुट गई हैं।



- सुरक्षा बलों की 11 टीमें कर रही तलाश, पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से की गई घेराबंदी
- जम्मू और राजौरी में हाई अलर्ट घोषित, सुरक्षा दलों को संदेह आतंकी पहाड़ी इलाकों में छुपे हैं

### कठुआ में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के एक गांव में मंगलवार शाम आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसके बाद सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादी हीरानगर सेक्टर में कूटा मोड के पास सैदा सुखल गांव में थे। उन्होंने कहा कि घटना के विवरण की प्रतीक्षा है। अधिकारियों ने कहा कि शाम करीब 7.45 बजे तीन व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि के बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा बल गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा शोर मचाने के बाद कुछ गोलियां चलने की आवाज सुनी गई, माना जा रहा है कि ये गोलियां संदिग्ध आतंकवादियों ने चलाई थीं। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और गांव में छिपे अन्य आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

### 11 दल कर रहे आतंकवादियों की तलाश

उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) रईस मोहम्मद भट ने कहा कि पुलिस, सेना, सीआरपीएफ के 11 दल आतंकवादियों को खत्म करने के लिए दो छोर पर काम कर रहे हैं और सुरक्षा बलों को कुछ सुराग मिले हैं। पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज हमले के क्षेत्र में और उसके आसपास तलाशी जारी है और इसमें 11 दल लगे हैं। इसके अलावा (पोनी-तेरयाथ) पट्टी के चारों ओर घेराबंदी भी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि हमले में घायल हुए लोगों के बयानों के आधार पर उन्होंने इस संभावना से इनकार नहीं किया है कि घटनास्थल पर कोई चौथा व्यक्ति भी मौजूद था जो तीनों आतंकवादियों के लिए वहां पर नज़र रख रहा था।

## 1000 रुपये मानदेय को लेकर आतिशी के आवास पर प्रदर्शन


**नई दिल्ली।** महिला मंच की सदस्यों ने मंगलवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी के आवास पर विरोध प्रदर्शन किया और आप सरकार से महिलाओं को 1000 रुपये मानदेय देने की घोषणा को पूरा करने की मांग की। मथुरा रोड स्थित मंत्री के आवास के बाहर महिलाओं ने नारे लगाए। सफिया फहीम ने कहा कि आप सरकार ने अपने बजट में महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह मानदेय देने की घोषणा की थी। यह कोई चुनावी वादा नहीं था, इसलिए सरकार को अब पैसे देने चाहिए। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया गया और किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है।

# दो साल से मीडिया को चुप रहने के लिए किया बाध्य

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दावा किया कि पिछले दो साल से सरकार ने मीडिया को चुप रहने के लिए बाध्य कर दिया और असहमति जताने वाले पत्रकारों को दमन का सामना करना पड़ा है। कई मामलों में आरोपी खान को 10 महीने पहले गिरफ्तार किए जाने के बाद से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है। उन्हें कुछ मामलों में दोषी भी ठहराया गया है।

इमरान खान ने एक्स पर कहा कि पाकिस्तान में मीडिया हमेशा राज्य के नियंत्रण में रहा है, वहीं पत्रकारों को उनके आलोचनात्मक नजरिए के लिए निशाना बनाया गया है। इमरान का यह बयान ऐसे समय आया है जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने पंजाब मानहानि अधिनियम 2024 पेश किया है, जो मानहानि से जुड़ा विवादास्पद कानून है और यह फर्जी खबरों के नाम पर प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाता है।



- मरयम नवाज के पंजाब मानहानि अधिनियम पेश करने के बाद आई खान की प्रतिक्रिया

## फर्जी दस्तावेज में 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोप में चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एटीएस की जुहू इकाई ने हाल ही में रियाज हुसैन शेख (33), सुल्तान सिद्दीक शेख (54), इब्राहिम शफीउल्ला शेख (44) और फारुक उस्मानगनी शेख (39) को गिरफ्तार किया। ये बांग्लादेशी आरोपी शहर के अलग-अलग हिस्से में रहते हैं। ये कई सालों पहले गैरकानूनी रुप से देश में दाखिल हुए थे। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने भारतीय पासपोर्ट के लिए गुजरात के सूरत निवासी होने का जाली दस्तावेज इस्तेमाल किया था। पांच और लोगों ने इसी तरह पासपोर्ट पाए थे और उनमें से सऊदी अरब गया था।

## अमेरिका ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन की अज़ोव बटालियन को हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध हटा दिया है। वाशिंगटन पोस्ट अखबार ने विदेश विभाग के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रशासन ने लीही कानून के अनुपालन के लिए विभाग के निरीक्षण को पारित कर दिया है। यह कानून गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन के दोषी विदेशी इकाइयों को अमेरिकी सैन्य सहायता के प्रावधान पर रोक लगाता है।

# हूती विद्रोहियों का दावा, अमेरिकी और इजराइली जासूसों को पकड़ा

काहिरा, एजेंसी

यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने सहायता संगठनों के सदस्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र के 11 कर्मचारियों को हिरासत में लेने के कुछ दिन बाद एक अमेरिकी-इजराइली जासूसी तंत्र के सदस्यों को पकड़ा है। हूती खुफिया एजेंसी के प्रमुख मेजर जनरल अब्दुलहकीम अल-खायेवानी ने गिरफ्तारियों की घोषणा करते हुए कहा कि जासूसी तंत्र पहले सना में अमेरिकी दूतावास से संचालित होता था।

उन्होंने कहा कि 2015 में राजधानी सना और उत्तरी यमन पर हूतियों के कब्जे के बाद इसे बंद कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय और संरा संगठनों की आड़ में अपने विध्वंसक एजेंडे को जारी रखा। संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को यमन के 11 कर्मचारियों की गिरफ्तारी की घोषणा की थी। इनमें से छह संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था के लिए काम करते थे, जबकि एक-एक कर्मचारी इसके विशेष दूत के कार्यालय, इसकी विकास शाखा, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, विश्व खाद्य कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' के लिए काम करता था। अन्य सहायता समूहों ने भी कर्मचारियों को हिरासत में लिए जाने की सूचना दी, हालांकि कुल संख्या पता नहीं चली।

- अंतर्राष्ट्रीय और संरा की आड़ में अपने विध्वंसक एजेंडे को जारी रखा : हूती खुफिया एजेंसी

# मलावी के उप राष्ट्रपति और 9 अन्य लोगों की विमान हादसे में मौत

ब्लांटायर (मलावी), एजेंसी

मलावी के उपराष्ट्रपति सोलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। देश के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिस सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा कर रहे थे, उसका मलबा देश के उत्तर में एक पहाड़ी क्षेत्र में मिला। एक दिन से अधिक समय तक चली खोज के बाद विमान का मलबा मिला।

राष्ट्रपति चकवेरा ने सरकारी टेलीविजन पर कहा कि इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। उप राष्ट्रपति चिलिमा और आठ अन्य लोगों को लेकर विमान इस दक्षिणी अफ्रीकी देश की राजधानी लिलोंग्वे से सोमवार सुबह 9.17 बजे रवाना हुआ था और इसे करीब 45 मिनट बाद राजधानी से 370 किलोमीटर दूर मजुजु अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरना था।

राष्ट्रपति ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रक ने खराब मौसम के कारण विमान को मजुजु हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास नहीं करने और वापस लिलोंग्वे की ओर मुड़ने के लिए कहा। इसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक का विमान से संपर्क टूट गया और विमान रडार से गायब हो गया। विमान में सात यात्री और सैन्य चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।



- सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा पर जा रहे थे उपराष्ट्रपति देश के उत्तर में पहाड़ी क्षेत्र में मिला विमान का मलबा

# नए वाद नीति दस्तावेज को विधि मंत्रालय ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

विचार-विमर्श के बाद, केंद्रीय विधि मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय मुकदमा नीति पर एक दस्तावेज को अंतिम रूप दिया, जिसका उद्देश्य लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर देना है। विधि मंत्री का कार्यभार संभालने के तुरंत बाद अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को राष्ट्रीय वाद नीति दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रीय वाद नीति दस्तावेज को मंजूरी के लिए आने वाले दिनों में केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह नीति मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है। कार्यभार संभालने के बाद मेघवाल ने कहा कि मंत्रालय की प्रमुख प्राथमिकता सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों, निचली अदालतों, न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता अदालतों में लंबित मामलों में तेजी से न्याय दिलाना होगी। वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि दस्तावेज में लंबित मामलों से संबंधित मंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों को शामिल किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि यह पहली फाइल थी जिस पर वह हस्ताक्षर करना चाहते थे। राष्ट्रीय वाद नीति का मसौदा कई वर्षों से तैयार किया जा रहा है तथा विभिन्न सरकारों द्वारा इसकी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

- केंद्रीय विधि मंत्रालय ने राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज को अंतिम रूप दिया

## बॉलीवुड हलचल

### बचपन से अभिनेत्री बनना चाहती थी सिंपल कौल

**मुंबई।** अभिनेत्री सिंपल कौल का कहना है कि उनके अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए वह अभिनेत्री हीं बनना चाहती थी। कुसुम, तीन बहुरानियां, सास बिना ससुराल, तारक मेहता का उल्टा चश्मा और जिद्दी दिल माने ना जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री सिंपल कौल बचपन के दिनों से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखा करती थी। उन्होंने कहा, मेरे अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए शुरू से ही मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं। जब मुझे अभिनय के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, तब भी मैं शीशे के सामने अभिनय करती थी और ऐसे अभिनय करती थी जैसे मैं कोई सेलिब्रिटी हूं। मैंने अपने सपनों को तब साकार किया जब अभिव्यक्ति की अवधारणा के बारे में व्यापक रूप से बात नहीं की गई थी। मैं सिर्फ़ एक ही चीज़ जानती थी कि अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित रखना है और उन्हें जीना है : मशहूर होना, कैमरे के सामने अभिनय करना और अलग-अलग किरदार निभाना। उन्होंने कहा, यदि मैं अभिनय या प्रदर्शन नहीं कर सकती थी, तो जीने का कोई कारण नहीं था। समय के साथ मेरा जुनून और मजबूत होता गया।

### फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान

**मुंबई।** अभिनेत्री सारा खान अपनी नवीनतम फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं। सार ने फिल्म गिल्ट 3 में कृति का किरदार निभाया है और उनका दावा है कि वह अपने किरदारों को जीती हैं। उन्होंने कहा, बेशक, अपने प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी बातें सुनना अच्छा लगता है। हर फिल्म या शो एक अभिनेता के लिए खास होता है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। अब तक, मैंने अच्छी बातें सुनी हैं और मुझे खुशी है कि लोगों को यह पसंद आया। जहां तक मेरे किरदार की बात है, वह चुलबुली, सकारात्मक, युवा और कुछ और थी, जो मेरे लिए बहुत ताज़ा थी। मैंने बस कृति को जिया, क्योंकि मैं हमेशा किरदार को जीने, सोचने और किसी भी स्थिति पर प्रतिक्रिया की कोशिश करती हूं। मुझे लगता है कि मनोरंजन केवल मनोरंजन के रूप में देखने से कहीं अधिक एक व्यवसाय है।



### अपने करियर की यात्रा से खुश हैं झुम्मा मित्रा

**मुंबई।** प्रतीक शर्मा और पार्थ शाह के स्टूडियो एलएसडी के प्यार का पहला अध्याय : शिव शक्ति में पद्मा का किरदार निभाने वाली झुम्मा मित्रा अपने करियर की यात्रा से खुश हैं। उन्होंने कहा, मेरा करियर लंबा और फलदायी रहा है, यह रातों-रात मिली सफलता नहीं है, बल्कि धीमी, स्थिर और क्रमिक प्रगति है। मैं यह सोचना चाहती हूं कि आज मैं अपने सहकर्मियों और कास्टिंग बिरादरी द्वारा अच्छी कलाकार के रूप में जानी जाती हूं, और मुझे लगता है कि यह एक उपलब्धि है। मित्रा का मानना है कि महत्वाकांक्षा, प्रेरणा, धैर्य और अनुशासन महत्वपूर्ण हैं, खासकर अभिनय जैसे अस्थिर और असुरक्षित पेशे में और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि इन कुछ कारकों के साथ, कोई व्यक्ति न करियर में, बल्कि जीवन में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है।

ब्रह्माड के रहस्य | 600 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है यह तारा


# आकाशगंगा मिल्की वे को पार कर जाएगा एक तारा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पहली बार एक ऐसे तारे का पता चला है, जो हमारी आकाशगंगा मिल्की वे को पार कर जाएगा। यह तारा 600 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। खगोल वैज्ञानिक इस तारे पर नजर बनाए हुए हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस तारे का नाम सीडब्ल्यूआईएसई जे 124909 है। इसकी अत्यधिक रफ्तार देख वैज्ञानिक हैरान हैं। इसकी तुलना सूर्य की गति से करें तो हमारा सूर्य 220 किमी प्रति सेकंड की चाल से आगे बढ़ता है और एक निश्चित कक्षा में रहता है। साथ ही मिल्की वे आकाशगंगा के चारों ओर परिक्रमा करता है। इसका पता प्लैनेट 9 की खोज के दौरान चला। यह दुर्लभ हाइपर वेलोसिटी एल सबड्वार्फ तारा है। अपने द्रव्यमान के कारण इसकी गति बेहद अधिक है। जिस कारण वह आकाशगंगा को पूरी तरह से छोड़ देगा। प्रो एडम बर्गेसर के नेतृत्व में यह खोज की गई है। विस्कॉन्सिन, अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी (एएएस) की 244वीं राष्ट्रीय बैठक के दौरान संवाददाता सम्मेलन में इसका खुलासा किया गया है।

वैज्ञानिको का कहना है कि इसकी तेज गति आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण से बचने के लिए पर्याप्त है। इसकी गति मापने के लिए हवाई स्थित मौना केआ में केक वेधशाला की दूरबीन का सहारा लिया गया। दूरबीन से प्राप्त आंकड़ों से पता चला कि यह एक दुर्लभ एल सबड्वार्फ तारा है। सबड्वार्फ आकाशगंगा के सबसे पुराने सितारों का प्रतिनिधित्व करते हैं।



तेज गति वाला तारा।

### इसके प्रभाव की जानकारी जुटाई जाएगी

**नैनीताल :** ब्रह्मांड के रहस्यों का तेजी से खुलासा हो रहा है। यह एक अनूठी खोज है, जो किसी तारे के आकाशगंगा से बाहर जाने के बाद प्रभाव की नई जानकारी देगी। वैज्ञानिको का कहना है कि कुशल तकनीक के चलते नित नई जानकारियां सामने आ रही हैं। पिछले एक दशक के दौरान सैंकड़ों नई खोजें हुई हैं। जिसने खगोल विज्ञान को नई दिशा दी है।